संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 15 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 164 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

# यूक्रेन-रूस विवाद का समाधान वार्ता से संभव: मोदी

● जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर, प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और यूक्रेन के राष्ट्रपति से की वार्ता

**द्विपक्षीय वार्ता**

▶▶ राष्ट्रपति मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ता है कि हम भारत-फ्रांस के मजबूत संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है।

हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत-यूक्रेन साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की।

नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

## यूक्रेन के साथ रिश्ते मजबूत करेंगे: मोदी

**भारत** ने वैश्विक हालात में हो रहे बदलाव को देखते हुए अपनी कूटनीति में भी बदलाव के संकेत दिए हैं। पीएम मोदी की शुक्रवार को जब अपुलिया में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा, 'भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने को बेहद इच्छुक हैं।' यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध और चीन के साथ रूस की बढ़ रही दोस्ती के मद्देनजर भारतीय पीएम की यह बात बहुत ही मायने रखती है। रूस भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार देश है। अभी भी भारत रूस से काफी रक्षा उपकरण खरीदता है।

## वैश्विक शक्तियों के साथ भारत के रिश्ते होंगे मजबूत

**जी** 7 शिखर सम्मेलन के दौरान आउटरीच बैठक में हिस्सा लाने इटली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुनिया के कुछ दिग्गज नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक की। देर शाम तक पीएम मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम रिषी सुनक के अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत हुई है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह भारतीय पीएम की पहली विदेश यात्रा है। मोदी से मिलने वाले हर राष्ट्र प्रमुख ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

इटली के शहर अपुलिया में हुई इस मुलाकात से वैश्विक शक्तियों के साथ भारत के रिश्तों की निरंतरता को बनाये रखने और रणनीतिक रिश्तों को मजबूत बनाने के संकेत मिले हैं।

## ट्राई देने जा रहा है ग्राहकों को झटका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आने वाले समय में मोबाइल और लैंडलाइन नंबर का इस्तेमाल करना महंगा हो सकता है। इसका कारण यह है कि टेलीकाम रेगुलेटर ट्राई ने मौजूदा और नए आवंटित नंबरों का विवेकपूर्ण और कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव पेश किया है। ऐसा होने पर कंपनियां इस शुल्क का बोझ ग्राहकों पर डाल सकती हैं। ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सभी हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी है। ट्राई ने अपने हालिया परामर्श पत्र 'राष्ट्रीय नंबरिंग योजना का संशोधन' में कहा है कि नंबर एक बेहद मूल्यवान सार्वजनिक संसाधन है और इनकी संख्या असीमित नहीं है। अभी तक मोबाइल और लैंडलाइन सेवाओं के लिए नंबर कंपनियों को निशुल्क आवंटित किए जाते हैं।

ट्राई ने यह भी संकेत दिया है कि वह उन कंपनियों पर वित्तीय जुमार्ना लगाने पर विचार करेगा जो आवंटित नंबरों को एक निर्धारित समयसीमा से अधिक समय तक उपयोग में नहीं लाते हैं। नंबर देने का स्वामित्व सरकार के ही पास है।

## कश्मीर में लगातार आतंकी हमलों के बाद एक्शन में शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की सुरक्षा स्थित की समीक्षा की। रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हमले सहित कई आतंकी हमलों के बारे में चर्चा की।

**शाह ने 16 जून को बुलाई बैठक:** शाह ने 16 जून को एक हाई-लेवल की बैठक भी बुलाई। इस मीटिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारी और अन्य शामिल होंगे।

**चार स्थानों पर हुआ आतंकी हमला:** जानकारी के मुताबिक गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति और आतंकी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी गई। पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों ने हमला किया। इन हमलों में नौ तीर्थयात्रियों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई और सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए।

**समीक्षा**

▶▶ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की सुरक्षा स्थित की समीक्षा की

## देश का निर्यात मई में 9 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। इससे पिछले महीने अप्रैल, 2024 में निर्यात एक फीसदी बढ़कर 35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

## कुवैत से केरल लाए गए 45 भारतीयों के शव



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोच्चि:** कुवैत अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर भारत लाए गए हैं। शवों को विशेष विमान से कोच्चि एयरपोर्ट लाया गया, जहां पहले से एंबुलेंस तैनात थी। पार्थिव शरीर कोच्चि हवाई अड्डे पर पहुंचने पर एनार्कुलम रेंज के डीआईजी पुट्टा विमलादित्य ने कहा कि हमने शवों को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही कर ली थी।

**केरल और तमिलनाडु से हैं ज्यादातर मृतक:** डीआईजी ने कहा कि हमने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ समन्वय किया है। शव प्राप्त होने के बाद उन्हें उचित तरीके से संबंधित स्थानों पर ले जाया जाएगा। 23 शव केरल के हैं, 7 तमिलनाडु के और 1 कर्नाटक का है। प्रत्येक शव के लिए एक समर्पित वाहन उपलब्ध कराया गया है। केरल के राजस्व मंत्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां कुवैत में आग की घटना में 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर को लेकर भारतीय वायुसेना का विशेष विमान पहुंचा।

**दुखद**

▶▶ शवों को विशेष विमान से कोच्चि एयरपोर्ट लाया गया, जहां पहले से एंबुलेंस तैनात थी



जी -7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ल्ड लीडर्स के साथ।

## नीट पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने इस याचिका को नीट से जुड़ी दूसरी याचिकाओं के साथ टैग करते हुए मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को करने का आदेश दिया। सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये मामला 24 लाख छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। यह याचिका नीट परीक्षा में शामिल कुछ छात्रों ने दायर की है। याचिका में इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया गया कि ओडिशा, कर्नाटक और झारखंड के कुछ छात्रों का परीक्षा केंद्र गोधरा के पंचमहाल स्थित परीक्षा केंद्र पर पड़ा। इस परीक्षा केंद्र से नीट क्लियर करने के लिए छात्रों से दस-दस लाख रुपये लिए गए। इस मामले में गुजरात पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। नीट परीक्षा में धांधली के मामले में पटना में भी एफआईआर दर्ज की गई है।

याचिका में कुछ खबरों का भी जिक्र किया गया है कि इस पेपर लीक रैकेट का सरगना उत्तर प्रदेश का है, जिसने 60 करोड़ रुपये में नीट के प्रश्नपत्र हासिल किए थे। याचिका में नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क्स देने के तौर-तरीकों पर भी सवाल उठाए गए हैं।

**नोटिस जारी**

▶▶ नीट से जुड़ी दूसरी याचिकाओं के साथ टैग करते हुए मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को करने का आदेश दिया

## कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा को बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए पोक्सो मामले में उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसी के साथ मामले को लेकर सीआईडी द्वारा उनकी गिरफ्तार पर भी रोक लग गई है। कोर्ट ने अब येदियुरप्पा को 17 जून को मामले की जांच कर रही सीआईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को उनके खिलाफ 14 मार्च को दर्ज पोस्को अधिनियम के तहत मामले को लेकर गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीआईडी की विशेष जांच टीम ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट का रुख किया था, क्योंकि वह बुधवार को पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए थे।

## थोक महंगाई दर मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई में लगातार तीसरे महीने इजाफा हुआ है। थोक महंगाई दर मई में सालाना आधार पर उछलकर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 1.26 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर मई महीने में 2.61 फीसदी रही है। पिछले साल मई में थोक महंगाई दर -3.61 फीसदी रही थी। अप्रैल में यह 1.26 फीसदी रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। हालांकि, इससे पिछले महीने मार्च में यह 0.53 फीसदी थी, जबकि फरवरी में थोक महंगाई दर 0.20 फीसदी थी। मंत्रालय ने मई में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के निर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि बताया है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में 9.82 फीसदी बढ़ी।

**चौतरफा महंगाई**

▶▶ कीमतों में वृद्धि की वजह से थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर मई महीने में 2.61 फीसदी रही

**महंगाई की मार** अगले महीने से इन तीन दालों का आयात भी बढ़ेगा और इससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी

## जुलाई में अरहर, चना और उड़द दाल की कीमतों में आ सकती है नरमी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बेहतर मानसून की उम्मीद और आयात बढ़ने से तुअर (अरहर), चना और उड़द दाल की कीमतों में जुलाई महीने से नरमी आने की संभावना है। यह बात केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि अगले महीने से इन तीन दालों का आयात भी बढ़ेगा और इससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**मूंग और मसूर दाल की कीमतें संतोषजनक स्थिति में:** खरे ने कहा, 'तुअर (अरहर), चना और उड़द दाल के दाम पिछले छह महीनों में स्थिर लेकिन उच्च स्तर पर रहे हैं। मूंग और मसूर दाल में कीमतों की स्थिति संतोषजनक है। 13 जून को चना दाल का औसत खुदरा मूल्य 87.74 रुपये प्रति किलोग्राम, तुअर (अरहर) 160.75 रुपये प्रति किलोग्राम, उड़द 126.67 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग 118.9 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर 94.34 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों का विभाग 550 प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों से खुदरा मूल्य एकत्र करता है। खरे ने कहा, "जुलाई के बाद से अरहर, उड़द और चना की कीमतों में नरमी आने की संभावना है।" सचिव ने कहा कि मौसम विभाग ने सामान्य मानसूनी बारिश का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा, 'हम अच्छे मानसून की उम्मीद कर रहे हैं, जिसमें औसत से अधिक बारिश होगी। हमें उम्मीद है कि दलहन के रकबे में इस साल काफी सुधार होगा। किसान उच्च बाजार कीमतों को देखते हुए अधिक क्षेत्रफल में इसकी खेती करेंगे। बाजार की धारणा में भी सुधार होगा।' उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।

**सरकार कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करेगी:** खरे ने कहा कि सरकार उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी।

**राहत की उम्मीद**

▶▶ तुअर (अरहर), चना और उड़द दाल के दाम पिछले छह महीनों में स्थिर लेकिन उच्च स्तर पर रहे हैं

## एक्शन मोड में मंत्री शिवराज सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहम मीटिंग की है। इस बैठक में कृषि मंत्री शिवराज ने 100 दिनों की कृषि कार्य-योजना के संबंध में प्लान तैयार किया है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाले कृषि मंत्रालय का लक्ष्य 2027-28 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। इसके साथ ही खाद्य तेल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू करना है। ये दो ऐसी चीजें हैं जिनका भारत अभी भी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए आयात करता है।

**100 दिन के प्रस्तावों पर की समीक्षा:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों कृषि राज्य मंत्रियों रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी के साथ प्रमुख अधिकारियों की एक बैठक की। इसमें अगले 100 दिनों के प्रस्तावों की समीक्षा की गई। मंत्रालयों के अफसरों ने कई योजनाओं की स्थिति, आगामी खरीफ या गर्मियों में बोई जाने वाली फसल की तैयारियों, उर्वरकों और बीजों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, दालों और तिलहनों के उत्पादन को बढ़ावा देने की तैयार योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

# ट्रक चोरी के मामलों को लेकर एसपी दरबार पहुंचे जिला के ट्रांसपोर्टर

**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला ऊना में चोरी हुए तीन ट्रकों के मामलों को लेकर जिला भर के सभी ट्रांसपोर्टर शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन पत्र सौंप कर उन्होंने इन मामलों पर लगाम कसने के साथ चोरी किए गए ट्रकों को खोजने की मांग उठाई। हालांकि जिला में चोरी किए गए तीन में से दो ट्रकों को पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की है, वही ट्रांसपोर्टर इस तरह की वारदातों को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं जिसके चलते उन्होंने लापता चल रहे तीसरे ट्रक को भी खोजने के साथ-साथ सामाजिक तत्वों पर लगाम कसने को लेकर पुलिस को ज्ञापन पत्र सौंपा है। ट्रक आपरेटर यूनियन के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार गोगी और ईसपुर ट्रक यूनियन के अध्यक्ष पंकज दत्ता का कहना है कि इस तरह से गाडि ?ीं की चोरी ट्रांसपोर्टर की व्यापारिक हत्या है। इन्हीं ट्रकों के दम पर उनका परिवार पलता है और यदि यह गाडि ?ीं चोरी हो जाएगी, तो उनके लिए दोहरी मुसीबत खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांतिप्रिय प्रदेश है। ऐसी घटना होने पर प्रदेश में एक तो व्यापारिक माहौल खराब होता है। उन्होंने बताया कि गाड़ी भी उनके परिवार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जल्द से जल्द ऐसी घटनाओं पर लगाम कसे। ताकि ट्रांसपोर्ट जगत बेखौफ तरीके से अपने कारोबार को चला सके। इस अवसर पर ऊना ट्रक यूनियन प्रधान हरप्रीत ढिल्लू, अविनाश मनन, मंगल सिंह, सुच्चा सिंह, पन्ना सिंह, मदन लाल, मनोज जसवाल, रविंद्र कुमार फौजी, राजेश, रजनीश शर्मा, पवन कुमार, रिक्की, कुशल सहित अन्य उपस्थित रहे।



**दो गाडि ?ीं को खोज निकाला, तीसरे की तलाश जारी**

जिला पुलिस कप्तान राकेश सिंह का कहना है कि पुलिस ने ट्रक चोरी की वारदातों में सफलता हासिल करते हुए दो गाडि ?ीं को खोज निकाला है जबकि तीसरी गाड़ी भी जल्द ढूंढ निकाली जाएगी। उन्होंने ट्रक चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए ट्रांसपोर्टर से भी समुचित कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चोरों को पकड? के लिए ट्रकों में लगे जीपीएस के साथ अतिरिक्त उपकरणों को भी रखा जाए ताकि जीपीएस को उखाड़ फेंकने के बावजूद पुलिस अपराधियों के गिरेबान तक आसानी से पहुंच सके।

# गर्मियों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे मिठाई और कोल्ड ड्रिंक के 48 सैंपल

**मनीष**

**सोलन:** गर्मियों के सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग भी अलर्ट चुका है क्योंकि गर्मियों के सीजन में खाद्य वस्तुएं जल्दी खराब हो जाती है। इसी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिला भर से खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे हैं जिनमें विभाग द्वारा कुल 48 सैंपल भरे गए हैं इनमें 31 लीगल और 17 सर्विस सैंपल भरे गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग सोलन के सहायक आयुक्त डॉ अरुण चौहान ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विभाग ने फूड आइटम्स जिनमें मसालेए मिठाई और कोल्ड ड्रिंक शामिल है इसके कुल 48 सैंपल भरे हैं जिनमें से कुछ की रिपोर्ट आई है जो की सही पाए गए हैं वही अभी कुछ की रिपोर्ट आना बाकी है। उन्होंने बताया कि यह सैंपल विभाग ने बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, कसौली, चायल और धर्मपुर क्षेत्र में भरे हैं। इसी के साथ मोबाइल वैन के माध्यम से भी फूड सेफ्टी विभाग लोगों को लगातार जागरुक कर रहा है और शिकायत मिलने पर सैंपल भी भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां से भी सैंपल विभाग द्वारा भरे गए हैं उन्हें 30 दिन का समय दिया गया है और नोटिस का जवाब मांगा गया है उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई विभाग द्वारा जारी रहने वाली है।



# लोहारा में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल अंब के तहत लोहरा में 65 वर्षीय वृद्ध का शव गांव में ही संदिग्ध हालत में मिला है। शव बुरी तरह से गल सड़ चुका था। मृतक की पहचान कुलवंत सिंह पुत्र भूरी सिंह निवासी गांव लोहारा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कुलवंत सिंह दिमागी तौर पर परेशान था, जो कि पिछले कुछ दिनों से घर से गायब भी था। पुलिस ने शव का टांडा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार देर शाम को लोहारा शिव मंदिर के पास बांस के झुंड के साथ कुलवंत सिंह का शव सड़ी गली हालत में स्थानीय लोगों ने देखी। सूचना मिलने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई शिव देव सिंह ने बताया कि बीती 9 जून को कुलवंत सिंह गांव की ओर गया था, लेकिन वापिस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी कोई पता न चलने पर 13 जून को अंब थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। अंब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामले को लेकर जांच कर रही है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# प्रदेश विश्वविद्यालय में तोशीम कार्यक्रम का

**चमन शर्मा**

**शिमला :** किन्नौर छात्र कल्याण संघ कस्बा परिवार की ओर से शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आज तोशीम कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरीश जनार्था विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि तोशीम कार्यक्रम किन्नौर वासियों का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो पिछले 23 वर्षों से विश्वविद्यालय में लगातार किन्नौर छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने संघ के समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रदेश एवं समाज को जोड? के साथ-साथ हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में जनजातीय क्षेत्रों से लगभग 800 से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे है जिनमें से अधिकतर छात्र-छात्राएं मेरिट में आकर उच्च पदों पर आसीन होकर किन्नौर जिला व जनजातीय क्षेत्रों का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि संविधान में हमें अधिकार दिए गए हैं लेकिन कुछ ताकतें हमारे अधिकारों को छीनने के लिए संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास करना चाहते है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि ऐसी ताकतों से लड? के लिए हम सभी को एकत्रित होकर मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को नौतोड़ जमीन मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बागवानी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए है और आने वाले सेब सीजन के मद्देनजर और कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### 15 जून से 15 अगस्त तक रहेगा मछली पकडने पर प्रतिबंध

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल बंगाणा के तहत गोविंद सागर झील के लोगों को अब 60 दिनों के लिए मछली का स्वाद लेने के लिए रुकना पड़ेगा। मछली के शौकीनों को अब दो माह के लिए अपनी पसंदीदा ताजा मछली का स्वाद लेने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। 15 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंध रहेगा। इसका मुख्य कारण है मत्स्य प्रजनन का समय है। इस दौरान मछली पकड? पर रोक लगाई जाती है। यह प्रतिबंध मछलियों के संरक्षण और उनके प्रजनन के लिए आवश्यक है, ताकि मछली की जनसंख्या संतुलित रहे और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे प्रजनन काल में मछलियां अधिक संख्या में अंडे देती हैं, जो भविष्य में मछलियों की आबादी बढ़ाने में सहायक होते हैं। इस दौरान मछलियों को पकड़ा जाना, उनके प्रजनन चक्र को बाधित कर सकता है, जिससे उनकी आबादी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए सरकार और मत्स्य विभाग द्वारा इस समय को क्लोज्ड सीज? घोषित किया जाता है, जिसमें मछली पकड? पर पूर्ण प्रतिबंध होता है। मत्स्य अधिकारी बंगाणा सुरेंद्र ने बताया कि 60 दिनों के लिए गोबिंद सागर झील में मत्स्य पर प्रतिबंध होगा। अगर कोई मछली पकड़ता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### थानाकलां में 72 ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**राजन पुरी**

**ऊना:** हिमाचल हेल्पिंग हेंड्स संस्था द्वारा शुकवार को विश्व रक्तदान दिवस पर थानाकलां अस्पताल में छठा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन संस्था के संस्थापक नीरज ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष सुमित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुबह से दोपहर बाद तक चले शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान देकर पुण्य कमाया। संस्था के संस्थापक नीरज ठाकुर ने कहा कि लोगों को रक्तदान कर मानवता के हित में काम करना चाहिए। नीरज ने बताया कि उनकी संस्था कई सालों से जरूरतमंदो को रक्त देने के लिए कार्य कर रही है। इसके अलावा समाजसेवा के कार्य भी अग्राणी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है। इसमें हर किसी को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर अंकित कौशल, दिनेश शर्मा, नवीन कौंडल, अनिल कौशल, अनमोल शर्मा, रोहित धीमान, मोहित शर्मा, अरूण विजय ठाकुर, गोपाल चंद, वांटी सिंह, विशाल राणा, कृष्ण कुमार, कुष बरमौता, अर्नव बैंस, रोहित ठाकुर, नितिन शर्मा, शुभम शर्मा, रेषम और अक्षय ठाकुर मौजूद रहे।



### 15 जून को विद्युत कट

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-3, होशियार सिंह ने सूचित किया है कि 11 केण्वी उच्च ताप विद्युत लाइन की जरूरी मरम्मत तथा रख रखाव के कारण 11 केवी भ्यूली के अर्न्तगत आने वाले कुछ क्षेत्र अप्पर तथा लोअर भ्यूली, आईजी आफि स, पोस्ट आफि स, पुरानी मंडी, फ ॉरेस्ट ऑफि स तथा जागृति अस्पताल पुरानी मंडी तथा आस-पास के क्षेत्रों में 15 जून को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की

# 85 स्थलों पर मेगा मॉकड्रिल का आयोजन




**चमन शर्मा**

**शिमला:** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आज प्रदेश के सभी जिलों में 85 स्थलों पर मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य सचिवालय शिमला में इसके लिए कमांड सेंटर स्थापित किया गया था। कमांड सेंटर में विभिन्न जिलों में की जा गई मॉकड्रिल की निगरानी की गई। इस दौरान कमांड सेंटर शिमला में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने उपायुक्तों से वर्चुअल माधम से बातचीत की और धरातल पर किए जा रहे अभ्यास के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संचार स्थापित करने और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय को न्यूनतम किया जाए ताकि जान.माल का जोखिम कम से कम हो। जगत सिंह नेगी ने कहा कि आपदा के दौरान यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कम से कम समय में बिजली, पानी, चिकित्सा सुविधा लोगों तक पहुंचे। उन्होंने मनाली, कुल्लू, मंडी और लाहौल जैसे आपदा संभावित क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति में सैटेलाइट फोन के माध्यम से संचार स्थापित करने पर भी बल दिया। बागवानी मंत्री ने कहा कि रेडियो आधारित संचार आपात स्थित में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान संयुक्त सचेतक प्रणाली सीएपी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस प्रणाली से आपदा से पूर्व ही लोगों को मोबाइल पर संदेश भेजकर दूसरी जगह स्थानांरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में कई जगहों पर वेदर स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे जिससे आपदा का जोखिम कम करने में सहायता मिलेगी। जगत सिंह नेगी ने हिमस्खलन से संभावित खतरे को लेकर सेंसर तकनीक का इस्तेमाल करने पर भी बल दिया।

**प्रबंधन**

**कमांड सेंटर शिमला में राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे**

# डेरा बाबा गोविंद दास में सजा कीर्तन दरबार

**राजन पुरी**

**ऊना:** ग्राम पंचायत खानपुर के डेरा बाबा गोविंद दास में शुक्रवार को सालाना भंडारा बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सुबह गुरु ग्रंथ साहिब पाठ के भोग डाले गए। इसके पश्चात निशान साहिब की रस्म अदा की गई। वहीं कीर्तन दरबार भी सजाया गया। । इस धार्मिक समागम में पंजाब व हिमाचल प्रदेश के संत महापुरुष संत बाबा चरणजीत सिंह, संत बाबा राम किशन, संत कमलजीत सिंह, संत बाबा राम किशन, संत बाबा गुरदियाल, संत बड़भागी, संत राम किशन, संत जमुना बीबी, चमन सिंह, सेवा सिंह, सुनील कुमार, हरीश कुमार, संत महिंदर लाल, भाई परमजीत पम्मा, ओंकार सिंह, मास्टर बलदेव सिंह, मनोहर लाल शर्मा, बाबा राम स्वरूप, संत राम, गोल्डी, जसविंदर सिंह व अन्य संत महापुरुष पहुंचे।

# रॉकफोर्ड स्कूल में कविता गायन प्रतियोगिता आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना:** रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ऊना में शुक्रवार को कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन नर्सरी से यूकेजी कक्षा तक के बच्चों की प्रतिभा परखने के लिए किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य शगुन सिक्का ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नर्सरी कक्षा से जश्मन, नर्सरी बी से अनाहिता, नर्सरी सी से अयान परमार, एलकेजी ए से जैसमीन, एलकेजी बी से ऋषभ, एलकेजी सी से अर्निश, यूकेजी ए से सार्थक, यूकेजी बी से सानवी एवं यूकेजी सी से अर्जुन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को ईनाम भी वितरित किए गए। इस अवसर पर एमडी विनोद आनंद व प्रधानाचार्य शगुन सिक्का ने विजेता रहे बच्चों को आशीर्वाद और बधाई दी।



# मानव तस्करी कर रायंसरी के व्यक्ति को भेजा म्यांमार

**राजन पुरी**

**ऊना:** झूठे दस्तावेजों के आधार पर जिला ऊना के रायंसरी के एक व्यक्ति की मानव तस्करी कर म्यांमार भेज दिया गया है। पिछले कई दिनों से व्यक्ति को लूटरों ने बंधक बनाया हुआ है। ऐसे में व्यक्ति ने व्हाट्सएप्प कॉल कर मामले की जानकारी पत्नी को दी है। साथ ही जल्द इंडिया आने की फरियाद लगाई है। मामले को लेकर पत्नी ने मैहतपुर पुलिस के पास शिकायत देते हुए एजेंट पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रजनी देवी निवासी रायंसरी ने बताया कि सुमित कुमार निवासी रायपुर विदेश भेजने का काम करता है, जिसने मैहतपुर में ऑफिस बना रखा है। आरोप है कि मेरे पति आशीष को सुमित कुमार ने जर्जिया जाने के लिए बीजा लगाने की बात कही थी। मई महीने के अंत में सुमित ने जर्जिया की बीजा आने की बात कहते हुए दिल्ली जाने को कहा। पत्नी ने बताया कि सुमित कुमार ने कहा था कि दिल्ली एयरपोर्ट पर राहुल नाम का एजेंट मिलेगा, जो बीजा, पासपोर्ट तथा टिकट बगैरह दे देगा। जब पति अशीष कुमार दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा, तो एजेंट राहुल ने मेरे पति को थाईलैंड का एयर टिकट पासपोर्ट सहित दे दिया तथा बताया कि एक दिन कि स्टे के बाद आपको जर्जिया भेज दिया जायेगा, लेकिन थाईलैंड भेजकर एजेंट राहुल ने मेरे पति को म्यांमार में लुटेरों के पास भेज दिया। रजनी देवी का कहना है कि पति ने व्हाट्सएप्प पर कॉल करके बताया कि मुझे सुमित व राहुल ने धोखे से म्यांमार में लुटेरो के पास मानव तरस्कारी के तहत झूठे दस्तावेजों के आधार पर भेज दिया है।

रजनी देवी का कहना है कि पति समेत अन्य कई लडके बंधक है। यह एजंट एक श्रृंखला बनाकर काम कर रहे है। महिला ने पति आशीष कुमार को सही सलामत इडि ?ा वापिस बुलायाने व आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने महिला की शिकायत दोनों एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**परिजनों ने रोष स्वरूप मैहतपुर में दिया था धरना**

म्यांमार में बंधक बने आशीष को लेकर परिवार चिंतित है। इसको लेकर शुक्रवार देर शाम को परिजनों ने रोष स्वरूप मैहतपुर स्थित एजेंट के ऑफिस सामने धरना दिया और चंडीगढ़-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर बैठ गए थे।

उधर, आशीष द्वारा पत्नी को भेजे विडिया संदेश में कहा है कि अगर 20 जून तक उसे इंडिया वापिस नहीं लाया गया, तो फंदा लगाकर आत्महत्या कर लूगां। इसके लिए आशीष ने एजेंटों को जिम्मेवार ठहराया है।

**जांच की मांग**

**झूठे दस्तावेजों के आधार पर जिला ऊना के रायंसरी के एक व्यक्ति की मानव तस्करी कर म्यांमार भेज दिया**

# पिपलू में शराब का ठेका खोलने के विरोध में उत्तरे ग्रामीण

**राजन पुरी**

**ऊना:** उप मंडल बंगाणा के पिपलू में पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण शराब का ठेका खोलने के विरोध में उतर गए हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों ने पिपलू में चक्का जाम करके प्रशासन व प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि जब तक ठेका खोलने के आदेश वापस नहीं लिए जाते, तब तक लोग विरोध में सडक किनारे बैठे रहेंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने नियमों को दरकिनार करते हुए स्कूल के 100 मीटर के दायरे के अंदर शराब का ठेका खोलने की अनुमति कैसे प्रदान कर दी। जबकि दूसरी तरफ ठेका खोलने वाले स्थान से 50 मीटर की दूरी पर डाकघर, 50 मीटर की दूरी पर पटवारखाना, 50 मीटर की दूरी पर मंदिर स्थित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे पहले भी एक दो बार इसी स्थल पर ठेका खोलने के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन ग्रामीणों द्वारा तोडफोड़ करने व विरोध जताने पर प्रशासन व सरकार ने ठेका खोलने के निर्णय को वापस ले लिया था। अब कुछ ही समय बात इस स्थान पर फिर ठेका खोलने के आदेश दोबारा जारी कर दिए गए। लोगों ने प्रशासन व सरकार को दो टूक कहा है कि एक ओर प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ पंचायत से लेकर स्कूलों तक गांव-गांव तक नशा मुक्ति अभियान चलाए जा रहे हैं, जबकि दूसरी ओर नियमों को दरकिनार करके नशे की दुकानें में खोली जा रही है। इस संबंध में पंचायत के बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया, उपप्रधान नवनीत व पूर्व प्रधान विपिन कुमार ने बताया कि पिपलू में ठेका खोलने के आदेश को प्रशासन वापस लें। अन्यथा ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उधर, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार ने बताया कि पीपलू में ठेके को लेकर ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे। इसकी जानकारी मिली है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि गांव में ठेका नहीं खुलेगा।



**रोष**

**ग्रामीणों ने पिपलू में चक्का जाम करके प्रशासन व प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया।**

# नोगली में खण्ड स्तरीय मेगा मॉकड्रिल का आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नोगली के समीप खण्ड स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उदेश्य ग्लेशियर, बाढ़, भूस्खलन, आगजनी जैसे प्राकृतिक आपदा के समय जानमाल की सुरक्षा करने के लिए सम्बन्धित विभाग के कर्मचारियों को सक्षम बनाना है । इस मेगा मॉक एक्सरसाइज में एनडीआरएफ , सीआईएसएफ आईटीबीपी, अग्निशमन, स्वास्थ्य, हिमाचल पुलिस आदि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया स तलुज में आई अचानक बाढ के कारण नोगली पाठशाला के भवन में फ से पांच लोगो को सुरक्षित बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार दिया गया।


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**HP.PWD Division Ghumarwin, Distt. Bilaspur(H.P)-174021**
Tel:- 01978-255281, e-mail id;- ee-ghu-hp@nic.in

**NOTICE INVITING TENDERS**

Sealed item rates tenders on PWD form 6 & 7/8 are hereby invited by the Executive Engineer H.P.P.W.D. Division Ghumarwin on behalf of Governor of Himachal Pradesh from the eligible contractors/firms of appropriate class for the following works as per detail given below. The important/key dates of tenders are as under:-

Date of receipt of application for the tenders = 20/06/2024

Date of issue/sale of tender forms = 21/06/2024

The tender which will be received on 24/06/2024 up to 11.00 AM shall be opened on the same day at 11.30 A.M. in the presence of intending contractors or their authorized representatives who may like to be present. The tender form can be had from this office against cash payment as shown below (Non-refundable) during the working hours on 21/06/2024. The earnest money in shape of NSC/Deposit at call/Time deposit in any Post Office/Nationalized bank in H.P. duly pledged in favour of undersigned must accompany with each application. The conditional tenders and tenders received without earnest money will be rejected. The tenders will be kept open for 45 days.The undersigned reserved the right to accept or reject the tenders without assigning any reason.

| Sr. No | Name of work | Estimated cost | Earnest Money | Cost of Tender form | Time Period. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o Kot Jahu via Tagyar road Km. 0/0 to 2/180(SH;-P/L C.C at R.D 1/876 to 1/982 (Kot side portion) and 2/042 to 2/052 ( Jahu Side portion) | 498725/- | 10000/- | 350/- | Two months |
| 2 | C/o Link road House of Sh. Nand Lal Freedom Fighter Village Ghumani (SH;- C/o R/Wall at R.D. 0/07 to 0/12.25) | 499599/- | 10000/- | 350/- | Two months. |

TERMS AND CONDITIONS;-
1. The undersigned reserves the right to accept or reject the tenders without assigning any reasons.
2. The Tender forms will not be issued to those contractors, whose performance is not found satisfactory.
3. The GST,EPF,EMD, Cost of tender forms and copy of enlistment should be accompanied with the application.
4. The application without documents will not be entertained.
5. Proxi application will not be entertained.
6. The contractors should have executed two similar types of works 1/3 of each amount put to tender.

Executive Engineer,
Ghumarwin Division,
H.P.P.W.D. Ghumarwin.
For & on behalf of Governor of Himachal Pradesh

**RO No. 0159/2024-2025**

# अचानक गायब हुआ हेड कांस्टेबल जसवीर, क्या विभाग पर बना रहा दबाव

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** कालाअंब थाना के हेड कांस्टेबल के गायब होने के मामले ने अब दूसरा मोड भी ले लिया है। मामले में पीड़ित पक्ष गांव नागल सुकेती निवासी अनीश पुत्र राजेश की पिटाई का वीडियो भी वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में पीड़ित अनीश को पंजाब के करीब 6-7 लोग बुरी तरह से डंडे और लाठियों से पीट रहे हैं। मामले को लेकर पीड़ित अनीश ने एक्सक्लूसिव बयान देते हुए बताया कि यह प्रकरण देवनी विक्रम बाग रोड का है। उसने बताया कि यह बड़ा संकरा रोड है जिस पर वह अपने लोड ट्रैक्टर को लेकर जा रहा था। इसी दौरान उसके पीछे पंजाब की एक स्कॉर्पियो गाड़ी पास के लिए बार-बार हॉर्न मार रही थी। पीड़ित ने बताया कि पास देने की कहीं भी जगह नहीं थी और जब जगह मिली तो उसने साइड दी। पीड़ित अनीश ने बताया कि जैसे ही उसने साइड दी उन्होंने स्कॉर्पियो को ट्रैक्टर के आगे खड़ा कर उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। यही नहीं उसको ट्रैक्टर से खींचकर नीचे उतारा और बड़ी ही बेरहमी के साथ उसको बड़े-बड़े लाठी डंडों के साथ बर्बरता से पीटा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसकी चीख पुकार सुनकर पूरे प्रकरण का वीडियो भी बनाया। बताया तो यह भी गया है कि इसी दौरान अनीश के परिजन भी वहां पहुंच गए थे। उन्होंने स्कॉर्पियो का पीछा किया। इसके बाद स्कार्पियो सवार पंजाब के बदमाशों ने उनके परिजनों के साथ भी मारपीट की। यह घटना बीते 8 जून शाम की है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष कालाअंब थाना में अपनी रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचा। मामले की जांच का जिम्मा थाना प्रमुख के द्वारा हेड कांस्टेबल जसवीर सिंह को दिया गया। जसवीर सिंह के द्वारा 8 तारीख को अंतर्गत धारा 341,323, 147, 148, 149 आईपीसी में दर्ज कर दिया। अब हैरान कर देने वाला विषय तो यह है कि हेड कांस्टेबल को पिटाई का वीडियो दिखाए जाने के बावजूद उसके द्वारा मामला बड़ी ही हल्की धाराओं में दर्ज किया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार सभी धाराएं सही है मगर एक साधारण लड़ाई भी होती है तो उसमें भी 506बी यानी जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज होता है।



**वीडियो वायरल**

▶▶ मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार सभी धाराएं सही है मगर एक साधारण लड़ाई भी होती है

# भारी बाढ़ और भूस्खलन के आधार पर मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित

**हामिद**

**चंबा:** आठवीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत उपायुक्त एवं रिस्पांसिबल अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अगुवाई में शुक्रवार को चंबा में पांच विभिन्न स्थानों पर भारी बाढ़ और भूस्खलन के आधार पर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र शिमला द्वारा प्रातः 9 बजे ट्रिगर दबाकर सूचित किया गया कि चंबा में भारी बारिश और बादल फ टने की घटनाओं से 5 विभिन्न स्थानों पर भारी बाढ़ और भूस्खलन हुआ है।

आपदा के बारे में सूचित किया गया कि परेल घार, शीतल पुल के समीप माई का बाग, पक्का टाला के समीप साल खड्डु, चेमरा पावर स्टेशन-2 के समीप होटल, रीना तथा क्याणी-राजपुरा गांव में लोग फ से हुए दर्शाए गए। उपायुक्त एवं रिस्पांसिबल अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मेगा मॉक एक्सरसाइज की निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा स्वयं स्टेजिंग एरिया पर जाकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। स्टेजिंग एरिया, रिलीफ एवं मेडिकल कैंप को पुलिस मैदान बारगाह में बनाया गया।



**एक्सरसाइज**

▶▶ चंबा में भारी बारिश और बादल फ टने की घटनाओं से 5 विभिन्न स्थानों पर भारी बाढ़ और भूस्खलन हुआ है

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृति के बाद मिलने वाले लाभ शीघ्र दिलाए सरकार: विजय कौंडल

**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृत संयुक्त सचिव विजय कुमार कौंडल ने सरकार को गुहार लगाई है कि उन्हें अभी तक सेवानिवृति के बाद के लाभ नहीं मिल पाए हैं। जिससे उन्हें काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रैस को जारी बयान में विजय कुमार कौंडल ने बताया कि वे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से बतौर संयुक्त सचिव के पद से सेवानिवृत हुए हैं। सेवानिवृति के चार साल भी उन्हें अभी तक नए वेतनमान जो जनवरी 2016 से प्रदेश में लागू हुए हो गए हैं, का बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ है। जबकि जनवरी 2022 से सभी कर्मचारियों को यह लाभ दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी महासंघ के महासचिव पद पर काम कर चुके हैं तथा सदैव सरकार का साथ दिया है। उन्होंने मांग की है कि जो बोर्ड, कापोरेशन भुगतान करने में सक्षम है तथा उनकी अपनी वितिय स्थिति ठीक है, उन्हें सरकार भुगतान करने के आदेश प्रदान करें। विजय कुमार कौंडल ने कहा कि सेवानिवृति के बाद हर कर्मचारी को पैसों की नितांत आवश्यक्ता रहती है। क्योंकि जिम्मेवारियों को निपटाने में यही राशि काम आती है। बच्चों का भविष्य, घर के खर्चे, सामाजिक दायित्व व अन्य कार्यों की पूर्ति के लिए यही एकमात्र सहारा होता है। ऐसे में यदि यह आस भी समय पर पूरी न हो तो जीवन की मेहनत का कोई लाभ नहीं रह जाता। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर त्वरित कार्यवाही की मांग की है ताकि वह अपना जीवन चिंता मुक्त, खुशी से व्यतीत कर सके।

### बैरी मियां में बारिश के लिए किया धार्मिक अनुष्ठान



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** ग्राम पंचायत बैरी मियां के अन्तर्गत गांव बैरीमियां में स्थित दुर्गा माता मन्दिर में महिला मण्डल और मन्दिर समिति के तत्वाधान में भण्डारे और लंगर का आयोजन गया। महिला मंडल प्रधान संतोष चन्देल ने बताया हर वर्ष सम्भवतया इन दिनों में पानी और वर्षा का अभाव रहता है और इसी कड़ी में अपने इष्ट देवता को प्रसन्न करने के लिए गांव वासियों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला मण्डल के सदस्यों द्वारा आपसी सहयोग से धन एकत्रित कर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। गांव के बच्चों द्वारा घर-घर जाकर वर्षा की प्रार्थना के लिए काली ईंटा नैहण स्पीड़ां, बर परमेश्वरा बर आदि के नारों द्वारा भगवान से वर्षा के लिए आह्वाहन किया गया। बाद में छोटे बच्चों के लिए छिंज का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार दिये गये। महिलाओं द्वारा सामूहिक पाठ तथा कीर्तन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान मधू चन्देल, महिला मंडल की सभी सदस्यों मन्दिर समिति के प्रधान अजीत सिंह, उपप्रधान जितेन्द्र वासु, सहित आदि उपस्थित रहे।

# शूलिनी मेले के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

**मनीष**

**सोलन:** भीषण गर्मी के बीच राज्य स्तरीय शूलिनी मेला 21 से 23 जून तक मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने भी इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली है। स्वास्थ्य विभाग ने चार सेक्टरों में अपना कार्य बांटा है जिसमें सबसे पहले क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में सभी डॉक्टरों को छुट्टी पर न जाने के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं अस्पताल में सभी दवाइयां पूरी कर ली गई है इसी के साथ ऑपरेशन और अल्ट्रासाउंड यहां पर लोगों के मेले के दौरान हो सके इसको लेकर भी तैयारी की जा चुकी है। सीएमओ सोलन डॉ राजन उप्पल ने बताया इसी के साथ ठोडो मैदान सोलन में फर्स्ट एड कैंप भी विभाग द्वारा लगाया जाएगा जहां पर हर प्रकार की सुविधा लोगों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग की तीन एंबुलेंस ठोडो ग्राउंड, रबोन और पुराने बस स्टैंड पर रखी जाएगी ताकि आपातकालीन स्थिति में इनका इस्तेमाल जल्द से जल्द किया जाए।



# बाड़ीवाला में गहराया पेयजल संकट, 6 दिनों से पेयजल न होने से लोग परेशान

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** ग्राम पंचायत कौलावला भूड़ के ग्राम बाड़ीवाला में पिछले 6 दिनों से पेयजल संकट गहराया है। स्थानीय लोग खाना बनाने व अपनी प्यास बुझाने दर दर भटकने को मजबूर है। विभाग को समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन समाधान नहीं हो पाया है जिसके बाद आज एक एक बार फि र स्थानीय ग्रामीण विभाग की एससी से मिलने पहुंचे और अपनी समस्या से उन्हें अवगत करवाया। मीडिया से रूबरू हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 6 दिनों से ही ग्राम बाड़ीवाला में पेयजल संकट बना है। स्थानीय लोगों को अपनी व अपने मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पेयजल सप्लाई न होने के चलते स्थानीय लोग खाना बनाने अपनी एवं अपने मवेशियों की प्यास पहुंचने को लेकर खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्र में कोई प्राकृतिक जल स्रोत भी नहीं है जहां से स्थानीय लोग पानी ढोकर अपनी प्यास बुझा सके तो दूसरी ओर संबंधित विभाग समस्या का समाधान नहीं कर रहा है।



**पेयजल संकट**

▶▶ पिछले 6 दिनों से पेयजल संकट गहराया है। लोग खाना बनाने व अपनी प्यास बुझाने दर दर भटकने को मजबूर है

### 17 जून को धौलरा मंदिर में होगा पैंशनर्ज स्थापना दिवस का आयोजन: राम

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड बिलासपुर तथा सदर खंड की शहरी इकाई संयुक्त रूप से आगामी 17 जून, 2024 को पेंशनर्ज स्थापना दिवस बिलासपुर शहर के धौलरा में स्थित बाबा नाहर सिंह मंदिर में हर्षोल्लास से मनाएगी। इस अवसर पर सदर खंड के 75-80 वर्ष के बीच उम्र पूरी कर चुके पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा। सदर खंड की सभी इकाइयों के प्रधान सचिवों से अनुरोध है की कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनुदान राशि भी साथ लाएं तथा अपनी इकाइयों के अंतर्गत आने वाले 75-80 बसंत देख चुके पेंशनर्स को भी कार्यक्रम में शामिल होने बारे सूचित करें।

# आयुष विभाग संचालित कर रहा नियमित योग

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** आयुष विभाग बिलासपुर द्वारा जिले के हर क्षेत्र में नियमित रूप से योगासन प्राणायाम के सत्र आयोजित किये जा रहे है। आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी, फ ार्मेसी अधिकारी व योग प्रदर्शकों की टीमे जिले के तीनों आयुर्वेदिक चिकित्सालयों बिलासपुर, कन्दरौर व बस्सी सहित जिले के सभी 68 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्रों में योगाभ्यास करवा रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुनीता धीमान के अनुसार योग दिवस की नोडल एजेन्सी आयुष विभाग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अधिकतम लोगों को योग की क्रियाओं आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहा है तथा विभाग के सभी चिकित्सा संस्थानों के साथ-साथ स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, महिला मंडल, ग्राम पंचायतों, खेल मैदानों, पार्को, कम्युनिटी केन्द्रों में योगिक गतिविधियां संचालित कर रही है।



### अंब में व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**राजन पुरी**

**ऊना:** अंब के वार्ड एक में 39 वर्षीय व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान संजीव कटवाल पुत्र कुलदीप कटवाल निवासी अंब के रूप में हुई है। अंब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार अंब के संजीव कुमार ने वीरवार देर शाम को अज्ञात कारण के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगडने पर परिजनों द्वारा व्यक्ति को अंब अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते परिजन आईवीवाई अस्पताल होशियारपुर ले गए। जहां पर उपचार के दौरान संजीव कटवाल की मौत हो गई।

# वृद्धाश्रम और आदर्श मानसिक मंदता संस्थान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** हंस फ ाउंडेशन ने आज वृद्धाश्रम और आदर्श मानसिक मंदता संस्थान में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और मानसिक मंदता से ग्रसित व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं और परामर्श प्रदान करना था। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ डाक्टर शमशेर सिंह पुजारा ने भाग लिया और उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य जांच, उपचार और परामर्श सेवाएं प्रदान की। शिविर में शामिल वरिष्ठ नागरिकों और मानसिक मंदता से ग्रसित व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना की और इसे उनके जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन के रूप में देखा।

हंस फाउंडेशन ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के उन वर्गों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है जो सामान्यतः इनसे वंचित रहते हैं। हम आशा करते हैं कि इस तरह के शिविरों से हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें और उनके स्वास्थ्य में सुधार ला सकें। इस शिविर में 70 से अधिक लोगो का स्वास्थ्य जांचा और 50 लेब टेस्ट किए।

शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, आंखों की जांच और दंत चिकित्सा जैसी विभिन्न जांचें की गईं। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े परामर्श सत्र भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर हंस फाउंडेशन के अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। जिसमे डाक्टर शमशेर सिंह पुजारा, समाजिक सुरक्षा अधिकारी पंकज लेब तकनीशियन बीरपाल, फ ार्मासिस्ट सीमा और दिनेश शामिल रहे।

**सेवाएं प्रदान की**

▶▶ पुजारा ने भाग लिया और उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य जांच, उपचार और परामर्श सेवाएं प्रदान की

# नशा माफिया के दबाव में कार्य कर रहे मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू : अमित

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधिक मामलों पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार के रवैय पर तीखा हमला बोला है और सुक्खू सरकार को इस मामले में पूरी तरह से फेल करार दिया है। प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी अमित सूद ने जारी बयान में पिछले कुछ दिनों में सिरमौर जिला पुलिस विभाग के कर्मचारी द्धारा सोशल मीडिया में डाली गई वीडियो और उसके बाद उस कर्मचारी के लापता होने पर प्रदेश सरकार को कटघड़े में खड़ा करते हुए कहा की जब जनता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली पुलिस ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता की स्थिति क्या होगी। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैंए चंबा में पुलिस कर्मचारी की थाने से कुछ दूरी पर हत्या बताती है कि कांग्रेस राज में कानून व्यवस्था का कितना दिवालिया निकल चुका है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू जिनके अधीन ही गृह मंत्रालय है माफियाओं के दबाव में काम कर रहे हैं और जिसका खामियांजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सिरमौर पुलिस के जवान का वीडियो स्पष्ट बताता है कि सरकार किस प्रकार से अपराधियों को बचाने के लिए पुलिस विभाग पर दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाले मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का वातावरण बना दिया है और प्रदेश में लगातार हत्याएंए बलात्कार और अन्य अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में हर जगह खनन और नशा माफिया बिना डर के कार्य कर रहा है और मुख्यमंत्री मौन है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है की जब सरकार से इसका जबाव मांगा जाता है जो वे इसे कानून व्यवस्था से अलग साधारण घटनाएं बताते हैं जो इस सरकार की गंभीरता को बताने के लिए काफी है।



**घेरा**

▶▶ अपराधियों को बचाने के लिए पुलिस पर दबाव बनाने का कांग्रेस सरकार का प्रयास सहन नहीं करेगी भाजपा

# दांण गांव में भूस्खलन की सूचना मिलने पर प्रशासन तुरंत राहत कार्यों में जुटा

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहर:** मानसून सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उपमंडल गोहर के गांव दाण में भूस्खलन पर मॉक ड्रिल का किया गया। स्थानीय प्रशासन को सुबह 9: 30 बजे गांव दाण एक घर भूस्खलन से दबने तथा सडकों के ब्लॉकेज की सूचना मिलने पर प्रशासन ने तेजी से अपना राहत कार्य करना शुरू किया। सूचना में पाया गया कि गांव दाण तक जाने सडक अवरुद्ध होने के कारण वहां पीडब्ल्यूडी की जेसीबी को रोड खोलने के लिए तुरंत भेजा गया तथा वाहनों की आवाजाही गोहर से स्यांज, स्यांज से कोटला खनूला से होकर धरोट धार के लिए बाईपास किया गया। एंबुलेंस और राहत रेस्क्यू टीम, एनडीआरफ , पुलिस, होमगार्ड की टीमें गांव दाण में पहुंची और तुरंत घटनास्थल में बचाव राहत कार्यों में जुट गए। घटनास्थल में एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से घर के पांच सदस्य उसमें फं से होने की सूचना पर रेस्क्यू टीम के द्वारा उन सभी पांच सदस्यों को रेस्क्यू किया गया जिसमें तीन सदस्यों को माइनर चोटें पाई गई व दो सदस्यों को गंभीर चोटें पाई गई और घायलों को तुरंत एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार दिया गया और जिन दो घायलों को गंभीर चोटें आई हैं उन्हें सिविल हॉस्पिटल गोहर के लिए रेफ र किया गया तथा बाकी तीन सदस्यों को रिलीफ कैंप में भेजा गया तथा भूस्खलन की जगह के आसपास के घरों को खाली किया गया व उन लोगों को भी रेस्क्यू कैंप में लाया गया रेस्क्यू टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास की जगह जायजा लिया गया और अन्य कोई जान माल की हानि न होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन को समाप्त किया गया।



**राहत बचाव**

▶▶ भूस्खलन से दबने तथा सडकों के ब्लॉकेज की सूचना मिलने पर प्रशासन ने तेजी से राहत कार्य करना शुरू किया।

# नूरपुर की पन्द्रेहड़ तथा लदोड़ी पंचायत में हुई मेगा मॉकड्रिल

**विजय समयाल**

**कांगड़ा:** मानसून सीजन के दौरान आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्यव्यापी मेगा मॉक ड्रिल के तहत नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत पन्द्रेहड़ तथा लदोड़ी में चिन्हित घटनास्थलों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। एसडीएम आईएएस गुरसिमर सिंह ने बताया कि लदोड़ी पंचायत में लैंड स्लाइड तथा पन्द्रेहड़ पंचायत के मदनपुर ग्राउंड के पास खड्ड में फ्लैश फ्लड जैसी स्थिती से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों का आपसी तालमेल के साथ राहत व बचाव कार्य को अंजाम देना था। इस मॉक ड्रिल से आपदा प्रबंधन की तैयारियों व क्षमताओं का आकलन एवं विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उस जगह के वालंटियर्स का अहम रोल रहता है क्योंकि वालंटियर्स ही होते हैं जो सर्वप्रथम घटनास्थल पर पहुंच सकते हैं।



# भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत-समर्पण ने नादौन में दिलाई सफलता: धूमल

## यह उपलब्धि पार्टी की व्यापक संगठनात्मक शक्ति और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की कठिन परिश्रम और अटूट विश्वास ने नादौन में लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित की है। यह उपलब्धि पार्टी की व्यापक संगठनात्मक शक्ति और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए यह बात कही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के योगदान को सराहा और कहा कि पार्टी को शिखर तक ले जाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होती है। वीरवार शाम को नादौन विधानसभा मंडल के कार्यकर्ता जब अनुराग सिंह ठाकुर की पांचवीं बार शानदार जीत पर



बधाई देने के लिए समीरपुर में एकत्रित हुए तब प्रोफेसर धूमल ने उनके समर्पण और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, जो चुनौतियों को पार करते हुए सफ लता की इमारत खड़ी करते हैं। चुनावों में कार्यकर्ताओं की भूमिका महज प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रोफेसर धूमल ने जोर देकर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने न केवल विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत की, बल्कि अपने अथक प्रयासों से जनता का विश्वास जीता। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ता ठान लेंए तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता और न ही कोई बाधा इतनी बड़ी होती है जो उन्हें उनके लक्ष्य से पीछे हटा सके। कार्यकताओं की यह दृढ़ इच्छाशक्ति और उनका अनुशासन ही पार्टी को सफलता की ओर ले जाता है। उनका समर्पण, निस्वार्थ सेवा और टीम भावना ही पार्टी को सफ लता दिलाने में सहायक होती है। चुनावी दौर में जिस तरह से नादौन के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया और जनता से संवाद स्थापित किया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। प्रोफेसर धूमल ने कहा कि यह जीत न केवल अनुराग सिंह ठाकुर की है, बल्कि उन सभी कार्यकर्ताओं की है जिन्होंने अपने पसीने से इस विजय की नींव रखी है। उन्होंने कार्यकताओं का धन्यवाद करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ पार्टी की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर धूमल का यह वक्तव्य पार्टी के कार्यकताओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है, जो न केवल उनकी मेहनत की सराहना करता है, बल्कि उन्हें आगे बढने के लिए भी प्रोत्साहित करता है।

# किन्नौर जिला में आपदा से निपटने के लिए आयोजित की गई मैगा मॉकड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर**

**किन्नौर:** जनजातीय जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांग पिओ में आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक मैगा मॉकड्रिल का आयोजन कर पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण किया गया जिसमें आईटीबीपी, पुलिस, होमगार्ड, राजस्व, अग्निशमन व स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दलों द्वारा बाढ़ व भू-स्खंलन जैसी आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य किया गया। मॉकड्रिल में किन्नौर जिला के टी-डांग पॉवर प्रोजेक्ट, पवारी की मजदूर बस्ती व नाथपा में भू-स्खलन वाले संवेदनशील स्थान को चिन्हित कर आपदा की स्थिति दर्शाई गई। टी-डांग पॉवर प्रोजेक्ट में गलेशीयर झील के फटने से बाढ़ की स्थिति, पवारी की मजदूर बस्ती में बाढ़ की स्थिति तथा नाथपा में भू-स्खलन की स्थिति को दशार्या गया तथा त्वरित प्रतिक्रिया दलों को रवाना कर राहत एवं बचाव कार्य किया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस व एचआरटीसी की बसों को भेजकर घायलों व आपदा के कारण फंसे हुए लोगों की त्वरित निकासी की गई। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा राहत एवं बचाव शिविर भी लगाया गया तथा आपदा के कारण लोगों को हुए जान-माल के नुकसान का आंकलन किया गया।

# जातीय समीकरण तय करती रही है पहाड़ की राजनीति



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में जातिगत समीकरणों का विशेष ख्याल रखा जाता है। टिकट बंटवारे से लेकर मतदान करने तक इस बात का बखूबी ख्याल रखा जाता है। खास बात है कि राजनीतिक दल और मतदाता दोनों ही इस बात का ख्याल रखता है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आज तक राजपूत नेताओं का ही दबदबा रहा है।

1977 से लेकर इस हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में राजपूत नेता ने ही इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में 39: राजपूत 31: ब्राह्मण 25: अनुसूचित जाति और 7: ओबीसी को अन्य लोग आते हैं। गौर रहे कि पिछले विधानसभा चुनाव में दोनों राष्ट्रीय दलों ने राजपूत नेताओं को यहां से टिकट दी थी, भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर ने यहां से चुनाव लड़ा था वहीं कांग्रेस की ओर से पुष्पेंद्र वर्मा यहां चुनाव मैदान में थे। इन दोनों को हराकर आशीष शर्मा यहां पर चुनाव जीत गए थे। जानकारों का कहना है कि राजपूत वोटों का बंटवारा होने का सीधा लाभ उस समय आजाद ब्राह्मण, प्रत्याशी आशीष शर्मा को मिला था। इस बार भारतीय जनता पार्टी से पूर्व विधायक आशीष शर्मा का टिकट कंफर्म हो गया है।वही यदि कांग्रेस यहां किसी राजपूत नेता को चुनावी मैदान में उतारती है तो जाति समीकरण कांग्रेस की पक्ष में हो सकता है।

गौरतलब है के लोकसभा चुनाव के ट्रेंड को देखें तो उसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर में वोट अनुपात पुरुषों का25539, महिलाओं का 28561 और कुल वोट 54101 संख्या रही।अगर रुझान इसी प्रकार रहे तो एक बार फिर से महिलाएं निर्णायक जीत के लिए महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।

# मानसून सीजन के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिए अधिकारी को दिए दिशा-निर्देश

**बैठक**

**मानसून के दौरान चंबा जिला में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर वर्चुअल रूप से बैठक की**



**हामिद**

**चंबा:** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश के साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान चंबा जिला में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर वर्चुअल रूप से बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने जिला में मानसून को लेकर तैयार की गई कार्य योजना को मुख्य सचिव के समक्ष रखा। उपायुक्त ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान जिला में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। उन्होंने इस दौरान खड़ामुख-होली मार्ग की बहाली लेकर प्रगति का ब्यौरा भी रखा। उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रे ंस के पश्चात जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। मुकेश रेपसवाल ने जिला में मॉनसून सीजन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध तौर पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों को अभियान स्तर पर सडकों के किनारे वर्षा जल के निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को दी बधाई

**जश्न**

**एम्स जैसे मेडिकल कॉलेज जिला बिलासपुर मे खुलने पर भी नड्डा का ही योगदान है**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** केंद्र सरकार मे जिला बिलासपुर के रहने वाले जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ मंत्री बनाये जाने पर जिला बिलासपुर के दवा विक्रेता संघ के जिला महासचिव अरविन्द महाजन, पप्पी, रचित शर्मा, रमेश गुप्ता, जय कुमार आदि जिला विक्रेता संघ ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा को केंद्र सरकार मे स्वास्थ्य मंत्रालय मिलने पर जिला बिलासपुर मे ही नहीं अपितु पुरे हिमाचल प्रदेश मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। जिससे हर व्यक्ति खुश है पुरे देश मे नाम रोशन हुआ। जिला महासचिव अरविन्द महाजन ने कहा कि केंद्र मे स्वास्थ्य मंत्रालय मिलने से जिला बिलासपुर मे अब इससे अधिक स्वस्थ्य का लाभ मिलेंगे नया आयाम अब बिलासपुर छुएगा। एम्स जैसे मेडिकल कॉलेज जिला बिलासपुर मे खुलने पर भी नड्डा का ही योगदान है।

# कल कुलदीप सिंह होंगे अन्तर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के मुख्य अतिथि

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर 15 जून से 18 जून, 2024 तक आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव, 2024 की सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि होंगे। आज अपराह्न 1 बजे अध्यक्ष ग्रीष्मोत्सव समिति एवं उपायुक्त जिला शिमला अनुपम कश्यप ने विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां को उनके कार्यालय कक्ष में



मुलाकात कर 16 जून की सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि होने का निमन्त्रण पत्र उन्हें सौंपा जिसे स्वीकार करते हुए पठानियां ने आयोजन समिति को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम की सफलता की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जिला शिमला संजीव गाँधी भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह ग्रीष्मोत्सव 15 से 18 जून तक आयोजित किया जाएगा जिसमें कई राष्ट्र तथा प्रदेश स्तर के उच्चकोटी के कलाकार अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मंत्र मुग्ध प्रस्तुती देंगे।

# मॉकड्रिल: सोलन के शामती में हुआ लैंडस्लाइड, 7 हुए जख्मी, 3 की मौत

**मॉक ड्रिल**

**प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राहत एवं बचाव संबंधी उपायों पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया**



**मनीष**

**सोलन:** सोलन शहर में उस वक्त हडकंप मच गया जब शहर के शामती में भूस्खलन जैसे हालात बने और वहां पर काम कर रहे करीब 10 लोग फं स गए जिनमें से 7 घायल हुए और 3 की मृत्यु हुई। बता दें कि प्रशासन द्वारा आज बाढ़ भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राहत एवं बचाव संबंधी उपायों पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। यह मॉक ड्रिल सुबह 9 बजे से शुरू हुई प्रशासन को सूचना मिली कि 9:47 पर शामती में लैंडसाइड हुआ है जहां पर अचानक से पानी का भारी बहाव आ गया है जिसमें 7 लोग घायल हुए और 3 लोगों की मृत्यु हुई है। यहां पर स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, होमगार्ड, फ ायर विभाग और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर कार्य किया और घायलों को बाहर निकालने के लिए कार्य किया और मॉक ड्रिल को सफल बनाया। इस दौरान सर्च रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाया गया और जो कमियां मॉकड्रिल के दौरान सामने आई हैं उसे सुधारने का भी प्रयास किया गया है। एसडीएम सोलन डॉक्टर पूनम बंसल ने बताया कि आज एक मॉकड्रिल आपदाओं की स्थिति में राहत एवं बचाव करने को लेकर की गई थी जिसमें शहर के शामती में लैंडस्लाइड होने के दृश्य को दशार्या गया था। उन्होंने कहा कि लोकेशन के हिसाब से और रिसोर्स के हिसाब से हर बार प्रशासन आपदा की घड़ी में कार्य करता है और जो भी कमियां इस बार मॉक ड्रिल में देखने को मिली है उसे आने वाले समय में सुधारा जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी यहां पर बरसात के दिनों में लैंडसाइड जैसे हालात बने थे जिसको लेकर यहां पर प्रशासन ने मेहनत करके कार्य किया है और लोगों को यहां पर राहत प्रदान की है और अभी भी यहां पर कार्य किया जा रहा है। बता दें कि यहां पर प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल तो आयोजित की गई थी लेकिन लोगों को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी जिस कारण लोग एंबुलेंस की आवाज सुनकर परेशान दिखाई दिए और अपने घरों से बाहर निकले यहां तक की ग्राम पंचायत प्रधानों को भी इसकी सूचना नहीं मिली थी। एसडीएम सोलन डॉ पूनम बंसल ने कहा है कि इस बारे में बीडियो के माध्यम से सभी को सूचना प्रदान करने के लिए कहा गया था।

एसमएल-21

# सागंना सत्ताहन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने जगदीश ठाकुर

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर राजकीय गवरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन के कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंचराम शर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन मैं स्कूल प्रबंधन समिति गठन को लेकर एक सामान्य सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर ने की बैठक का संचालन करते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंचराम शर्मा ने सामान्य सभा में उपस्थित सभी अभिभावक का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया तथा उसके बाद नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन



किया गया जिसमें जगदीश ठाकुर को सर्व समिति से स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया तथा कपिल ठाकुर सागंना रामदेवी सागंना मथुरा देवी सा गंना वीरेंद्र कुमार कन्याल कुना शुभाराम चनोटी कौशल्या देवी सत्ताह न श्यामा देवी बनवाणी टीकाराम शर्मा गजवा संतराम नंबरदार सागंना शक्ति चंचल गजवा गुमान सिंह

**जिम्मेदारी**

**पाठशाला सागंना सत्ताहन मैं स्कूल प्रबंधन समिति गठन को लेकर एक सामान्य सभा का आयोजन किया**

शर्मा सार को स्कूल प्रबंधन समिति का सदस्य चुना गया है कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंचराम शर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जगदीश ठाकुर पहले भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं इनको दूसरी बार अध्यक्ष बनने का मौका मिला है स्कूल प्रबंधन समिति के नवनियुक्त सभी सदस्य ने जगदीश ठाकुर को दूसरी बार स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर जहां पर उन्हें बधाई दी है

वहीं पर नवनियुक्त स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष जगदीश ठाकुर ने उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने के लिए स्कूल प्रबंधन एवं सामान्य सभा में उपस्थित सभी अभिभावक का भी विशेष आभार प्रकट किया है और उन्होंने सामान्य सभा को संबोधित करते हुए कहां है कि मेरे ऊपर सामान्य सभा में उपस्थित सभी अभिभावक ने जो मेरे ऊपर भरोसा किया है मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा

# फॉर्च्यून होटल्स ने लॉन्च किया फॉर्च्यून पार्क पालमपुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पालमपुर:** आईटीसी होटल ग्रुप के सदस्य फॉर्च्यून होटल्स ने अपनी नए प्रॉपर्टी फॉर्च्यून पार्क पालमपुर का लॉन्च किया है,जो धौलाधार की खूबसूरत पहाड़ियों में स्थित है।यह शानदार होटल, होटल चेन के हिमाचल प्रदेश पोर्टफोलियो में छठा और पहाड़ों में 12वां होटल है।

उत्तर-पश्चिम भारत की अनोखी चाय राजधानी में स्थित फॉर्च्यून पार्क पालमपुर को खासतौर पर शहरी यात्रियों के लिए डिजाइन किया गया है, जो आधुनिक सुविधाओं के साथ उन्हें यादगार और मनमोहक अनुभव प्रदान करेगा फिर चाहे वे छुट्टियां मनाने जाना चाहते हों, छोटे स्टॉप के तौर पर स्टे



करना चाहते हों या काम की थकान दूर करने के लिए एकांत में कुछ समय बिताना चाहते हों। आलीशान कमरों एवं सुइट्स तथा भव्य स्टाइल के इंटीरियर एवं आधुनिक वाइब के साथ होटल के ज्यादातर कमरों और वेंटेज पॉइन्ट्स से धौलाधार रेंज के लुभावने नजारे दिखाई देते हैं। होटल में सोशल-पार्टी स्पेस एवं सभी वैलनैस सुविधाएं मौजूद हैं जैसे इंडोर हीटेड पूल, जल्द खुलने वाला स्पा, जो दिन भर घूमने के बाद मेहमानों को रिलेक्सिंग अनुभव प्रदान करेगा। समीर एमसी, मैनेजिंग डायरेक्टर, फॉर्च्यून होटल्स ने कहा,ह्यह्यफॉर्च्यून पार्क पालमपुर खूबसूरत हिमाचल प्रदेश में हमारा छठा होटल है।

यह हमारे रुहिल्स ऑफ फॉर्च्यून पोर्टफोलियो में नया एडीशन है- जहां हमारे होटलों की संख्या 12 के आंकड़े पर पहुंच गई है। अपने विस्तार के पथ पर हमने अनछुए विलक्षणी स्थानों पर पहुंचने का विकल्प किया है। हमने अपने मेहमानों को अभूतपूर्व अनुभव प्रदान करने के लिए बैरल आईलैण्ड, जिले की पहली माइक्रोब्यूरी सुनिश्चित किया है।

# नशा मिला तो फ ोटो खींच कर अभिभावकों को बुलाया जाएगा स्कूल

**हामिद**

**चंबा :** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या चंबा द्वारा चलाई गई मुहीन के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा ने भी बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में भी नशे के विरुद्ध एक मुहिम को शुरू किया है। जहां कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में जंक फूड के सेवन और मोबाइल लाने पर रोक लगाकर सराहनीय कार्य किया उसी की तर्ज पर अब वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल चंबा स्कूल प्रबंधन ने भी छात्रों को नशे से दूर रहने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए बाकायदा स्कूल प्रबंधन ने एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी छात्रों के बैग के साथ उनकी जेबों की रैंडम तलाशी लेगी। अगर किसी छात्र के पास नशे के सेवन करने वाली या नशीली वस्तु मिलती है तो इसकी फोटो खींची जाएगी तथा उस छात्र के अभिभावकों को स्कूल में बुलाया जाएगा। इस दौरान हिदायत देकर छात्र को सुधरने का एक मौका दिया जाएगा। यदि फि र भी कोई बच्चा नशीले पदार्थ के साथ दूसरी बार पकड़ा जाता है तो उसका नाम विद्यालय से काट दिया जाएगा। स्कूल में मोबाइल लेकर आने पर पहले से ही रोक है। आदर्श बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा की इस पहल की खूब प्रशंसा हो रही है। कमेटी में शामिल अध्यापक स्कूल लगने के



समय मुख्य गेटए कक्षाओं में जाकर या खाली पीरियड में भी विद्यार्थियों की चेकिंग कर रहे हैं। आदर्श बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सबसे पुराना विद्यालय हैं। यहां से पढ़ाई के बाद छात्र बड़े.बड़े ओहदों पर हैं। प्रधानाचार्य जितेंद्र जंदरोटिया ने भी यहीं से पढ़ाई की है। वर्तमान में उन्होंने पढ़ाई के साथ बच्चों को नशे की गर्त से बचाने के लिए अपने स्तर पर विशेष प्रयास शुरू किए हैं। इसके तहत बनाई कमेटी के सदस्य बच्चों के बैग, जेबों की चेकिंग कर नशीली वस्तुओं को पकडने का काम कर रहे हैं। विद्यालय में मोबाइल लाने पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध है। प्रधानाचार्य

जितेंद्र जंदरोटिया ने बताया कि नशे से छात्रों को बचाने के लिए एक कमेटी बनाई है। कमेटी बच्चों के बैग और जेबें चेक करती है। किसी छात्र से कोई नशीली वस्तु मिलती है तो उसकी फोटो खींच ली जाती है तथा परिजनों को स्कूल भी बुलाया जाता है। इसके बाद अंतिम हिदायत के बाद छात्र को सुधरने का मौका दिया जाता है। इसके बाद भी यदि छात्र पुनरू नशीली वस्तु के साथ पकड़ा जाता है तो उसका विद्यालय से नाम काट दिया जाएगा। स्कूल प्रशासन की इस मुहिम की चारों तरफ प्रशंसा की जा रही है।

**विशेष प्रयास**

**छात्र को सुधारने का एक मौका दोबारा पकड़े जाने पर विद्यालय से कटेगा नाम**

## न्यूज फ्लैश

### इस सीजन खेलों के रोमांच का अनुभव पाएं वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के साथ

**गुरुग्राम।** हाल ही में ओरमैक्स मीडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 678 मिलियन दर्शक स्पोर्ट्स देखते हैं, इनमें सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट और फुटबॉल हैं, 612 मिलियन दर्शक क्रिकेट और 305 मिलियन दर्शक फुटबॉल देखने के शौकीन हैं। दर्शकों की डिजिटल व्यूइंग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने स्पोर्ट्स कंटेंट को ढूंढना और देखना बेहद आसान बना दिया है।

इस सीजन वी के यूजर, वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लान के साथ डिजनी प्लस हॉटस्टार पर दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूनार्मेन्ट से लेकर यूईएफए यूरो 2024 और कोपा अमेरिका तक हर तरह के स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं। उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वी कनेक्टेड टीवी के माध्यम से भी स्ट्रीमिंग का मौका देता है और उन्हें व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। इतना ही नहीं! वी ने डिजनी प्लस हॉटस्टार और सोनी लिव के एक्सेस को आसान बनाने के लिए एक्सक्लुजिव बंडल सब्सक्रिप्शन भी लॉन्च किया है, जो क्रिकेट एवं फुटबॉल के प्रशंसकों के लिए सुनिश्चित करेगा कि रोमांच का एक पल भी चूक न जाए।

### CEAT स्पेशलिटी ने लांच किए भविष्य के टायर

**अंबाला । CEAT स्पेशलिटी ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्की** 2898 ए.डी. के साथ एक दिलचस्प साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत प्रभास अभिनीत इस फिल्म में दिखाए जाने वाले रोबोटिक वाहन ह्यबुज्जीह्न के लिए अत्याधुनिक टायर विकसित एवं लांच किए जाएंगे। कल्की 2898 ए.डी. को नाग अश्विन ने निर्देशित किया है, इसमें भविष्य की दुनिया की कहानी दर्शाई गई है जहां तकनीक बेहद उन्नत है और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस दैनिक जीवन का हिस्सा है। इस फिल्म में काम कर रहे अभिनेताओं में शामिल हैं- प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन। इस फिल्म एक और खास किरदार है बुज्जी यह ए.आई. से चलने वाली कार है। बुज्जी को हॉलीवुड के हाइसु वांग ने डिजाइन किया है जो इससे पहले ब्लैक पैंथर के लिए भी वाहन डिजाइन कर चुके हैं। बुज्जी नाम की यह कार ऑटोमोटिव डिजाइन व टेक्नोलॉजी के भविष्य में एक लम्बी छलांग है। फिल्मकार एक ऐसी कार चाहते थे जो वांग के डिजाइन को जीवंत बना दे और उएअळ स्पेशलिटी ने इस चुनौती को पूरा किया, और ऐसे टायरों की रचना की जो इस अभूतपूर्व वाहन को पूर्णता प्रदान करते हैं। CEAT स्पेशलिटी के मुख्य कार्यकारी अमित तोलानी ने कहा, बुज्जी के लिए कल्की 2898 ए.डी. के साथ जुड़ना हमारे लिए एक अतुलनीय अवसर था। इससे हमें अपनी सीमाओं को विस्तार देने और नई तकनीकों व सामग्री का जायजा लेने का मौका मिला। द्युतिमान चैटर्जी और उनकी आर एंड डी टीम ने अपनी रचनात्मकता एवं इंजीनियरिंग कौशल से इस विजन को जीवंत कर दिया। इस प्रोजेक्ट ने टायर इनोवेशन में हमारे भविष्य का मंच का स्थापित कर दिया है। हमारी टीम और हमारे टायर सही मायनों में जिज्ञासुओं के लिए तैयार किए गए हैं, वे हमें अनदेखे-अनजाने क्षेत्रों में ले जाते हैं और भविष्य की कल्पना करने की क्षमता प्रदान करते हैं।




### खट्टर काम नहीं करेंगे तो हम उनकी नींद हराम करने का काम करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा 2.32 लाख वोटों से हार गए हैं, लेकिन फिर भी वह लोगों के बीच जाकर उनका शुक्रिया अदा करने में जुटे हैं। दिव्यांशु खुद को दिलासा देने की कोशिश कर रहे हैं या विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की तैयारी कर रहे हैं, यह कुछ महीनों में साफ हो जाएगा। बीती शाम नीलोखेड़ी में दिव्यांशु बुद्धिराजा ने क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया।

# स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ज्यादा संख्या में आगे आएं युवा

## अम्बाला के एसडी कॉलेज के सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया, रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता: खेल राज्यमंत्री संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: अम्बाला के** एसडी कॉलेज के सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिरकत दी। उन्होंने प्रदेशभर से यहां पहुंची स्टार महिला रक्तदाताओं और बेहतर काम करने वाली एनजीओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आएं। कार्यक्रम में हरियाणा के खेल राज्यमंत्री संजय सिंह और हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री एवं अम्बाला कैंट के मौजूदा विधायक अनिल विज भी मौजूद रहे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पूरे विश्व में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए आज विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जा रहा है। रक्तदान के क्षेत्र में हरियाणा रेडक्रास ने विशेष भूमिका निभाई है, जो देशभर में मिसाल है। हरियाणा में कोई भी व्यक्ति जरुरत पड? पर रक्त की वजह से जान न गंवाए इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के 22 जिलों में एक ही दिन में 38 रक्तदान कैंप लगाकर 1 हजार 93 रक्त ईकाईयां एकत्रित की गई है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। 2023-24 में रेडक्रास ने 5 हजार 512 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाए गए, जिनमें 3 लाख 46 हजार से ज्यादा रक्त ईकाईयां एकत्रित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि रेडक्रास सेवा की भावना से कार्य कर रहा है। रेडक्रास हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुत से पुरस्कार जीते हैं। आज के सम्मान समारोह में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने कम से कम 10 बार रक्तदान किया है। इसके अलावा ऐसी एनजीओ को भी सम्मानित किया गया है, जिन्होंने साल में कम से कम 2 रक्तदान शिविर लगाए हैं। यह सम्मान समारोह और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा और सामाजिक संगठनों का मनोबल बढ़ाएगा। रक्तदान केवल किसी जरुरतमंद की सहायता के लिए नहीं बल्कि स्वयं की सेहत के लिए भी लाभदायक है। हरियाणा रेडक्रास द्वारा प्रत्येक वर्ष युवाओं के लिए जिलास्तर पर शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है। हरियाणा के सभी महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में रेडक्रास की यूथ विंग स्थापित की गई है। हरियाणा के खेल राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से अच्छा कोई भी कार्य नहीं हो सकता। यह बेहद पुण्य का कार्य है, क्योंकि इस रक्तदान से ही किसी के भाई, बहन, किसी की बेटी की जान बचाई जाती है। हमें रक्त समय पर न मिले तो जीवन बचना असंभव है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं को इस सम्मान के लिए बधाई दी। राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि रक्तदाताओं के लिए कोई न कोई सुविधा दी जानी चाहिए। पूर्व गृह मंत्री और अम्बाला कैंट के विधायक अनिल विज ने कहा कि रक्तदान एक महादान माना गया है। रक्त का हर किसी के जीवन में बहुत महत्व है। हम हर वक्त प्रकृति से किसी न किसी रूप में कुछ न कुछ लेते हैं। जीवन को बेहतर बनाने के लिए हमें प्रकृति का भी ऋण उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा हमारा मूल भाव है। भारत की शिक्षा प्रणाली हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देती है। संस्कारों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इन्हीं संस्कारों से हम एक अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अच्छा राजनेता बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि साईंस ने बहुत तरक्की की है लेकिन फिर भी रक्त की एक बूंद नहीं बना सकते। हमें रक्त की जरुरत पड? पर इंसान का रक्त ही लेना पड़ता है। हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। इससे लोगों की जान बचती है।

## रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**वक्त दे रक्त दे रक्तदान** सेवा सोसायटी के सौजन्य से रैड ड्रॉप हैदराबादी बल्ड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिवर एवम रक्त दाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्यातिथि एसडीएम मनदीप सिंह ने शिरकत की । शिवर में अतिथि डॉक्टर वीरेंद्र ढांडा और सविता आर्या रहे। शिवर में पहली बार रक्तदान करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।शिवर का मुख्य उद्देश्य था लोगो को रक्तदान के लिए जागृत करना है। एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि रक्त एक ऐसा तत्व है जिसको हम लैंब में नही बना सकते ।इसलिए रक्त दान को महादान कहा गया है ।सभी को अपने जीवन में रक्त दान जरूर करना चाहिए । इस अवसर पर 55 सम्मानित होने वाले रक्त वीरो ने रक्त दान भी किया ।इस मोके पर डॉ मयंक छोकर ने भी रक्त का दान किया । इस मौके पर ममता लांबा ,नीता रानी,ख्याति,संजय ठाकुर अमित,कृष्ण रक्तवीर कश्य,सन्नी कश्यप ,अमित देशवाल ,सुमित मिगलानी,शुभम, पायल सरोज,वीरेंद्र अत्री ,सुनील शर्मा जी,सोनम खुराना पत्नी भूपेन्द्र खुराना दोनों ने एकसाथ रक्तदान किया।

## केंद्र में हरियाणा से तीन मंत्री बनने से हरियाणा के विकास को मिलेगी तेजी : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**



**राई:** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। 1962 के बाद यह पहली बार है कि जब कोई व्यकित लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार में हरियाणा से तीन मंत्री बने हैं और इससे हरियाणा के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास की नई योजनाएं शुरू होंगी और केंद्र सरकार के सहयोग के साथ प्रदेश विकास के नए कीतिमान स्थापित करेगा। मनोहर लाल शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार हरियाणा पहुंचे और उनका सोनीपत के कुंडली, सेकटर-7 और गन्नौर में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अब केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का समय है। तीन माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं और हमें विपक्ष द्वारा जो-जो गलत धारणाएं आम जनता में फैलाई गई हैं उनको आम जनता के बीच जाकर दूर करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिजली, पानी, सडक, गैस सिलेंडर, औद्योगिक विकास सहित अनेकों विकास कार्यों को पूर्ण कर तीसरी बार सरकार बनी है। वहीं विपक्ष द्वारा गलत व औछे हथकंडे अपनाकर दुष्प्रचार के माध्यम से आम जनता को बहकाया गया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है। सोनीपत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे जिला में नए-नए हाईवे का जाल बिछ चुका है। इससे विकास के रास्ते खुले हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं का आह्वान किया कि हमें सनीपत की सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करनी है और इसी लक्ष्य के लिए हमें संकल्प लेकर आगे बढना है। विधायक मोहन लाल बड़ौली ने हरियाणा आगमन पर कुंडली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रमों में कुंडली में भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व मंत्री कविता जैन, राजीव जैन, ललित बत्रा, देवेन्द्र कौशिक, आजाद नेहरा, पवन खरखौदा, तीर्थ राणा, योगेपाल अरोड़ा, नवीन मंगला निशांत छौकर, रविंद्र दिलावर, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल का गन्नौर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। यहां हजारों की संख्या में लोगों ने फूल बरसाकर हरियाणा पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता इस जोश को ऐसे ही बरकरार रखे और अगले तीन महीने में पूरी मेहनत के साथ लोगों के बीच जाकर सरकार की नीतियों से अवगत करवाएं।

## लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**नशा** वो बीमारी है, जो ना केवल एक परिवार बल्कि समाज और देश के भविष्य को खतरे में डालने का काम करता है; पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान शुरू किया गया है। जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए हुए है। इसी के तहत शुक्रवार को थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने मित्तल मेगा मॉल परिसर में लोगों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे के कारण व्यक्ति का समाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नई शुरूआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। नशा वो बीमारी है, जो ना केवल एक परिवार बल्कि समाज और देश के भविष्य को खतरे में डालने का काम करता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले लोगों की जगह जेल में है, इसलिए नशा बेचने वालों की सूचना बेझिझक पुलिस को दें, पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान भी गुप्त रखी जायेगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि जिला पुलिस ने इस वर्ष बीते 5 माह के दौरान नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए गत वर्ष की तुलना में नशा तस्करी के 12 प्रतिशत अधिक अभियोग दर्ज किए है। वर्ष 2023 में 1 जनवरी से 31 मई तक नशा तस्करी के 50 अभियोग दर्ज किये गए थे। वर्ष 2024 में 1 जनवरी से 31 मई तक नशा तस्करी के 57 अभियोग दर्ज किए गए है।

## 13वीं मशाल यात्रा का होगा भव्य आयोजन: मौर्या



**शिवपुरी: मध्य प्रदेश की प्रख्यात समाजसेवी संस्था** एवं शहिदों के प्रति भारतीय समाज को जागृत करने वाली संस्था बीपीएम जयहिंद मिशन वींरगना लक्ष्मीबाई के बलिदान अठारह जून को शिवपुरी मध्य प्रदेश से रानी लक्ष्मीबाई स्मृति स्थल झांसी उत्तर प्रदेश तक दो दिवसीय मशाल यात्रा का भव्य आयोजन कर रही। बीपीएम जयहिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी डॉ विजय सिंह मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई अर्थात झांसी की रानी के बलिदान दिवस पर 13वीं मशाल यात्रा निकाल कर भारतीय युवाओं को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान ओर संघर्ष से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि 17 जून को अमर बलिदानी तात्या टोपे की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने तुरंत बाद रानी लक्ष्मीबाई स्मृति स्थल झांसी की ओर मशाल यात्रा प्रस्थान करेगी जो करैरा ओर दिनारा होते हुए अठारह जून को सायं पांच बजे रानी लक्ष्मीबाई स्मृति स्थल झांसी उत्तर प्रदेश पहुंच कर रानी झांसी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन करेंगे। डॉ विजय सिंह मौर्य ने बताया कि इस मशाल यात्रा में केवल शिवपुरी मध्य प्रदेश के समाजसेवी ओर स्कूलों के बच्चें तो हर बार शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बल्कि अबकी बार हरियाणा से कैलाश मानसरोवर मुक्ति अभियान समिति के राष्ट्रीय महासचिव संजीव कौशिक ओर सोनीपत से वरिष्ठ पत्रकार रोशन लाल तथा छत्तीसगढ़ से समाज में एक नई दिशा देने वाले सुबौधदेव रायपुर ओर गुजरात तथा राजस्थान के समाजसेवी एवं देश प्रेमी व्यक्ति भी शामिल हो रहे हैं।

## गुरुद्वारा बैकुंठ धाम के निर्माणाधीन भवन पर संगत ने कार सेवा से डाला लैंटर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र।:गुरुद्वारा बैकुंठ** धाम सेक्टर-8 के निमार्णाधीन भवन पर बाबा सुबेग सिंह जी (कार सेवा वाले) के मार्गदर्शन में संगत ने कार सेवा कर गुरुद्वारे का लैंटर डाला। बाबा सुबेग सिंह जी ने बताया कि लैंटर की कार सेवा समूह संगत के सहयोग से की गई है। गुरुद्वारा साहिब के हैडग्रंथी भाई गुरदीप सिंह ने लेंटर सेवा से पहले गुरु चरणों में सरबत के भले की अरदास की?। इसके बाद 'जो बोले सो निहाल-सत श्री अकाल' के जयकारों के बीच संगत ने उत्साह पूर्वक लैंटर डालने की सेवा शुरू की। बाबा सुबेग सिंह जी ने बताया कि मीरी पीरी के दाते साहिब श्री हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में 16 जून से 22 जून तक लंगर की सेवा संगत के सहयोग से की जाएगी।

## बाढ़ प्रबंधन को लेकर एडीसी ने करवाई ट्रेनिंग

**टीम अक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: उपायुक्त डा. शालीन** के निदेर्शानुसार अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में पंचायत भवन अम्बाला शहर में बाढ़ प्रबंधन विषय को लेकर वलंटियर ट्रेनिंग करवाई गई। वलंटियर में 50 होमगार्ड के जवान, 30 एनसीसी, 30 भारत स्काउट के वलंटियर शामिल हुए। इस दौरान रैडक्रास की टीम द्वारा फर्स्ट-एड बारे भी ट्रेनिंग करवाई गई। इस ट्रेनिंग के दौरान होमगार्ड के इंस्पैक्टर संजीव शर्मा ने होमगार्ड के जवानों के माध्यम से इस ट्रेनिंग में गांवों से आए हुए नम्बरदारों व चौकीदारों को इस ट्रेनिंग में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए जागरूक किया। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान बताया कि बाढ़ आने की स्थिति में पहले से ही यह चैक कर लें कि वाटर का लैवल क्या है। बाढ़ की स्थिति में पालतू जानवरों को खोल दें। बाढ़ के दौरान घरों में रखें हुए सामान जैसे कि खाली बोतलें, टोकरियां, रस्से, मटके, चारपाई, ट्यूब इत्यादि सामान का बाढ़ से बचने के लिए कैसे प्रयोग किया जा सके, इस बारे में भी गांव से आए हुए लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ रैडक्रास की टीम द्वारा बताया गया कि लोगों को कैसे फर्स्ट-एड की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी है, उस बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि घरों में पानी भर जाने पर घर के बिजली के सारे स्वीच बंद कर दें जिससे कि करंट आदि का खतरा न हो। जिन गांवों में बरसात के दिनों में बाढ़ आने का खतरा ज्यादा रहता है, उन गांव के लोग पहले ही ऊंचे स्थानों पर चले जाएं।

## पानीपत ग्रामीण हलके से कांग्रेस प्रत्याशी की होगी जीत: कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को इस बार करनाल लोकसभा चुनाव में पिछले चार चुनावों की बजाये मत प्रतिशत के हिसाब से सर्वाधिक 37.61 प्रतिशत वोट मिले है और 2019 के करनाल लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच जीत का अंतर भी घटकर करीब एक तिहाई रह गया है। पानीपत ग्रामीण हलके में भी कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को इस बार 61252 वोट मिले है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जहां राष्ट्रीय मुद्दें हावी रहते है वहीं विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दें हावी रहते है। विधानसभा चुनाव में इस बार पानीपत ग्रामीण हलके से निश्चित रूप से कांग्रेस प्रत्याशी की भारी मार्जिन से जीत तय है। सचिन कुंडू अपने धन्यवादी दौरे के दौरान शुक्रवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव गांजबड, बडौली व आसन में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। तीनों गांव में पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन कुंडू का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाते हुए कहा कि कांग्रेस में ही हर वर्ग के हित सुरक्षित है। लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से जनता में कांग्रेस के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला है, उससे स्पष्ट है कि इस बार प्रदेश की जनता ने अभी से विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गो को 6000 रुपए पेंशन, सभी लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री, गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लाट और 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

किसानों को एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी मिलेगी और प्रदेश में खाली पडे सभी पदों पर पक्की भर्ती करके युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस पार्टी का साथ दे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर ग्रामीण हलके के लोगों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

इस अवसर पर ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन रमेश मलिक, कांग्रेस नेता दीपक खटखड, सतपाल रोड, धीरा सिंह, रणदीप सिंह सोनु, बलकार, सुनील, राममेहर ठेकेदार, रामेश्वर, राकेश मेंबर व जीता बडौली सहित तीनों गांवों में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## घर से पीने का पानी लेने निकली महिला ट्रेन की चपेट में आई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: अंबाला-**दिल्ली रेल मार्ग पर सारंग रोड के पास रेलवे लाइन पार कर रही महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फोरेसिंक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। महिला देर शाम पीने का पानी लेने के लिए जा रहा थी। लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। राजकीय रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञान नगर निवासी अनीता (37) देर शाम करीब 10.30 बजे पीने का पानी लेने के लिए गोहाना रोड की तरफ जा रही थी। सारंग रोड अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा होने के चलते रेलवे लाइन क्रास करने लगी।

उसी दौरान अंबाला की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। नागरिक अस्पताल में फारेंसिक चिकित्सक न होने के चलते चिक्ति्सक ने शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। जांच अधिकारी एसआई अजय कुमार ने बताया कि शव का आज पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। खानपुर में पोस्टमार्टम करवाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## संपादकीय

# इंडिया' की आंखों से भारत को मत देखिए!

**आजकल** राष्ट्रीयता,भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी,भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी। एक विद्वान कहते हैं राजा राज्य बनाते हैं, राष्ट्र ऋषि बनाते हैं। वही भारतबोध इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। आप देखें तो भगवान बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार,नवचेतन था, जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढ़कर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है। सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है।

# जम्मू कश्मीर में दोबारा सिर उठाते आंतकवाद पर हो कड़ा प्रहार

**डॉ. ओ0पी0 त्रिपाठी**

> "पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं, तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। यह जनता को तय करना होगा। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।"

**जम्मू में सियासी, क**ठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। इन घटनाओं में छह जवानों समेत पचास के करीब लोग घायल हुए हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं।ञ्जजम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है, जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं। अब भी 3-4 आतंकी डोडा के पास, एक समूह में, घूम रहे हैं। उन्हें जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। अचानक आतंकी हमले बढ? के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं।क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन



और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज है, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी ह्यशहीदह्ण हुए हैं। शहादत का यह सिलसिला अभी जारी रहेगा, क्योंकि आतंकी गतिविधियों की जानकारी देने वाला मजबूत खुफिया नेटवर्क अभी तैयार किया जा रहा है। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को ह्यस्थानीय मददह्ण है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई ह्यस्थानीय आतंकवादीह्ण नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं। कठुआ का उदाहरण है कि आतंकियों को स्थानीय लोगों ने पीने को पानी तक नहीं दिया और पुलिस को सूचना दे दी। नतीजतन आतंकी पकड़े और ढेर कर दिए गए। दरअसल अब आतंकी हमले उन इलाकों में हुए हैं, जहां कुछ साल पहले तक मान लिया गया था कि आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। यहां बीते 15-20 सालों के दौरान कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं किया गया था, लेकिन बीते कुछ अंतराल में आतंकवादी दिखने लगे थे। वे ही हमले कर रहे हैं। बेशक 2019 में जम्मू-कश्मीर को लेकर संविधान में सुधार किए गए थे, उनसे स्थिति बेहतर हुई, आतंकवाद से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर लगाम लगाई गई, लेकिन समस्याएं आज भी मौजूद हैं। कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता।

करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इन घटनाओं में सीमा पार की शह तो जगजाहिर है ही। ये घटनाएं यह भी बता रही है कि आतंकी साजिश रचकर घात लगाकर हमले करने लगे हैं। हमले भी इस इरादे से किए जाते हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हताहत हों जिससे डर का माहौल बने। तीर्थ यात्रियों की बस पर हमला ऐसी ही साजिश का हिस्सा थी। यह भी कहा जा सकता है कि अपनी कायराना करतूतों के माध्यम से ये आतंकी यह भी जताने का विफल प्रयास करने में जुटे हैं कि कश्मीर में अभी अमन-चैन लौटा नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में पर्यटन परवान पर चढ़ा है। लोकसभा चुनावों में कश्मीर में जिस तरह से मतदान प्रतिशत बढ़ा है उससे भी लगता है कि लोग अब राज्य में भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार का चुनाव करने को उत्सुक हैं।

आतंकियों को सीमा पार से मिल रही मदद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दिनों सुरक्षाबलों को मुठभेड़ में मारे गए आतंकी के पास बड़ी संख्या गोला-बारूद, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट और दवाइयां बरामद हुए हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि घुसपैठ कर हमारी सीमा में घुस आए आतंकियों के स्थानीय मददगार भी कम नहीं हैं। हमारे जवानों की शहादत भी इसलिए हो जाती है क्योंकि आतंकियों के इन मददगारों की कमर अभी पूरी तरह टूटी नहीं है। अमरनाथ यात्रा और संभावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं।

पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं, तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। यह जनता को तय करना होगा। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

## कविता

पिच-पिच,पिच पिच चली पिचकारी, नाक
काट कर धरी हमारी
जनता ने जनमत दे दिया ऐसा, 400 पार की कलई
उतारी

बड़ी मुश्किल से राम को लाये, कई लाख दीपक
जलवाये
रात अंधेरी सुबह हो गई, पर जनता को पसंद ना आये
अवधेश पासी छा गए सबपर, हार गए लल्लू ब्रह्मचारी

आशियानो को तहस नहस कर, एयरपोर्ट, सड़कें बिछवाई
ईवीएम को धोखा देकर, भक्त जनों की करी कुटाई
इनसे कैसे बदला ले हम, पूछ रहे हैं हम चंदन धारी

कोर्ट खरीदा इन्हें हराया, आस्था पर फैसला करवाया
फैसला करने वाले जज को, राज्यसभा का टिकट थमाया
उल्टे सीधे खेल तमाशे, मतदाता पर पड़े ना भारी

पीएम जी ने रगड़ा माथा, पूरी की सबकी अभिलाषा
भगवा धोती कुडत पहनकर, मुहूर्त की बदली परिभाषा
दर्शन में भी बंदर बांटकर, बुजुर्ग जनो से की गद्दारी

राक्षसों सुनो कान खोलकर, हम सब का बाइकाट करेंगे
तुम्हारी चाय दे और खान-पान का बिल्कुल सेवन नहीं
करेंगे पांच साल तक भुगतो सबको, राम लला से की
मक्कारी

**संजीव**

## भीष्म पितामह की लोन गारंटी

**रामविलास जांगिड़**

**हुआ** यूं कि अचानकली सडनता से राम राज्य आ गया। पिछले दिनों सरकार ने जो वादा किया था, वह पूरा हो गया। कहीं कोई लड़ाई नहीं, झगड़ा नहीं, दंगा-फसाद नहीं! परम शांति! झूठ झपट जाल सब बंद! पुलिस महकमा खतम हो गया। कुछ तेज तर्राट पुलिस अधिकारियों ने आसपास की सर्कस कंपनियां ज्वाइन कर ली। सर्कस में वे रात-रात भर इसका हाथ छोड़कर, उसका हाथ पकड़ते और हवा में झूलते। बच्चे लोग पुलिस के ऐसे कारनामे देखकर तालियां पीटते। कुछ पुलिस कुर्मी जो बेचारे ढीले-ढच थे, उन्होंने कविता बाजी करना शुरू कर दिया। वे इधर-उधर मारामारी करके कविताएं लिखते और उसे फेसबुक पर फेंक मारते। एक-एक लाइक के लिए वे अपनी जाजम बिछाते। ताजी राते हिंद दफा 305 के तहत मुलजिम को बाय इज्जत बरी किया जाता है, जैसी आवाजें आना बंद हो गई। न्यायकर्मी एकाएक बेरोजगार हो गए। वे सब पड़ोस की सब्जी मंडी में शिफ्ट हो गए। वहां वे मिलॉर्ड टमाटर ले लो! मिलॉर्ड भिंडी ले लो जैसे शास्त्रीय गीत हवा में उछालने लगे। महकमा-ए-इंसाफ शानदार ढंग से साफ हो गया। रावण ने अपना अहंकार गुस्सा आदि हिंद महासागर में दफन कर दिया। वह एक नदी किनारे प्रेम-प्यार से रहने के धंधे में कूद कर प्रवचन बांचने लग गया। उसके सिरों पर बच्चे बढ़िया तरीके से झूला झूल सकें, इसके लिए प्रवचन कंपनी के इवेंट मैनेजर द्वारा टिकट का प्रावधान भी था। कुछ बच्चे रावण की दोनों मूंछों को खींचते, तब रावण बड़े ही प्रोफेशनल तरीके से मंद-मंद मुस्कुराता। कुछ सयाने मां-बाप उसके गदे को बच्चों के हाथों में थमा कर स्वीट सेल्फी लेते और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करते। शीघ्र ही रावण कथा बांचने के धंधे का बड़ा खिलाड़ी हो गया। इधर दुशासन ने साड़ी खींचने जैसा राजकीय कार्य छोड़-छाड़ कर शहर में एक साड़ी शोरूम खुला खोल लिया। शोरूम की किस्तें टाइम पर चली जाए इसके लिए लोन की गारंटी आदरणीय भीष्म पितामह ने दी। जो भी महिलाएं दुशासन के शोरूम पर जाती वह उन्हें हाथ जोड़ता। उन्हें दंडवत प्रणाम करता। पड़ोस के शोरूम से पानी-पतासे खिलाता और माता श्री -भगनी श्री जैसे मृदुल वचनों से उन्हें साड़ी की वैरायटी दिखाने लगता। वह एक साड़ी खरीदने पर तीन साड़ियां भी मुफ्त में देने लगा था। दुशासन देश का जाना माना साड़ी व्यापारी हो गया। सीन यह बना कि कंस ने सारी मामागिरी छोड़कर यमुना किनारे एक आइसक्रीम का ठेला लगा लिया है। वह साइकिल के करियर के पीछे बांधकर 3 किलोमीटर दूर स्थित आइस फैक्ट्री से बर्फ की एक सिल्ली लाता। उसे ठेले पर रखना और रंदा मार कर बर्फ का कचरा कूट करता। वह बर्फ का गोला बनाकर पांच पैसे में तीन तीन बर्फ के गोले बच्चों को पकड़ाता। बर्फ के गोले चूसते हुए बच्चे बाकायदा कंस के मोटे से पेट पर गुदगुदी कर सकते थे। उसकी पीठ में चिकोटी काट सकते थे। बच्चों के गुदगुदी करने की कोई मनाही नहीं थी।

## विचार

# बच्चों को दबाव मुक्त, रुचिकर विषयों में उच्च शिक्षा के अवसर दे

**डा.मनमोहन प्रकाश**

**सामान्य** रूप से मई-जून-जुलाई का समय विधार्थियों के लिए यूजी-पीजी के लिए विषय, उपाधि और शिक्षण संस्थान के चयन का समय होता है क्योंकि बोर्ड एवं तथा स्नातक उपाधि के परीक्षा परिणाम आ चुके होते हैं।नये विषय और शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना होता है। यद्यपि यूजीसी इस सत्र से साल में दो बार प्रवेश प्रक्रिया की अनुशंसा की है।कुछ कोर्सेज(सामान्यतया तकनीकी शिक्षा) तथा कुछ शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रतिस्पर्धी परीक्षा की मेरिट से होता है, कुछ लिखित टेस्ट के साथ साक्षात्कार को भी महत्व देते हैं। जबकि कुछ गैर-तकनीकी कोर्सेज में प्रवेश मेरिट से होता है।न सिर्फ माता-पिता अपितु शिक्षार्थी की भी यही इच्छा होती है कि उच्च शिक्षा के लिए उसे अच्छे विषय(ज्यादा रोजगार संभावना वाले) के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर की शिक्षा के लिए किसी अच्छे शिक्षण संस्थान में प्रवेश मिले । उद्देश्य यही रहता कि कुछ बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के साथ अनुशासित जीवन जीने को मिले, प्लेसमेंट की संभावना अच्छी हो तथा शिक्षण संस्थान का वातावरण पढ़ने-पढ़ाने का हो , विधार्थियों के बीच स्पर्धा स्वस्थ हो ।ऐसा देखने में आया है यदि विधार्थी विज्ञान से अच्छे अंकों के साथ बारहवीं पास है तो मां-बाप की पहली पसंद अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा (इंजीनियर, डाक्टर, फामेर्सी , कृषि , पैरामेडिकल कोर्सेज आदि) दिलवाना या प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए अनुकूल विषय के साथ अच्छा संस्थान चुनना प्राथमिकता रहती है। आजकल कुछ दूसरे अच्छे रोजगारोन्मुखी कोर्सेज विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं जिस ओर भी विधार्थी और उनके पालकों का ध्यान जा रहा है जैसे कृषि, पशुपालन,डेरी, फामेर्सी, खेलकूद, फोरेंसिक साइंस,फिशरीज, जैवप्रौद्योगिकी, बायो इंफोर्मेटिक्स, बीज तकनीकी, हॉर्टिकल्चर, कम्प्यूटर विज्ञान, आईटी,डाटा सांइस, साइबर तकनीक, मनोविज्ञान।जो विधार्थी गणित और विज्ञान में कमजोर है वे कला, वाणिज्य, मिडिया/पत्रकारिता, पुस्तकालय विज्ञान, की ओर रुख करते हैं।आजकल अर्थशास्त्र, शिक्षा,विधि और प्रबंधन के इंटीग्रेटेड कोर्सेज की ओर भी कुछ विधार्थियों का रुझान बढ़ा है। कोर्सेज कोई भी हो विधार्थियों की दिली इच्छा होती है कि वे आईआईटी,आईआईएम, एनआईटी, एम्स, आईआईएस,आईआईआईटी, जेएनयू ,जैसे ख्याति प्राप्त, अच्छी रैंकिंग वाले शिक्षण संस्थान से शिक्षा ग्रहण करें। जिन विद्यार्थियों ने पहले से ही शासकीय-प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए मन बना लिया है वे कला के विषयों का चयन करना भी पसंद करते हैं वो भी हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के साथ। यद्यपि डाक्टर, इंजीनियर तथा अन्य विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर लेने के बाद भी उच्च प्रशासनिक सेवाओं(आईएएस, आईएफएस, आईपीएस, आईएसएस, पीसीएस आदि), बैंकिंग सेक्टर तथा सेना में जाने की ओर रूझान बढ़ा है क्योंकि इन सर्विसेज में तुलनात्मक दृष्टि से सुविधाएं/अधिकार अधिक है, समाज में सम्मान भी ज्यादा है। संगीत, नाट्य और पेंटिंग की पढ़ाई करने वाले कम ही युवा शिक्षार्थी रहते हैं पर जो है वो पूरी तरह से अपने विषय के लिए समर्पित दिखाई देते हैं।

शिक्षाविद् होने के नाते मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए, विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वस्तुतः सभी विषय अच्छे हैं, सभी में रोजगार की संभावनाएं भी हैं यदि विधार्थी पूर्णमनोयग से, क्षमता और मेहनत से, ईमानदार तरीके से, एकनिष्ठ, एक लक्ष्य (श्रेष्ठ शिक्षा हासिल करना) रखकर विषय की शिक्षा ग्रहण करता है, विषयों की शिक्षण सामग्री को आत्मसात करता है, विषय के सैद्धांतिक और प्रायोगिक पहलुओं को समझता है और अच्छी ग्रेड से उत्तीर्ण होता है। ऐसा देखने में आता है कि विषय चुनने के संबंध में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली विद्यार्थी होते हैं जिन्हें अपनी पसंद के विषय चुनने का अवसर मिलता है अन्यथा ज्यादातर विधार्थी माता-पिता, भाई-बहन, नाते-रिश्तेदार द्वारा सुझाए गए विषयों का ही चयन करते हैं या फिर दोस्त जिस विषय को पढ़ने के लिए चुनता है उसका चयन करते हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुँचा-घोल का झोल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बड़ी** गजब स्थिति थी। ऊपरवाले का नाम लिया और नाक बंद कर के झट से एक घूँट गले के नीचे ढकेल दिया। लेकिन यह क्या... जैसे ही मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुँचा अजीबोगरीब हलचल होने लगी। पेट ऐंठने लगा। मैंने ताऊ से कहा झ्र पेट गड़बड़ा रहा है। उन्होंने कहा झ्र अरे छुटके! यह तो पिछले साल वाला मेनिफेस्टो वाला घोल था। इसी को झेल नहीं पाए तो इस बार के मेनिफेस्टो वाले घोल को खाक झेल पाओगे। जितने दल उतने मेनिफेस्टो घोल होंगे। आज एक भी मेनिफेस्टो ऐसा नहीं जिसे तुम हजम कर सको। राजस्थान को ले लो, तेलंगाना को ले लो या फिर मध्य प्रदेश को ले लो, चाहे जिसे ले लो तुम्हारे पेट में गड़गड़ाहट होना तय है। हमारा देश गड़गड़ाहट पहले पैदा करता है भारत बाद में कहलाता है। छुटके से रहा नहीं गया। उसने ताऊ से गिड़गिड़ाते हुए एक लोटा पानी माँगा। ताऊ समझ गए कि छुटका एक लोटा पानी पीकर देश की गड़गड़ाहट से छुटकारा पाना चाहता है। । उनके बाल धूप में थोड़े न पके थे, सो उन्होंने अपना अनुभव दिखाया। एक लोटे में पंद्रह लाख जुमले वाला पानी भर लाए और छुटके को थमा दिया। छुटके ने पूछा झ्र कहाँ का पानी है? ताऊ बोले झ्र यह ऊँचे-ऊँचे जुमलों का मनलुभावन जल है। मेरी आदत है कि मुझे जो कोई जुमला अच्छा लगता है उसे भर-भरकर ले आता हूँ। अगर तुम्हें गरम पानी चाहिए तो बताओ मणिपुर कांड का पानी भी दो बोतल भरकर लाया हूँ। छुटके ने कहा झ्र नहीं, नहीं! मुझे गरम पानी नहीं चाहिए। जुमले वाला पानी ही ठीक है। जुमले वाला पानी पीने के बाद छुटका ताऊ को मंद-मंद मुस्कान के साथ देखने लगा। ताऊ ने कहा झ्र अब बताओ कैसा लग रहा है? कुछ राहत मिली। या फिर दो करोड़ नौकरी वाला ठंडा-ठंडा कूल-कूल पानी पिलाऊँ। छुटके ने कहा झ्र अरे ताऊ! जब से यह जुमले वाला पानी पिया है, मेरे भीतर की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही है। मुझसे रहा नहीं जाता। लगता है हँस-हँस के मैं कहीं पागल न बन जाऊँ।

## बेघर परिवारों को मिलेंगे घर

**प्रमोद भार्गव**

**प्रधानमंत्री नरें**द्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही घर का सपना देख रहे लोगों के सपने को साकार करने का प्रबंध कर दिया। हाशिए पर पड़े घर से वंचित और गरीब के लिए अपना घर बड़ी सौगात है। केंद्रीय मंत्रीमंडल की पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) योजना के अंतर्गत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को स्वीकृति दे दी गई है। यह योजना भारत सरकार का एक समाज कल्याण प्रमुख कार्यक्रम है। इसे प्रधानमंत्री ने 2015 में आरंभ किया था। इस योजना के अंतर्गत राजग के बीते दो कार्यकालों में गरीब पात्र परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ 21 लाख घरों का निर्माण किया गया है। ये घर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जो अपने गांव के कच्चे घरों में और नगरीय क्षेत्रों में ऐसे ही घरों में रहने को मजबूर हैं। इस योजना के तहत जिस व्यक्ति के पास अपना भूखंड है, उसे आर्थिक मदद दी जाती है। नतीजतन इस योजना के अंतर्गत उन व्यक्तियों के घर का सपना पूरा हो रहा है, जो आर्थिक बदहाली के चलते घर बनाने में सक्षम नहीं है। हालांकि इस योजना पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मोदी ने 17 जुलाई 2020 को गारंटी दी थी कि 2022 तक प्रत्येक भारतीय के सिर पर छत होगी, जो खेखली साबित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरों में बेघरों को घर देने के लिए दो नई योजनाएं चल रही हैं। नया घर बनाने के लिए 9 लाख के ऋण पर 4 फीसदी और 12 लाख रुपए तक के कर्ज पर 3 प्रतिशत ब्याज दर में छूट दी जाती है। वर्तमान ब्याज दर 9.5 फीसदी है। बीते दस सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं। इन घरों में राज्य सरकारों की मदद से षोचालय एलपीजी गैस, बिजली और नल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी दी जाती हैं। अब इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं षहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता देने की घोशणा की है, जिससे आम आदमी का जीवन सुगम व सहस हो सके।

# गैस से राहत दिलाता है पवनमुक्तासन

पीएम नरेंद्र मोदी की योगासनों की एनिमेटे सीरीज में शुक्रवार को पवनमुक्तासन के बारे में जानकारी दी गई। इस आसन को करने से पेट की कई तकलीफों से राहत मिलती है



और कमर व रीढ़ की हडड्ी के लिए भी यह आसन फायदेमंद है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर का लचीलापन बना रहता है। विभिन्न योगासनों पर आधारित सीरीज में पीएम मोदी के एनिमेटेड वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें वह हर दिन अलग-अलग योगासनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं। आज जारी वीडियो सुबह 8.00 बजे शेयर किया गया। पीएम के इस वीडियो को अब तक 80 हजार से ज्यादा बार देखा जा चुका है। इसे 15 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले चुके हैं और 3200 से ज्यादा बार रीट्वीट किया जा चुका है। पिछले साल भी योग दिवस से पहले पीएम ने योगासन करते हुए अपने कई वीडियो ट्वीट किए थे।

## क्या है पवनमुक्तासन

पवनमुक्त का अर्थ है पवन या हवा को मुक्त करना। इस आसन पेट की वायु निकालने में मदद करता है, इसलिए इस आसन का नाम पवनमुक्तासन है।

## पवनमुक्तासन के लाभ

पीठ व पेट कि मासपेशियों को मजबूत बनाता है। हाथों व पैरों की मासपेशियों को मजबूत बनाता है। पेट एवं दूसरे इन्द्रियों की मालिश करता है। पेट में से वायु को निकलता है और पाचन क्रिया में मदद करता है। रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और पीठ व कूल्हे के जोड़ के हिस्से को तनाव मुक्त करता है।

# बारिश में छोटे बच्चों की देखभाल

बरसात यानी मॉनसून के मौसम में शिशु को की तरह की बीमारियों का खतरा होता है, जैसे- खांसी, जुकाम, बुखार, त्वचा पर दाने, त्वचा पर रैशेज, चकत्ते, इंफेक्शन आदि। इन सभी से बचाव के लिए जरूरी हैं कुछ मॉनसून स्पेशल बेबी केयर टिप्स, जानें इन्हें।



बारिश के मौसम (मॉनसून) में छोटे बच्चे बहुत ज्यादा बीमार होते हैं। इस मौसम में शिशुओं को बहुत ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। दरअसल तेज गर्मी के बीच अचानक बारिश के कारण तापमान जल्दी-जल्दी कम-ज्यादा होता रहता है और मौसम में नमी आ जाती है, जिसके कारण छोटे बच्चों में बुखार, खांसी, जुकाम, बैक्टीरियल एलर्जी, फंगल इंफेक्शन, दाद-खाज आदि का खतरा बढ़ जाता है। आइए आपको बताते हैं मॉनसून सीजन में छोटे बच्चों की देखभाल के लिए जरूरी टिप्स।

## बच्चे को गीला न होने दें

मॉनसून के मौसम में बैक्टीरिया और वायरस बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं, इसलिए जरूरी है कि आप बच्चों को गीला न होने दें। शिशु को बरसात के पानी में भीगने से बचाएं। इसके अलावा घर के बिस्तर, कपड़े, फर्श आदि को भी गीला होने से बचाएं। थोड़े-थोड़े समय में शिशु की नैपी/लंगोट चेक करते रहें। शिशु के पेशाब या पॉटी करने के बाद थोड़े समय में ही बैक्टीरिया एक्टिव हो जाते हैं और शिशु की नाजुक त्वचा पर हमला कर सकते हैं। कई बार गीलेपन के कारण बच्चों को जुकाम-बुखार जैसी समस्या भी हो जाती है। इसके अलावा अगर आपका बच्चा थोड़ा बड़ा है, तो उसे पानी में खेलने, कपड़े गीले करने, पांव और सिर गीला करने से रोकें। कुल मिलाकर कोशिश करें कि आपका बच्चा हमेशा सूखा रहे।

## मच्छरों से बचाएं

बारिश के मौसम में शाम से ही मच्छर एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में शिशु को मच्छरों से बचाने के लिए दिन से ही घर के खिड़की-दरवाजों को बंद रखें और घर में पानी न जमा होने दें। अगर आपके आसपास मच्छर हैं, तो शिशु के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। ध्यान रखें कि शिशु के कमरे में कॉइल या मॉस्कीटो रिपलेंट का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे निकलने वाले धुंए शिशु के नाजुक फेफड़ों के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। अगर लगा भी रहे हैं, कोशिश करें कि धुंए वाले ये प्रोडक्ट शिशु से अधिकतम दूरी पर हो और उसका धुंआ सीधे शिशु के नाक या मुंह के संपर्क में न आए।

## शिशु के आसपास सफाई रखें

बारिश के मौसम में शिशु के शरीर के अलावा उसके आसपास सफाई रखना भी बहुत जरूरी है। दरअसल मौसम में नमी होने के कारण बैक्टीरिया की प्रजनन क्षमता काफी तेज हो जाती है। इसलिए उन्हें पनपने से रोकने के लिए साफ-सफाई बहुत जरूरी है। शिशु के कमरे में दिन में 2-3 बार पोछा लगाएं, ताकि मच्छर और दूसरे कीट-पतंग वहां न आएं। घर के कूड़ेदान, कूलर, किचन का सिंक, गैस आदि को अच्छी तरह साफ करें। इसके अलावा ध्यान रखें कि बचे हुए खाने को घर में जमा करके न रखें, बल्कि तुरंत बाहर फेंक दें या जानवर को खिला दें। घर के आसपास और घर के अंदर पानी न जमा होने दें, वर्ना डेंगू-मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनप जाएंगे।

## घर की दीवार, खिड़कियां चेक कर लें

मॉनसून से पहले ही घर की दीवार और खिड़कियां जरूर चेक कर लें। दीवारों या छत पर आने वाली सीलन से भी कई तरह की बीमारियां फैलती हैं। बरसात के बाद यदि दीवारों में फफूंद और फंगस लग रही है, तो इसे तुरंत हटाएं और दीवार की मरम्मत करवाएं। गीले माहौल में रहने के कारण शिशु को सर्दी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों का खतरा तो होता ही है। इसके साथ ही कई बार वे किसी गंभीर बीमारी का भी शिकार हो सकते हैं।

## एलर्जी चेक करते रहें

बारिश के मौसम में एलर्जी होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसलिए बच्चों के शरीर पर दिखने वाले छोटे मोटे रैशेज, दाद, खुजली आदि को नजरअंदाज न करें, क्योंकि ये तेजी से फैल सकता है। एलर्जी होने पर अपने मन से या मेडिकल स्टोर से खुद ही कोई क्रीम खरीदकर न लगाएं, क्योंकि शिशु की त्वचा वयस्कों से बहुत अलग और सेंसिटिव होती है। वयस्कों की क्रीम शिशु के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

# रेसिपी



## कटहल का अचार

### सामग्री

■ कटहल-500 ग्राम ■ नमक- 1/2 कप ■ चीनी-1/2 कप ■ सिरका-1 कप ■ लहसुन की कलियां- 6-8 ■ लाल मिर्च पाउडर- 3 टीस्पून ■ राई- 2 टीस्पून ■ जीरा-1/2 टीस्पून ■ सौंठ पाउडर-1 टीस्पून ■ इलायची- 2 ■ लौंग- 2, दालचीनी-1 इंच का टुकड़ा

### विधि

सबसे पहले हाथ में तेल लगाकर कटहल को धोकर छिल लें और उसमें नमक लगाकर दो से तीन दिन तक धूप में रखकर सूखा लें। तीसरे दिन एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें लहसुन डालकर फ्राई कर लें। अब उसमें सूखा हुआ कटहल और सभी मसाले डालकर मिक्स करें। इसके बाद इसमें सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करके दो मिनट तक पका लें। फिर इसे टंडा करके जार में भरकर 7-8 दिनों तक धूप में रख दें। इसके बाद इसे सर्व करें।



## दही कबाब

### सामग्री

■ चार कप गाढ़ा दही ■ दो प्याज
■ एक अदरक का टुकड़ा ■ 3 हरी मिर्च
■ आधा चम्मच हल्दी पावडर ■ आधा चम्मच लाल मिर्च पावडर, गर्म मसाला, कसूरी मैथी
■ दो चम्मच धनिया पत्ती
■ एक कप कॉर्नफ्लोर
■ दो टमाटर के स्लाइस
■ एक कप ब्रेड क्रम्ब्स
■ तेल ■ नमक स्वादानुसार।

### विधि

दही कबाब बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में दही के साथ बारीक कटा हुआ प्याज, अदरक और हरी मिर्च डाल लें। इसके बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च पावडर, कसूरी मैथी, गर्म मसला और धानिया पत्ती डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब कॉर्नफ्लोर डालें और बराबर भाग में बांटकर मनचाहा आकार दें। कबाब को ब्रेड क्रम्ब्स में रोल करें। सभी कबाब को तेल में सुनहरा होने तक तल लें। अब प्लेट में निकालकर मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज को व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

## लॉफिंग ज़ोन

रामलाल बहुत घबराया हुआ थाने पहुंचा. थानेदार ने जब घबराहट का कारण पूछा तो वह बोला, 'मेरी पत्नी मायके गई हुई है.'

मैं आज सुबह जब सो कर उठा तो देखा मेरे कमरे की अलमारी खुली थी. मेरा कीमती सामान व रूपए चोरी हो चुके थे. सब कुछ अस्त-व्यस्त था, 'संदूक टूटे हुए मिले. मेरे तो हाथों के तोते ही उड़ गए.'

थानेदार ने कलम उठाई और तुरंत बोला, 'कुल कितने तोते थे.'

☺ ☺ ☺

मीना (सीमा से) - तुम्हें नहीं लगता कि लगातार नीद की गोलियां खाने से इनकी आदत पड़ जाती है.

सीमा - बिल्कुल नहीं, मैं तो पिछले आठ साल से खा रही हूं. मुझे तो इनकी आदत नहीं पड़ी?

☺ ☺ ☺

प्रेमिका (प्रेमी से) - तुम जल्दी से बताओ कि मुझसे शादी करोगे कि नहीं?

प्रेमी (प्रेमिका से) - मैं इतनी जल्दी कुछ नहीं कह सकता.

प्रेमिका (प्रेमी से) - मुझे अभी जवाब चाहिए, क्योंकि आज ही मुझे औरों से भी यही सवाल करना है.

☺ ☺ ☺

## काकुरो पहेली - '4085



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो -4084 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- '4085



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नीं कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौंन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4084



## सूडोकु 4085

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4084 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 4085



**बाएँ से दाएँ**

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

शब्द पहेली -4084 का हल



## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना हाईवे अंतर्गत सूर्य नगर कॉलोनी निवासी लगभग 21 वर्षीय सचिन साहनी पुत्र श्रीकेश साहनी निवासी गांव छिबरा जिला संतकबीर नगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वह यहां रहकर पीओपी का कार्य करता था। गत रात्रि उसने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। इस संदर्भ में उसके चचेरे भाई सुजीत पुत्र गणेश शंकर ने बताया कि वह कुछ दिनों से किसी से फोन पर बात करता था जिसके लिए वह हमसे अलग होकर छत पर चला जाता था।

### थाना जैत पुलिस ने चार वारंटी पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैत पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों रिंकू पुत्र मन्तो निवासी बीज गोदाम के पास छटीकरा थाना जैत, भोला पुत्र प्रेम सिंह निवासी शमशान घाट टंकी के पास छटीकरा थाना जैत, प्रेमचंद पुत्र डल्ली निवासी मौरा थाना जैत, साहब सिह पुत्र डल्ली निवासी मौरा थाना जैत को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

### स्पीड ब्रेकर पर असंतुलित बाइक से गिरा युवक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार की सुबह सौंख स्थित बछगांव तिराहा स्थित कुम्हेर अड्डे के निकट की बने ब्रेकर पर एक बाइक सवार युवक असंतुलित होकर गिर गया। युवक बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों ने बताया कि बाइक में रफ्तार होने के कारण दुर्घटना होने पर युवक तीन चार फीट तक उछल गया था। राहगीरों की सूचना पर रोड पर तैनात पीआरबी ने घायल को केएम हॉस्पिटल पाली डूंगरा में भर्ती कराया। उपचार के दौरान युवक अचेत रहा। इस कारण से युवक की पहचान नहीं हो पाई है। अस्पताल के जनरल मैनेजर आशीष कुमार ने बताया कि पुलिस और अस्पताल प्रशासन घायल युवक की पहचान में जुटा है।

### ड्रोन कैमरा से रखी जा रही नाला सफाई पर नजर

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वर्षा के दौरान नगर में कहीं भी जलभराव न हो इसके लिए नालों की सेक्टर वाइज सफाई कार्य एवं अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बनाए सेक्टर प्रभारी तैनात किये गये हैं। नाला सफाई के लिए की जा रही कार्यवाही का निरंतर निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। नालों पर की जा रही कार्यवाही की ड्रोन के माध्यम निगरानी की जा रही है। वहीं जल निकासी के लिए स्थापित सभी संपवेल का निरीक्षण कर क्रियाशीलता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने दिये हैं। नगर आयुक्त ने सभी प्रभारी एवं सह प्रभारी के साथ साथ समस्त मुख्य सफाई निरीक्षक एवं सफाई निरीक्षकों के साथ बैठक ली। बैठक में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नाला सफाई का समय समय औचक निरीक्षण किया जाएगा एवं कहीं भी कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी अथवा सह प्रभारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी साथ ही निर्देशित किया गया कि नगर में जल निकासी के लिए स्थापित समस्त संपवेल की सत प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण कर लिया जाए। किसी भी स्थल पर संपवेल खराब पाए जाने पर उन्हें तत्काल ठीक करा दिया जाए। जिससे जल निकासी में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। इसके अतिरिक्त नाला सफाई की कार्यवाही कि ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी एवं वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। जिससे भविष्य में नालों पर पुनः अतिक्रमण न हो सके। बैठक में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, अनुज कौशिक सहायक नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, रामेश्वर दयाल कर निर्धारण अधिकारी, रामकैलाश अधिशासी अभियंता जल, रिजवान अहमद अधिशासी अभियंता, ट्रैफिक आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव के आवास पर पहुंचे परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव खरैती लाल सिंगला के परिजनों से मिलने के लिए हरियाणा के परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल पहुंचे। राज्य मंत्री सिंगला परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा भी उनके साथ मौजूद रहे।

# मथुरा: आयुष्मान के अधिक से अधिक कार्ड बनाने पर जोर

## -कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने ली बैठक

**बैठक संपन्न**

▶▶जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग बैठक संपन्न हुई।



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग बैठक संपन्न हुई। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं। जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के बैठने, पंखे, पेयजल एवं प्रसाधन के बेहतर से बेहतर प्रबंध किए जाए। सीएमओ को निर्देशित किया गया की कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित करे, कन्या के जन्म होते ही उनका रजिस्ट्रेशन कराएं। समस्त पीएचसी एवं उप केन्द्र स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को क्रियाशील कर अधिक से अधिक लोगों को ई संजीवनी ओपीडी से आच्छादित किया जाए। आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाएं और सभी केंद्रों की निरंतर प्रगति का निरीक्षण करे। आयुष्मान कार्ड बनाने में आंगनबाड़ी केंद्रो, राशन की दुकानों के कोटेदारों, आशा आदि की मदद लेते हुए अधिकाधिक कार्ड बनवाए।
संचारी रोग नियंत्रण हेतु जिला पंचायत राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तम स्वच्छता हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम को शहरीय क्षेत्र में फॉगिंग, टेम्फोस छिड़काव, नियमित साफ सफाई आदि के निर्देश दिए गए।

## रजिस्ट्री ऑफिस के सामने दस्तावेज लेखकों ने दिया धरना



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रजिस्ट्री कार्यालय में काम की परिस्थितियों से असंतुष्ट दस्तावेज लेखकों ने परिस्थितियों में सुधार की मांग की है। रजिस्ट्री ऑफिस में बैनामा पंजीकृत करने वाली ऑनलाइन साइट सुचारू रूप से न चलने के कारण आज समस्त दस्तावेज लेखको ने कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर कार्य स्थिति को सुधारने की उपनिबंधक से मांग की। इससे पहले दस्तावेज लेखक निबंधन समिति के पदाधिकारियों ने उप निबंधक को ज्ञापन सौंप कर साइट को ठीक करने की मांग की थी। आज सुबह रजिस्ट्री कार्यालय के सामने सुभाष चतुर्वेदी, संतोष कुमार गौतम, सोहनलाल शर्मा, एड महेंद्र निरंजन सिंह, बिल्लू सिंह, महावीर सिंह, ज्ञान प्रकाश एड, दिनेश कुमार, गजेंद्र पाल सिंह, विक्रम सिंह, हरीश शर्मा, पीएस पाठक, अनीता चावला सहित एक दर्जन से ज्यादा दस्तावेज लेखकों ने कार्यालय के बाहर धरना देकर बैनामा पंजीकृत करने वाली ऑनलाइन साइट को ठीक करने की मांग की है ।

## जीत के बाद धर्मनगरी पहुंचे सांसद साक्षी महाराज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के सात बार से सांसद स्वामी साक्षी जी महाराज वृंदावन पहुंचे हैं। संत कॉलोनी परिक्रमा मार्ग स्थित अपने आश्रम पर उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे भगवान बांके बिहारी, राधा रानी, श्री राम और ब्रजवासियों का आशीर्वाद मिला है। सबसे पहले मथुरा से चुनाव जीता और फिर लगातार सात बार सांसद बना हूं।



उन्होंने कहा कि अयोध्या से भाजपा की हार का कारण विकास नहीं जातिवाद है। जबकि वहां पांच विधानसभा है, लेकिन शहर अयोध्या में हम जीते हैं लेकिन सपा के प्रत्याशी का जातिगत वोट ज्यादा होने के कारण ग्रामीण इलाकों में उनकी जीत होना चिंता की बात है।
जबकि वहां सरकार ने विकास कार्य तेजी से किए। एयरपोर्ट बना, राम मंदिर बना, सड़कें और मार्केट बनीं मगर फिर भी जिन्होंने सरयू में खून बहाया उनकी जीत हुई और राम भक्त सेवा करने वाले हार गए। वहीं श्री कृष्ण जन्म भूमि और साही ईदगाह विवाद को लेकर कहा कि जैसे अयोध्या में राम मंदिर बना है वैसे ही मथुरा में भी भगवान श्री कृष्ण का भव्य और दिव्य मंदिर बनेगा।

## दो दिन से गायब बच्चे रेलवे जंक्शन पर मिले

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राया क्षेत्र के एक गांव से बुधवार को दो बच्चे अपने घर से साईकिल से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकले थे। काफी समय बाद भी बच्चे घर वापस नहीं आये। बच्चों के घर न पहुंचने से परिजन परेशान हो गये। परिजनों द्वारा काफी तलाश किया गया, लेकिन कहीं नहीं मिले। बच्चों के न मिलने से परिवार में कोहराम मचा था। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा गुरुवार को थाना राया पुलिस को दी गयी। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद थाना राया पुलिस ने बच्चों की तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को चौक किया गया तथा बच्चों का साईकिल से मथुरा शहर की तरफ जाना पाया गया। बच्चों को रेलवे स्टेशन मथुरा जक्शन से तलाश कर सकुशल बरामद किया गया तथा बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## निकायों में समस्त रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां की जाये: वर्मा

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम, कर्मचारी संघ, लखनऊ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां प्रदान किए जाने के आदेश पर माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा गया है कि आज के परिवेश के अनुरूप बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्यक्षेत्र के अनुसार सेवा आदेश-1962 में संशोधन करते हुए प्रदेश की निकायों में (सफाई कर्मचारी /चतुर्थ श्रेणी) संवर्ग सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत सेवा के विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियों किए जाने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से मांग की गई है।
संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से सादर अनुरोध करते हुए कहा गया है कि प्रदेश की निकाय सेवा आदेश-1962 के अनुरूप संचालित की जा रही है। निकाय की आबादी एवं कार्यक्षेत्र वर्ष 1962 में सीमित थे। निकायो की आबादी एवं कार्य क्षेत्र का 62 वर्षों में अत्यधिक व्यापक रूप से विस्तार हुआ है जिस कारण आज के परिवेश के अनुरूप सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए निकायों की बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्य क्षेत्र, कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत प्रदेश की निकायों में (सफाई कर्मचारी/चतुर्थ श्रेणी) संवर्गो सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत सेवा के संवर्गो में अधिकांश रिक्त पद है, जिस पर कई वर्षों से नियमित नियुक्तियां ना होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों को सुगमता के साथ प्राप्त करने में तथा विभागीय कार्यों के संपादन में निकायों को अत्यंत ही कठिनाइयों का होना स्वाभाविक है। जिसके निदान की आवश्यकता है।
आज के परिवेश के अनुरूप बड़ी हुई आबादी एवं बढ़े हुए कार्य क्षेत्र के अनुसार सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए (सफाई कर्मचारी/ चतुर्थ श्रेणी) संवर्गों सहित केंद्रीयत/अकेंद्रीयत के विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करने का कष्ट करें। ताकि उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ प्रदेश के निकाय प्रदेश के नागरिकों को और अधिक सुगमता के साथ प्रदान करने तथा विभागीय कार्य को भी और कुशलता के साथ करने में सफल हो सके। एवं सरकार की नेक मंशा को पूर्णरूपेण धरातल पर उतार सके।

## हरियाणा कमेटी शिविर में 500 विद्यार्थियों को दे रही है गुरमत का ज्ञान: भूपिंदर सिंह

**का-**

▶▶हरियाणा कमेटी शिविर में 500 विद्यार्थियों को दे रही है गुरमत का ज्ञान : जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि बच्चें देश व कौम का भविष्य हैं। इसलिए उन्हें बपचन में ही गुरमत और धर्म की जानकारी देना बहुत अनिवार्य है। इसी उद्देश्य को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा बाला प्रीतम दूसरा गुरमत प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही ऑठवीं पंजोखरा साहिब में लगाए गए इस शिविर में 500 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। जिन्हें शिविर के पहले दिन 12 जून से ही धर्म व गुरमत का ज्ञान दिया जा रहा है। शिविर के दौरान दस्तार सजाना, गतका प्रशिक्षण, गुरमत चित्रकारी के गुर सिखाए जा रहे हैं। आज वीरवार को वे स्वयं शिविर का जायजा लेने पहुंचे और उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें गुरमत से जुड? के लिए प्रेरित किया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि शिविर में सिख पंथ के महान विद्वान बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी साहब सिंह शाहाबाद मारकंडा वालों ने बच्चों को गुरबाणी से जुड? के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें गुरमत का महत्व समझाया। अजराना ने कहा कि बच्चों का जीवन कोरे कागज की तरह होता है, उस पर जो भी छाप छोड़ो, वे उसे जीवन भर नहीं भूलते। इसलिए हरियाणा कमेटी ने बच्चों को धर्म, गुरमत व गुरु साहिबान के जीवन इतिहास की जानकारी देने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने बताया कि शिविर में अंबाला शहर, कैंट व जिला के आसपास के गांवों से भाग ले रहे बच्चों को हरियाणा कमेटी के अधीन चल रहे शिक्षण संस्थान की बसों से घर से लेकर आने व छोड़ कर जाने का प्रबंध भी किया गया है। शिविर में प्रसिद्ध कवि तथा रिटायर प्रिंसीपल गुरचरण सिंह जोगी, कॉलेज प्रिंसीपल सुखदेव सिंह, प्रचारक गुरजोत सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ उपप्रधान सुदर्शन सिंह सहगल, कार्यकारिणी सदस्य टीपी सिंह, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, उप सचिव रूपिंदर सिंह, कुलदीप सिंह भानोखेड़ी, पीए बलजीत सिंह चट्ठा, प्रचारक रणजीत सिंह, अमरिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, गतका कोच परमजीत सिंह, दस्तार कोच प्रभजीत सिंह, दिलदीप सिंह, गुरुद्वारा साहिब के मैनेजर हरविंदर सिंह तथा बाला प्रीतम प्रचार लहर से परविंदर सिंह मौजूद रहे।

## टी-20 वर्ल्डकप 2024 क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा बुकी संचालित करते 4 सटोरिए गिरफ़्तार



**राकेश आजाद/टीम एक्शन इंडिया**
पीलीबंगा। टी-20 वर्ल्डकप 2024 क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले सटोरियों को धर दबोचने में जिला कप्तान विकास सांगवान की स्पेशल पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।
पुलिस टीम ने कस्बे के पॉश इलाके के एक मकान में दबिश देकर बांग्लादेश ५२ नीदरलैंड मैच के दौरान मोबाइल और लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा लगाते 4 जनों को रंगे हाथ पकड़ा गया है।मेन बुकी कमल अग्रवाल समेत चार सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप, एंड्राइड मोबाइल फोन,कीपैड मोबाइल,अटैची सहित लाखों रुपए का हिसाब जब्त किया गया है।दरअसल,पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिले में अपनी पदस्थापना के बाद से ही जिले को जुआ-सट्टा,नशा,अवैध धंधों और अपराधियों से मुक्त करने का बीड़ा उठा रखा है। वहीं इसी क्रम में स्थानीय पुलिस भी अवैध धंधो के कारोबार के विरुद्ध पुलिस कप्तान के निर्देशन व डीवाईएसपी हंसराज बैरवा के निकटतम सुपरविजन में लगातार अभियान चला रही है।अभी टी-20 मैच के चलते पुलिस की सख्ती की वजह से सटोरियों ने अपना तरीका बदलकर कस्बे में क्रिकेट सट्टे के अवैध कारोबार का संचालन करना शुरू कर दिया, लेकिन इनपुट के आधार पर पुलिस स्पेशल टीम ने गत देर रात्रि को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सट्टे के ऑनलाइन नेटवर्क को क्रैक करने में सफलता प्राप्त की है।

## सेक्टर 14 कम्युनिटी सेंटर में नगर निगम द्वारा शुरू किया गया नागरिक सुविधा केंद्र (सी एफ सी )

सोनीपत : नगर निगम द्वारा शुक्रवार को वार्ड नंबर 3 के सेक्टर 14 में बने कम्युनिटी सेंटर में नागरिक सुविधा केंद्र की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान ,निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित सभी संबंधित निगम अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिक के एल राजपाल द्वारा रिब्बन काटकर सी एफ सी केंद्र का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम द्वारा हर वार्ड में एक सी एफ सी केंद्र खोला जायेगा ,जहाँ निगम वासी नगर निगम की सभी ऑन लाइन सुविधाओं एवं सभी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। अभी तक चार वार्डों में सी एफ सी केंद्र खोले जा चुके हैं। मेयर ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स भरने के समय और अन्य कार्यों के लिए नगर निगम के मुख्य कार्यालय में बने सी एफ सी काउंटर पर अक्सर काफी भीड़ हो जाती है जिससे बड़े बुजुर्गों और माताओं बहनों को काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है।

## चांदी कारखाने में गैस लीक होने के बाद लगी भीषण आग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीड़ास्थली में कई दशकों से चांदी की पायल बनाने का काम लघु उद्योग के रूप में घर-घर में फैला हुआ है जिसमें मंडी रामदास चौक बाजार कच्ची सड़क यहां के जुड़े हुए सभी गली मोहल्ले में ८0 फीसदी घरों में यह काम होता है पूर्व में केरोसिन का इस्तेमाल होता था अब उसकी जगह एलपीजी गैस में ले ली है मजे की बात है किसी भी चांदी कारोबारी के घर या कारखाने में आग बुझाने के साधन उपलब्ध नहीं है इस कारण छोटी-मोटी घटनाएं आए दिन होती रहती है शुक्रवार को घटी घटना बड़ी होने के कारण मीडिया और प्रशासन की नजर में आ गई है जरूरत है ऐसे घरों को कारखाने को चिन्हित कर उनके यहां अग्निशमन विभाग के द्वारा आग बुझाने के उपकरण अनिवार्य जाने चाहिए ।



जानकारी के अनुसार शहर के मुहल्ला मंडी रामदास की गली रावलिया के एक घर में चांदी का छोटा कारखाना चल रहा था। यहां पांच लोग काम करते हैं। शुक्रवार सुबह हैदर अली, अजहर अली निवासी मिलन टाकीज, मुकेश वर्मा व नरेश वर्मा निवासी भूतेश्वर यहां काम करने पहुंचे।
दोपहर करीब 1.30 बजे गैस लीक होने से अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया। अग्निकांड से मुहल्ले में दहशत फैल गई। लोग आग शांत करते उससे पहले ही तेज आवाज के साथ सिलेंडर फट गया।बाद में पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। अग्निकांड में चारों लोग झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## कॉलोनी की जाने वाले मार्ग पर ऑटो चालकों ने बनाया स्टैंड

**असुविधा**

▶▶दोनों ही प्रवेश मार्गो पर टेंपो चालक सड़क पर अपने टेंपो को लगाकर खड़ा कर देते हैं।



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री व व्यापार मंडल वृंदावन के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गौरा नगर कॉलोनी वृंदावन की सबसे बड़ी और प्रसिद्ध कॉलोनी है। इस कॉलोनी के लिए जाने हेतु एक मार्ग अंबेडकर पार्क के बगल से जाता है तथा दूसरा भैंसा गोदाम के बगल से है, लेकिन दोनों ही प्रवेश मार्गो पर टेंपो चालक सड़क पर अपने टेंपो को लगाकर खड़ा कर देते हैं। जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।
वहीं उन्होंने कहा कि टेंपो चालकों की इस मनमानी के चलते आए दिन यहां पर भयंकर जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि वृंदावन के लिए यह चौराहा भी सबसे प्रसिद्ध माना जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को यहां पर बेहतर व्यवस्थाएं तैयार करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले वृंदावन में दो और टेंपो स्टैंड थे, लेकिन अब टेंपो चालकों ने कॉलोनी को जाने वाले मार्ग पर ही अपने स्टैंड बना लिए हैं। जिसके चलते कॉलोनी में जाने आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।
उन्होंने प्रशासन से मांग की की इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। वहीं उन्होंने बताया कि टेंपो चालकों से कुछ कहने पर वह लोगों से लड़ झगड़ जाते हैं। कई बार यहां पर टेंपो को हटाने को लेकर विवाद हो चुके हैं, लेकिन उसके बावजूद भी स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई है।

## RWA के प्रयासों से सेक्टर को मिली पानी की किल्लत से निजाद

**उदघाटन**

▶▶सेक्टर 24 पार्ट-1 में एक डीप टयूबवेल का उदघाटन व सेक्टर वासियों ने नारियल फोड़ कर किया।



**पानीपत /टीम एक्शन इंडिया**
कमाल हुसैन सेक्टर 24 पार्ट-1 में एक डीप टयूबवेल का उदघाटन व सेक्टर वासियों ने नारियल फोड़ कर किया।
सेक्टर में पिछले काफी समय से पीने के पानी जी किल्लत व पानी मे मिट्टी की समस्या से जूझ रहा था। पहअ लगभग पिछले 3 वर्ष से हुडा विभाग से संपर्क करके सेक्टर में डीप ट्यूबवेल लगवाने की मांग कर रहा था।
आज 14 जून को 3 साल की मेहनत सफल हुई और टयूबवेल का काम पूरा गया औ? सेक्टरवासियों ने नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया।
इस अवसर पर सेक्टर के प्रधान कँवल सहारण, उपप्रधान कृष्ण बंसल, महासचिव डॉ सोनू सिंह, सचिव पवन बंसल, सह सचिव कौशल शर्मा, चेतन मित्तल , महावीर मालिक, विजयपाल , मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## अंबुजा सीमेंट्स ने 10,422 करोड़ रुपये में पेन्ना सीमेंट का किया अधिग्रहण

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का 10,422 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने का ऐलान किया है। इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी. प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 फीसदी शेयर खरीदेगी। इस अधिग्रहण से सीमेंट बाजार में अडाणी समूह की अखिल भारतीय हिस्सेदारी दो फीसदी और दक्षिण भारत में आठ फीसदी बढ़ जाएगी। इसके साथ ही अडाणी समूह के समुद्री परिवहन लॉजिस्टिक्स को भी मजबूती मिलेगी।

## हवाई किराये की समीक्षा करेगी सरकार : राममोहन नायडू

एजेंसी
**नईअदिल्ली ।** तेलुगु देशम पार्टी कोटे से मंत्री बने किंजरपु राममोहन नायडू ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद नायडू ने मीडियाकर्मियों से कहा कि सरकार हवाई यात्रा किराये की समीक्षा करेगी। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। मेरा पूरा इरादा यह सुनिश्चित करना है कि हवाई यात्रा आम आदमी के लिए सुलभ हो। इसे



हकीकत बनाने के लिए किराया सस्ती होनी चाहिए। मेरी प्राथमिकता हवाई किराया को कम करना होगा। उल्लेखनीय है कि देश के विमानन क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, लेकिन घरेलू वाहकों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े व्यवधानों से जूझना पड़ता है, जिससे हवाई किराया में वृद्धि होती है। हालांकि, देश के एयरलाइन कंपनियों ने नए विमान का ऑर्डर दिया है।

## जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को, सीतारमण करेंगी अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार का गठन होने के बाद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की पहली बैठक 22 जून को राजधानी नई दिल्ली में होगी। जीएसटी काउंसिल ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में परिषद की ये 53वीं बैठक होगी। जीएसटी परिषद देश




में वस्तु एवं सेवा कर के संदर्भ के आधार पर किसी भी कानून या विनियमन को संशोधित करने, समाधान करने या प्राप्त करने के लिए एक शीर्ष सदस्य समिति है।

## वित्त मंत्री से आईएफएससीए के अध्यक्ष के. राजारमन ने मुलाकात की

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के अध्यक्ष के. राजारमन केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले। आईएफएससीए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण कानून, 2019 (आईएफएससीए कानून) के तहत स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्रों (आईएफएससी) में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों को विकसित और विनियमित करने का अधिकार है।

## रत्न आभूषण क्षेत्र का निर्यात प्रदर्शन इसकी मजबूती दर्शाता है: जीजेईपीसी-इंडिया

**मुंबई।** भारतीय रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी-इंडिया) ने निर्यात के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि देश के रत्न और आभूषण क्षेत्र में मजबूती बनी हुई और कारोबार में वृद्धि जारी है।रिपोर्ट में कहा गया है चालू वित्त वर्ष में पहले दो महीनों अप्रैल - मई 2024 में रत्न और आभूषणों का सकल निर्यात 469.16 करोड़ डॉलर (39123.07 करोड़ रुपये) के बराबर रहा, जो एक सराहनीय प्रदर्शन दर्शाता है।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार, कीमत पर है सरकार की नजर

एजेंसी
**नईअदिल्ली ।** सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इसलिए अभी अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जमाखोरी रोकने और कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार गेहूं के बाजार मूल्य पर कड़ी नजर रख रही है।

मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की




है। मंत्रालय के मुताबिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की जरूरत पूरा करने के बाद आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा। देश में एक जनवरी, 2024 तक गेहूं का बफर स्टॉक 1.38 करोड़ टन के निर्धारित बफर मानदंड के मुकाबले एक करोड़ 63.5 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि गेहूं का स्टॉक कभी भी तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया है। दरअसल तिमाही बफर स्टॉक सालभर अलग-अलग होता हैं

# भारत ने यूएई को पहली खेप में भेजा उच्च गुणवत्ता वाला 8.7 टन अनानास

**नई दिल्ली।** भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को उच्च गुणवत्ता वाले एमडी 2 किस्म के 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने यूएई को एमडी 2 किस्म के उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप का सफल निर्यात किया है। एमडी 2 किस्म का अनानास को 'गोल्डन रिप' या 'सुपर स्वीट' के नाम से पहचाना जाता है। यह अपनी असाधारण मिठास और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। इसकी महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग जिले में खेती की जाती है।

मंत्रालय ने बताया कि यह भारत के कृषि निर्यात इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो वैश्विक बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले




अनानास का उत्पादन तथा आपूर्ति करने की हमारी क्षमता को दर्शाता है। डेल मोंटे ने 1980 के दशक में चुनिंदा (कृत्रिम) तरीके से इसकी पैदावार की। इसके बाद से यह अनानास उद्योग में स्वर्ण मानक बन गया है, जिसकी कोस्टा रिका, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे देशों में महत्वपूर्ण खेती की जाती है।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी
**नई दिल्ली।** महंगाई दर में आई कमी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की सकारात्मक टिप्पणी के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार खरीदारी का जोर बना रहा। हालांकि मंदड़ियों ने भी दिनभर मुनाफा वसूली करने की कोशिश जारी रखी। इसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में उतार-चढ़ाव भी होता रहा। इसके बावजूद पॉजिटिव सेंटीमेंट्स के कारण शेयर बाजार ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग और क्लोजिंग का रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने का नया रिकॉर्ड भी कायम किया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्युरेबल्स, कैपिटल गुड्स, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। कैपिटल गुड्स और रियल्टी इंडेक्स में खरीदारी के सपोर्ट से आज 2 प्रतिशत तक की तेजी आ गई। इसी तरह आईटी इंडेक्स भी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर यूटिलिटी, टेलीकॉम, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़कर 431.82 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.32 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.50 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,984 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,356 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,532 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 96 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,317 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,400 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 917 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 495.48 अंक की बढ़त के साथ 77,102.05 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 538.89 अंक की तेजी के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 77,145.46 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली का दबाव बन गया। पूरे दिन के कारोबार में लिवाल और बिकवाल एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश करते रहे, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी उतार चढ़ाव होता रहा। अच्छी बात ये रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद ये सूचकांक दिन भर हरे निशान में ही बना रहा। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 204.33 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 76,810.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 158 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ 23,480.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद ये सूचकांक 158.10 अंक की उछाल के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,481.05 अंक तक पहुंचने में सफल रहा लेकिन इसके बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल लगातार ऊपर नीचे होती रही। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 75.95 अंक की तेजी के साथ 23,398.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस 4.57 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 3.63 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 3.17 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.66 प्रतिशत और टाइटन कंपनी 2.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, महंगा हुआ सोना, चांदी में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी जारी है। सोने के भाव में आज एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि चांदी की कीमत में कुछ सर्राफा बाजारों में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई है। आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,880 रुपये से लेकर 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,810 रुपये से लेकर 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। दिल्ली सर्राफा में आज चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है,



जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब



एजेंसी
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 82.32 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़ककर 78.24 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये,डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# एनसीएलटी ने बायजू के राइट्स इश्यू पर लगाई रोक, शेयरधारकों का विवरण मांगा

एजेंसी
**नईअदिल्ली ।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने एडटेक फर्म और बायजू के ब्रांड पैरेंट थिंक एंड लर्न के राइट्स इश्यू पर आगे बढ़ने पर रोक लगा दी है। जो कि 11 मई को शुरू हुआ था। जिससे यथास्थिति बनाए रखने की प्रक्रिया प्रभावी रूप से रुक गई है। एनसीएलटी ने निर्देश देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा है। एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने 12 जून को दिए बायजू को आदेश देते हुए कहा है कि बायजू राइट्स इश्यू की पहली किश्त के अनुसार 2 मार्च को इक्विटी के आवंटन से पहले और बाद में अपने शेयरधारकों का पूरा विवरण जमा करे।

**13 मई को खुला था राइट्स इश्यू**

ट्रिब्यूनल से शिकायत करने वाले निवेशकों के मुताबिक, बायजू ने 11 मई को एक पत्र के जरिए दूसरा राइट्स इश्यू प्रस्तावित किया था जो 13 मई को खुला था और इसे 13 जून को बंद होना था।

ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा, कंपनी को इस प्रस्ताव के संबंध में दूसरे राइट्स इश्यू के खुलने के बाद से अब तक एकत्र की गई धनराशि को एक अलग खाते में रखने का निर्देश दिया जाता है, धनराशि का इस्तेमाल तब तक नहीं किया जा सकता है, जब तक मामले में मुख्य याचिका की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है।''

**चार निवेशकों के समूह ने NCLT से की शिकायत**

चार निवेशकों के एक समूह - प्रोसस, जनरल अटलांटिक, सोफिना




और पीक XV - ने टाइगर और आउल वेंचर्स सहित अन्य शेयरधारकों के समर्थन के साथ, कंपनी प्रबंधन और राइट्स इश्यू के खिलाफ एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया था।

**इन कारणों से खराब हुई है बायजू की वित्तीय स्थिति**

रवींद्रन ने दिसंबर, 2023 में कर्मचारियों को वेतन देने के लिए अपने घर के साथ परिवार वालों के घरों को भी गिरवी रखा था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बायजू के खिलाफ दिवालिया कार्रवाई भी शुरू की थी। कंपनी पर 158 करोड़ के भुगतान चूक का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय ने 9,000 करोड़ से ज्यादा के फेमा उल्लंघन का नोटिस भी भेजा है। कंपनी की हालत इतनी खराब है कि गुरुग्राम ऑफिस का किराया नहीं देने की वजह से प्रॉपर्टी मालिक ने कर्मचारियों को बाहर कर दिया था। उनके लैपटॉप जब्त कर लिए थे।

# महाराष्ट्र में 3000 करोड़ रुपये निवेश करेगी मर्सिडीज बेंज, उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी जानकारी

एजेंसी
**मुंबई।** जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने यह जानकारी दी।

**उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी जानकारी**

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मंच 'एक्स' पर लिखा कि जर्मनी की यात्रा के दौरान उन्होंने मर्सिडीज बेंज के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों से राज्य में निवेश अवसरों पर चर्चा की गई। सामंत ने कहा 'मर्सिडीज बेंज इस साल महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।'

**इस निवेश से सरकार को मजबूती मिलेगी- सामंत**

उद्योग मंत्री उदय सामंत ने आगे




कहा कि इस निवेश से विधानसभा चुनावों में शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार को मजबूती मिल सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि महाराष्ट्र को गुजरात और अन्य राज्यों के मुकाबले बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं गंवानी पड़ रही हैं।

# नोकिया इंडिया- एरिक्सन को 2458 करोड़ रुपये के शेयर देगी वोडा-आइडिया; बोर्ड की मंजूरी

एजेंसी
**मुंबई ।** कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया अपने आंशिक बकाये का भुगतान करने के लिए नोकिया इंडिया और एरिक्सन इंडिया को 2,458 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित करेगी। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के बोर्ड ने कंपनी के फॉलो-ऑन ऑफर प्राइस की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक कीमत पर तरजीही आधार पर शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। ये शेयर छह महीने के लॉक-इन के साथ जारी किए जाएंगे। कंपनी ने एक नियामकीय फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

कंपनी ने अपने बयान में कहा, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज 10 रुपये अंकित मूल्य के करीब 166 करोड़ इक्विटी शेयरों को 14.80 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2,458 करोड़ रुपये तक के कुल लाभ के लिए अपने दो प्रमुख विक्रेताओं, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एरिक्सन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को शेयर आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। टेलिकॉम कंपनी ने अपनी एक विज्ञप्ति में कहा कि नोकिया और एरिक्सन क्रमशः 1,520 करोड़ रुपये और 938 करोड़ रुपये तक की भागीदारी करेंगे। इस फैसले पर 10 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली ईजीएम में वीआईएल के शेयरधारकों का अनुमोदन लिया जाएगा। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा, नोकिया और एरिक्सन की वीआईएल के साथ नेटवर्क उपकरणों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में दीर्घकालिक साझेदारी है। यह तरजीही आवंटन वीआईएल को अपने बकाये का हिस्सा चुकाने में सक्षम करेगा।

## फेड को अब भी महंगाई की चिंता, नीतिगत ब्याज दरों में लगातार सातवीं बार नहीं की गई कोई कटौती

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक (फेडरल रिजर्व बैंक) ने अपनी ताजा मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर को 5.25-5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया। कोविड-19 महामारी के दौरान, ब्याज दरें शून्य के करीब थीं।

ब्याज दरें बढ़ाना एक मौद्रिक नीति साधन है जो आम तौर पर अर्थव्यवस्था में मांग को दबाने में मदद करता है, जिससे मुद्रास्फीति दर में गिरावट में मदद मिलती है। फेड ने कहा, हम मौद्रिक नीति पर प्रतिबंधात्मक रुख बनाए हुए हैं ताकि मांग को आपूर्ति के अनुरूप रखा जा सके और मुद्रास्फीति के दबाव को कम किया जा सके। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा, आर्थिक घटनाक्रमों की संक्षिप्त समीक्षा के बाद मेरे पास मौद्रिक नीति के बारे में कहने के लिए और कुछ होगा।

अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रही, हालांकि यह अब भी 2 प्रतिशत से ऊपर बनी बनी हुई है और यह इसके केंद्रीय बैंक के लिए चिंता का कारण है। मई तक पिछले 12 महीनों में, मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत बढ़ी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस सप्ताह अपनी मौद्रिक नीति बयान में कहा, ÷हाल के महीनों में, समिति के 2 प्रतिशत मुद्रास्फीति लक्ष्य की दिशा में मामूली प्रगति हुई है।÷

केंद्रीय बैंक लंबे समय में 2 प्रतिशत की दर से अधिकतम रोजगार और मुद्रास्फीति प्राप्त करना चाहता है। पॉवेल ने कहा कि इस साल अब तक मुद्रास्फीति के आंकड़ों ने उन्हें अधिक आत्मविश्वास नहीं दिया है। ÷समिति का मानना है कि अपने रोजगार और मुद्रास्फीति लक्ष्यों को प्राप्त करने के जोखिम पिछले एक साल में बेहतर संतुलन की ओर बढ़ गए हैं। आर्थिक दृष्टिकोण अनिश्चित है, और समिति मुद्रास्फीति जोखिमों के प्रति अत्यधिक चौकस बनी हुई है। दर में किसी भी समायोजन पर विचार के बारे में पॉवले ने कहा कि फेड आने वाले डेटा, विकसित दृष्टिकोण और जोखिमों के संतुलन का सावधानीपूर्वक आकलन करेगा। फेड की रिपोर्ट में कहा गया है, समिति को उम्मीद नहीं है कि ब्याज दरों को कम करना तब तक उचित होगा जब तक कि उसे यह विश्वास नहीं हो जाता कि मुद्रास्फीति लगातार 2 प्रतिशत की ओर बढ़ रही है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी अब इस साल सिर्फ एक दर में कटौती कर रहे हैं, इसके बाद अगले साल चार कटौती की जाएगी। इस बीच, मई में अमेरिकी मुद्रास्फीति गिरकर 3.3 प्रतिशत हो गई, जिससे ब्याज दरों में शुरुआती कटौती की उम्मीद बढ़ गई। दर निर्णय और मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद, स्ॅक500 ने 5,400 अंकों की बढ़त के साथ नई ऊंचाई हासिल की। विश्लेषकों का कहना है कि नीतिगत फैसलों की परवाह किए बिना शेयरों में तेजी जारी रहने की उम्मीद है।यूएस फेड ने अपने आर्थिक अनुमानों को भी बरकरार रखा है। मौद्रिक नीति प्रतिभागियों को आम तौर पर उम्मीद है कि जीडीपी वृद्धि पिछले साल की गति से धीमी हो जाएगी

## लुलु समूह कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वालों के परिजनों को देगा पांच-पांच लाख रुपये

एजेंसी

**दुबई।** कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को आर्थिक मदद देने का प्रतिष्ठित अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कारोबारी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित लुलु समूह के प्रमुख एम. ए. युसूफ अली ने ऐलान किया है। इसके तहत प्रत्येक मृतक के परिवार



को पांच-पांच लाख रुपये देने की घोषणा की गई। दक्षिणी कुवैत के मंगफ क्षेत्र में बुधवार को एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हो गये थे। मृतकों में 45 भारतीय हैं। अबू धाबी में समूह द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये की राशि दी जाएगी।

## हूती विद्रोहियों ने यमन अदन की खाड़ी में पोत पर हमला किया

अदन। यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है। एब्रे ने कहा कि पोत मलेशिया से इटली के वेनिस जा रहा था। हूती बागियों ने बृहस्पतिवार के हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि देखा गया है कि वे हमले की जिम्मेदारी लेने में कुछ समय लेते हैं।

## तकिया से मुंह दबाकर की गई थी बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या

**कोलकाता ।** पड़ोसी देश बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या तकिया से मुंह दबाकर की गई है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के एक आला अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। बताया गया है कि राजधानी में न्यू टाउन के फ्लैट में घुसते ही आरोपितों ने उनका मुंह तकिया से दबा दिया था और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। इस अधिकारी के अनुसार, नेपाल से गिरफ्तार कर कोलकाता लाए गए आरोपित मोहम्मद सियाम हुसैन ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि सांसद अनार का गला घोंटने में एक महिला ने भी मदद की थी। उसने महिला को अमेरिकी नागरिक और मामले के मुख्य आरोपित अख्तरुज्जमां की करीबी बताया है।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित बागजोला नहर के पास मानव हड्डियों के कुछ हिस्से बरामद हो चुके हैं। सियाम को शनिवार शाम नेपाल से पश्चिम बंगाल लाया गया था। उसे बारासात की एक स्थानीय अदालत ने सीआईडी की 14 दिन की हिरासत में भेज दिया था। सियाम से पूछताछ के दौरान सीआईडी को प्रारंभिक जांच से पता चला कि सांसद के करीबी दोस्त अख्तरुज्जमां ने अपराध में शामिल लोगों को लगभग पांच करोड़ रुपये का भुगतान किया। अख्तरुज्जमां के पास कोलकाता में एक फ्लैट है। वह फिलहाल अमेरिका में रहता है।

## वेस्ट बैंक में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्ला।** उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं।एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरे रखा और गोलीबारी की जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी। एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है।स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन



शिविर के निवासी थे, जिनके पीछे इजरायली सेना महीनों से घात लगाये बैठी थी। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इजरायली सैनिकों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों और पत्रकारों पर भी गोलियां चलाईं और उन्हें शिविर में प्रवेश करने से रोक दिया।शहर में नॉर्दर्न इलेक्ट्रिसिटी कंपनी के अनुसार, इजरायली हमले द्वारा बिजली लाइनों को नष्ट करने के कारण शिविर और आसपास के कुछ इलाकों में बिजली पूरी तरह से काट दी गई।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली पहुंचे, जोरदार स्वागत

एजेंसी

**रोम।** प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली पहुंच गए हैं। वो जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन इटली के अपुलीया क्षेत्र किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी का इटली पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली पहुंचने पर एक्स हैंडल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कुछ फोटो भी साझा किए हैं। उन्होंने कहा है, 'विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्ज्वल भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।' भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन से इतर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। मार्च 2023 में मेलोनी की



भारत यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी बैठक होगी। मोदी उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ इटली पहुंचे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भी मुलाकात संभव है। उल्लेखनीय है कि इटली की प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी के अलावा अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने, केन्याई राष्ट्रपति विलियम रुटो और ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति कैस सईद को भी आमंत्रित किया है। सभी नेता अफ्रीकी महाद्वीप पर इटली के विकास पर बात करेंगे। अन्य अतिथियों में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयब अर्दोआन शामिल हैं।

इटली में यह सम्मेलन शुरू हो गया है। इस मौके पर जी-8 और जी-20 के पूर्व इटालियन शेरपा और राजदूत जियाम्पिएरो मासोलो ने जोर देकर कहा कि भारत एक प्रमुख देश और एक विशाल लोकतंत्र है। हर कोई इसे एक स्थिर कारक के रूप में गिनता है। ग्लोबल साउथ में भारत महत्वपूर्ण स्थिति है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी से उन्हें पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के परिणामों पर आगे की जाने वाली कार्रवाई करने का भी अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने की भी उम्मीद है। इस सम्मेलन में मध्य पूर्व और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों पर चर्चा होने की उम्मीद है। विश्वभर के नेता इन जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने और समाधान के तरीकों की तलाश करेंगे।

इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एजेंडा के प्रमुख विषयों में शामिल किया गया है। जी-7 संगठन के सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस के साथ ही यूरोपीय यूनियन भी शामिल हैं। इटली यात्रा से पहले भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने प्रधानमंत्री मोदी का प्रस्थान वक्तव्य जारी किया है।

## मध्य पेरू में 5.0 तीव्रता का भूकंप: जीएफजेड

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समय के अनुसार 22:46:53 बजे मध्य पेरू




में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र शुरुआत में 8.61 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 75.88 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर 10.0 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## चीनी कंपनी के खिलाफ संसद में आए संकल्प प्रस्ताव का काठमांडू के मेयर का भी समर्थन

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल सत्तापक्ष के एक दल और प्रमुख विपक्षी दल के तरफ से चीनी कंपनी के खिलाफ संसद में लाए जा रहे संकल्प प्रस्ताव का काठमांडू के मेयर ने भी समर्थन किया है। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के तरफ से संसद में संकल्प प्रस्ताव लाने वाले सांसद प्रदीप पौडेल से मुलाकात कर काठमांडू के मेयर बालेन्द्र साह ने काठमांडू के रिंगरोड के निर्माण को लेकर संसद में लाए जा रहे संकल्प प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन जताया है। सांसद पौडेल से मुलाकात के बाद मेयर बालेन्द्र साह ने कहा कि चूंकि यह मामला काठमांडू शहर से जुड़ा है और चीनी कंपनियों के बदमाशी को लेकर उन्होंने कई बार आवाज उठाई है इसलिए उन्हें इस संकल्प प्रस्ताव के समर्थन में आने से कोई गुरेज नहीं है। चीनी दूतावास के आर्थिक सहयोग से बन रहे काठमांडू के रिंगरोड का ठेका मिलने के दस सालों



के बाद भी चीनी कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर पाने के कारण सत्ता में सहभागी दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और प्रमुख प्रतिपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के तरफ से बुधवार को संसद में संकल्प प्रस्ताव दर्ता कराया गया है। इस संकल्प प्रस्ताव में चीनी कंपनी का ठेका रद्द करते हुए चीन के अनुदान के बिना भी नेपाल सरकार के तरफ से रिंगरोड के बांकी रहे काम को पूरा करने की बात उल्लेख है।

## दक्षिण अमेरिका में चीन के मेगापोर्ट से बिगड़ेंगे दोनों देशों के रिश्ते

एजेंसी

**वाशिंगटन।** चीन की एक बड़ी कंपनी कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स लीमा से 80 किलोमीटर दूर यहां चांके में एक मल्टीपरपस पोर्ट टर्मिनल यानी मेगापोर्ट (बंदरगाह) बना रही है। माना जा रहा है कि ये ऐसा ढांचा होगा जिसके जरिए चीन पेरू में अपनी मौजूदगी बना सकेगा।

अपने बड़े विस्तार और कार्यक्षमता के कारण ये बंदरगाह जल्द ही यहां से होने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन सकता है। हालांकि, इन सबके बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बंदरगाह का उद्घाटन इस के अंत तक हो सकता है। इसके तैयार होते ही चीन तथा अमेरिका के बीच और अधिक रिश्ते खराब हो सकते हैं।

**3.6 अरब डॉलर से बन रहा चीन का कॉस्को शिपिंग पोर्ट्स**

चांके में बंदरगाह को करीब 3.6 अरब डॉलर की लागत से बना रहा है। यहां की सरकार को उम्मीद है कि इससे एशिया और दक्षिण अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों और अन्य निर्यातों के लिए नए बाजार खोल सकता है। वहीं, पेरू की सरकार को उम्मीद है कि इस बंदरगाह से हर साल चीन और दक्षिण अमेरिका के बीच अरबों डॉलर का व्यापार हो सकेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, बंदरगाह ने अमेरिका के लिए एक चुनौती खड़ी कर दी है, जो लैटिन अमेरिका में चीन के उदय को रोकना चाहता है। अमेरिका को चिंता है कि बंदरगाह के जरिए बीजिंग को दक्षिण अमेरिका के संसाधनों पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने का मौका मिल जाएगा।

**चिंता का विषय: रिचर्डसन**

अमेरिकी दक्षिणी कमान की प्रमुख जनरल लॉरा रिचर्डसन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, इससे चीन के लिए क्षेत्र से इन सभी संसाधनों को निकालना और भी आसान हो जाएगा, इसलिए यह चिंता का विषय होना चाहिए। गौरतलब है, अमेरिका और चीन के बीच संबंध पिछले कुछ दशकों में काफी खराब हो गए हैं। हालांकि, दोनों देशों ने कूटनीतिक रूप से फिर से जुड़ने के लिए कदम उठाए हैं।

पेरू के तट पर ब्लूबेरी और एवोकैडो उगाने वाले डैनियल बस्टामांटे ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि बंदरगाह फलों के लिए नए एशियाई बाजार खोलेगा, जिन्हें वर्तमान में वह ज्यादातर यूरोप और अमेरिका में भेजते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह बंदरगाह एशिया के लिए एक खिड़की होगा।

# अदन की खाड़ी में नहीं थम रहे हमले, हूती विद्रोहियों ने 24 घंटे में तीन जहाजों को बनाया निशाना

एजेंसी

**वॉशिंगटन ।** इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद यमन के हूती विद्रोही जहाजों को निशाना बना रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश खुले शब्दों में चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन हूती अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। एक बार फिर विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में दो क्रूज मिसाइलों से हमला कर एक मालवाहक जहाज को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में एक नाविक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, अमेरिकी सेना ने उसे सुरक्षित बचा लिया।

**इसलिए कर रहे हमले**

बता दें, गाजा में हो रहे इस्राइल हमलों से मध्यपूर्व बौखलाया हुआ है। मध्यपूर्व गाजा में हो रहे हमलों का कारण अमेरिका को मानता है। इसी वजह से हूती विद्रोही पिछले साल नवंबर से अदन की खाड़ी और लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को



निशाना बना रहे हैं। साथ ही कभी ईरान तो कभी जॉर्डन को कभी सीरिया में अमेरिकी सेना और अमेरिकी प्रतिष्ठानों पर हमले हो रहे हैं। हालांकि, इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग में मुश्किलें पैदा हुई हैं।

**यूक्रेन का था जहाज**

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले जहाज एम/वी वर्बेना, जिस पर पलाउन का झंडा लगा था और पोलिश द्वारा चलाया जा रहा था, पर हमला हुआ। हमले के चलते क्षतिग्रस्त हो गया और बाद में उसमें आग लग गई। चालक दल आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। हमले के दौरान एक नाविक गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि यूएसएस फिलीपीन सी (सीजी 58) के विमान ने घायल नाविक को इलाज के लिए पास के सहयोगी बल जहाज पर पहुंचाया।

**लाल सागर में भी बनाया निशाना**

हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को दावा किया कि उन्होंने पिछले 24 घंटों के अंदर तीन जहाजों को निशाना बनाया, जिसमें वर्बेना भी शामिल है। उनका कहना है कि यह हमले गाजा पट्टी में उनके लोगों के खिलाफ किए गए हमलों का जवाब है। इस बीच यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले होदेदा बंदरगाह के उत्तर-पश्चिम में लगभग 80 समुद्री मील की दूरी पर लाल सागर में एक व्यापारिक जहाज के करीब विस्फोट की सूचना दी, जिसमें कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ।

## अमेरिका के साथ यूक्रेन ने किया रक्षा समझौता, जेलेंस्की बोले- अब हम नाटो सदस्यता पाने की ओर, रूस पर भी साधा निशाना

**बरी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके बाद वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यह समझौता कीव के नाटो में शामिल होने की कोशिश के लिए एक पुल है। उन्होंने कहा कि यह समझौता सभी की मदद करेगा, क्योंकि रूस सभी के लिए एक वास्तविक वैश्विक खतरा है। जेलेंस्की ने आगे कहा कि यह सुरक्षा पर एक समझौता है। यह सहयोग पर एक समझौता है और इस प्रकार हमारे राष्ट्र मजबूत बनेंगे। यह स्थायी शांति की गारंटी के कदमों पर एक समझौता है और इसलिए इससे दुनिया में सभी को लाभ होगा।

**कई महीनों तक अमेरिका -यूक्रेन में हुई बातचीत**

यह समझौता अमेरिका और यूक्रेन के बीच कई महीनों की बातचीत के बाद हुआ है और उम्मीद है कि अमेरिका यूक्रेन के सशस्त्र बलों की लगातार ट्रेनिंग हथियारों और सैन्य उपकरणों की लागत, सैन्य सहायता के निरंतर प्रावधान और अधिक खुफिया जानकारी साझा करने के लिए 10 सालों तक बना रहेगा। बता दें कि राष्ट्रपति बाइडन ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन के प्रति अपने समर्थन में मजबूत बना हुआ है। सीएनएन के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद अमेरिकी जो बाइडन ने कहा, रूस का संघर्ष दुनिया के लिए एक परीक्षा रहा है। ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलिया में आयोजित किया जा रहा है। सभी यूक्रेनियन और सभी यूरोपीय लोगों के लिए यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि यूरोप में कोई सुरक्षा घाटा नहीं होगा, जो हमलावर को युद्ध के लिए प्रेरित करता है और भविष्य को अनिश्चित बनाता है।

## पीटीआई सांसद बोले- हिंदुस्तान के चुनाव में कोई धांधली नहीं हुई, क्या हमारे देश में भी कभी ऐसा होगा?

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की पार्टी के सांसद शिबली फराज ने पाकिस्तानी संसद में भारत में हुए चुनाव की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि सब जानते है कि पाकिस्तान में हुए चुनावों में धांधली हुई है पर हमारे पड़ोसी देश में भी चुनाव हुए, लेकिन आज कोई नहीं कह सकता कि इसमें धांधली की गई।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में 80 करोड़ लोगों ने वोट किया है। वहां वोटिंग के लिए लाखों पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे। वहां एक व्यक्ति के लिए भी वोटिंग सेंटर बना था। हिन्दुस्तान में पूरा इलेक्शन ईवीएम से हुआ, जो एक महीने से भी ज्यादा चला। फराज ने अपनी सरकार से पूछा- क्या हिंदुस्तान के चुनावों के नतीजों को लेकर अभी तक एक भी आवाज उठी है। वहां की सारी पार्टियों ने मना है कि चुनाव निष्पक्ष हुए हैं। उन्होंने संसद में सवाल उठाया कि क्या कभी पाकिस्तान में भी बिना संसद के स्पीकर सरदार सादिक से कहा कि हम लोग भी चाहते हैं कि पाकिस्तान में निष्पक्ष चुनाव हों। हमारे यहां चुनाव होते हैं तो इसके रिजल्ट्स



किसी धांधली के चुनाव हो सकते हैं। बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हुए थे, जिसमें इमरान खान की पार्टी हार गई थी। शिबली फराज ने को न तो हारने वाली पार्टी मानती है न ही जीतने वाली। इस तरह की चीज ने हमारी पॉलिटिकल सिस्टम को पूरी तरह खोखला कर दिया है।

# जासूसी के आरोप में रूस की जेल में बंद अमेरिकी पत्रकार पर चलेगा मुकदमा, हो सकती है 20 साल की सजा

एजेंसी

**मास्को।** शीत युद्ध के बाद इवान गेर्शकोविच पहले अमेरिकी पत्रकार हैं जिसे जासूसी के आरोप में रूस में गिरफ्तार किया गया है। सीआईए के लिए जासूसी करने का आरोप लगाते हुए उसपर मुकदमा चलाया जाएगा। रूसी प्रेसेक्यूटर जनरल कार्यालय की तरफ से कहा गया कि गेर्शकोविच को पहली बार हिरासत में लिए जाने के एक से अधिक साल बाद उसपर आरोप तय किया गया। दोषी पाए जाने पर उसे 20 साल की सजा दी जाएगी। हालांकि, गेर्शकोविच, अमेरिकी सरकार और उनके कर्मचारियों ने उनके खिलाफ आरोपों का खंडन किया है।

**सीआईए के निर्देशों पर काम कर रहा था गेर्शकोविच : रूस का दावा**

गेर्शकोविच की गिरफ्तारी के दो हफ्ते बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए इसे गलत तरीके से हिरासत में लेना बताया। रूसी अभियोजकों ने कहा कि देश की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान यह पाया गया कि गेर्शकोविच सीआईए के निर्देशों पर काम कर रहा था।

**अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया**

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि गेर्शकोविच के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा, हम शुरू



से ही कह रहे कि इवान गेर्शकोविच ने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्हें कभी भी गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए था। पत्रकारिता कोई अपराध नहीं है। उनके ऊपर लगे आरोप झूठे हैं। रूस के सरकार को भी मालूम है कि वे झूठे हैं। उन्हें तुरंत रिहा करना चाहिए। मिलर ने कहा कि अमेरिका इवान गेर्शकोविच के साथ पूर्व अमेरिकी नौसैनिक व्हेलन की रिहाई के प्रयार को जारी रखेगा। बता दें कि व्हेलन को 2018 में मॉस्को में गिरफ्तार किया गया था। उनपर भी जासूसी के आरोप लगाए गए थे और 16 साल की सजा सुनाई गई। मिलर ने कहा, जैसा कि हमने कहा था, कुछ दिन पहले हमले इवान और व्हेलन की रिहाई के लिए एक बड़ा प्रस्ताव रखा था। हम उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।गिरफ्तार किए जाने के बाद 32 वर्षीय अमेरिकी पत्रकार को मॉस्को के नोटोरियस लेफोर्टोवो जेल में रखा गया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इवान गेर्शकोविच की हिरासत और जांच प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। हालांकि, इस मामले पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि गेर्शकोविच को रिहा करने के लिए अमेरिका के साथ समझौते पर बातचीत की जा सकती है। बता दें कि बढ़ते तनाव के बीच रूस ने कई अमेरिकी को हिरासत में लिया है। पिछले साल जून में रूसी-अमेरिकी पत्रकारअल्सु कुर्मासेवा को हिरासत में लिया गया था। जनवरी में बैलेरिना सेनिया कैरेलिना को हिरासत में लिया गया था।

# ओपिनियन पोल में सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को फराज की रिफॉर्म यूके ने पछाड़ा, लेबर पार्टी सबसे आगे

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन में चार जुलाई को चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले जारी एक ओपिनियन पोल में नाइजेल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी ने ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को पीछे छोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के ओपिनियन पोल के अनुसार, रिफॉर्म यूके को 19 फीसदी, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी को 18 प्रतिशत वोट मिले। वहीं लेबर पार्टी 37 प्रतिशत वोट के साथ शीर्ष पर रही। इस ओपिनियन पोल के अनुसार, सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी तीसरे स्थान पर है। यह सर्वेक्षण 12-13 जून को किया गया, जिसमें 2,211 लोगों ने हिस्सा लिया था। नाइजेल फराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यह एक अहम मोड़ है। यहां केवल कंजर्वेटिव वोट बर्बाद होने वाला है। हम लेबर पार्टी को चुनौती दे रहे हैं। फराज को यूरोपीय संघ से ब्रिटेन को बाहर निकालने के लिए उनके सफल अभियान के लिए जाना जाता है। बता दें कि इस छोटी दक्षिणपंथी पार्टी की स्थापना 2018 में ब्रेक्जिट पार्टी के तौर पर की गई थी। पार्टी ने सख्त आव्रजन कानून जैसे मुद्दों का समर्थन किया। डी-डे स्मारक कार्यक्रम से अन्य विश्व स्तरीय नेताओं से पहले निकल जाने के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अन्य ओपिनियन पोल में कंजर्वेटिव पार्टी को रिफॉर्म से आगे बताया जा रहा है। गुरुवार को जारी ओपिनियन पोल में कंजर्वेजिव पार्टी को पीछे छोड़ने के बावजूद कई संसदीय सीट ऐसे हैं, जहां रिफॉर्म के जीतने की उम्मीद नहीं है। रिफॉर्म का समर्थन पूरे देश में फैला हुआ है, जबकि कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी का समर्थन भौगोलिक क्षेत्रों में ज्यादा है।

## उत्तर कोरिया जाएंगे व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री ने अमेरिकी अधिकारी से की बात

एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने जरूरी फोन कॉल पर बात की है। उन्होंने ये कॉल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उत्तर कोरिया आने से पहले की है। दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री, किम होंग-क्युन ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल के साथ फोन पर कहा कि पुतिन की यात्रा के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए प्योंगयांग और मॉस्को के बीच गहरा सैन्य सहयोग नहीं होना चाहिए।

**पुतिन के दौरे की जताई थी उम्मीद**

किम की चिंताओं को दोहराते हुए, कैंपबेल ने यात्रा के कारण संभावित क्षेत्रीय अस्थिरता और चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर सहयोग का वादा किया। सियोल के राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा था कि आने वाले दिनों में पुतिन के उत्तर कोरिया का दौरा करने की उम्मीद है। प्योंगयांग के हवाई अड्डे से नागरिक विमानों को हटा दिया गया है और राजधानी के किम इल सुंग स्क्वायर में संभावित परेड की तैयारी के संकेत हैं। जब रूस के तत्कालीन रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने पिछले साल दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए प्योंगयांग का दौरा किया था, तो वह किम के साथ एक परेड में गए थे और उत्तर कोरिया की प्रतिबंधित परमाणु-युक्त मिसाइलों को सलामी दी थी।

## टी20 विश्व कप 2024 : अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंची भारतीय टीम




**एजेंसी**
**फ्लोरिडा।** न्यूयॉर्क में चल रहे टी20 विश्व कप 2024 के तीन मैच जीतने के बाद, टीम इंडिया कनाडा के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक मीडिया हैंडल पर शुक्रवार को साझा किए गए एक वीडियो में, मोहम्मद सिराज और युजवेंद्र चहल को फ्लाइट में यात्रा करते समय बातचीत करते देखा जा सकता है। बीसीसीआई ने क्लिप शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, टीम इंडिया टी20 विश्वकप के अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है।फिलहाल, भारत टूर्नामेंट में अपने तीनों प्रतिद्वंद्वियों को हराकर ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर है। बुधवार को यूएसए को सात विकेट से हराने के बाद वे ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में कनाडा से भिड़ेंगे। भारत ने अब तक तीन मैचों में तीन जीत के साथ टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया है।

## अभिनव बिंद्रा ने रुद्राक्ष पाटिल को ओलंपिक टीम से बाहर करने के एनआरएआई के फैसले का किया समर्थन

**मुंबई।** अभिनव बिंद्रा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की शूटिंग टीम से 10 मीटर एयर राइफल शूटर रुद्राक्ष पाटिल को बाहर किये जाने के भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के फैसले का समर्थन किया है। पाटिल ने खेलों के लिए 10 मीटर एयर राइफल कोटा हासिल किया था, लेकिन एनआरएआई के चयन ट्रायल में संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता से पीछे रहने के बाद उन्हें इस आयोजन के लिए 15 सदस्यीय भारतीय दल में जगह नहीं मिल सकी। ओलंपिक दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए, जिसके अनुसार कोई देश ट्रायल से खेलों में एक इवेंट में केवल शीर्ष दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है, बिंद्रा ने कहा, देखिए, यह कोई निर्णय नहीं है। यह चयन का मामला है। इसके लिए एक उचित प्रक्रिया निर्धारित की गई है और उन्होंने उसी प्रक्रिया का पालन किया।आईआईएसएम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शहर में आए बिंद्रा ने कहा, यदि प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तो आप यही सवाल पूछेंगे। लेकिन सभी के लिए एक निष्पक्ष प्रक्रिया रखी गई थी और उसका पालन किया गया।

## 18 साल की दिव्या विश्व जूनियर चेस चैंपियन बनीं, पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं

**गांधीनगर।** 18 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख ने अंडर-20 विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। नागपुर की दिव्या ने 11 दौर में 10 अंक हासिल किए। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने 11 मैच में नौ जीत हासिल की और उनके दो मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 11वें दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रास्तेवा को सफेद मोहरों से खेलते हुए पराजित किया।



**एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं दिव्या**

2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं और यह लगातार उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने बीते माह शारजाह चैलेंजर्स का खिताब जीता था। आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन 9.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अजरबैजान की अयान अल्लाहवारदिएवा 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 10वें दौर में दिव्या ने अपनी ही साथी साची जैन को सिर्फ 26 चालों में हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को मजबूत कर लिया था।

## घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। श्रुति ने कहा, मैं परिणाम से बेहद खुश हूं। मैंने कड़ी मेहनत की है और जीत वाकई संतोषजनक है। यह जीत ओलंपिक वर्ष में मिली है और यही इसे महत्वपूर्ण बनाता है।

# टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने ओमान को हराकर बेहतर किया नेट रन रेट

**एजेंसी**
**एंटीगुआ।** इंग्लैंड ने सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में ओमान पर 8 विकेट से जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में शानदार वापसी की। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में अपना नेट रन रेट (एनआरआर) बेहतर कर लिया।

पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि आदिल राशिद ने 4 विकेट लिया, जिससे ओमान की टीम 13.2 ओवर में केवल 47 रन पर सिमट गई।



ओमान की तरफ से शोएब खान ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

48 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम ने केवल 3.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 50 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। फिल साल्ट ने पहली दो गेंदों पर छक्का जड़ा और तीसरी गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने बिलाल खान ने बोल्ड किया। दूसरे ओवर में 20 के कुल स्कोर पर विल जैक्स के 5 रन बनाकर कलिमुल्लाह का शिकार बने। इसके बाद जोस बटलर (8 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और जॉनी बेयरस्टो (2 गेंदों पर नाबाद 8 रन) ने 3.1 ओवर में टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी।

इंग्लैंड का अब ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड (2.164) से बेहतर नेट रन रेट (3.081) है, इसलिए अगर वे नामीबिया को हरा देते हैं और स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी अंक हासिल करने में विफल रहता है, तो वे सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लेंगे।ओमान के लिए, ग्रुप में यह चौथी हार थी और इसके साथ ही विश्व कप में उनका अभियान भी समाप्त हो गया।

## बंगाल प्रो टी20 लीग : आकाशदीप बने सर्वश्रेष्ठ आलराउंड खिलाड़ी

**एजेंसी**
**कोलकाता।** खेले गए अपने दूसरे मैच में सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स को मुर्शिदाबाद किंग्स के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स 19.1 ओवर में 113 रन ही बना सकी, जिसके जवाब में मुर्शिदाबाद किंग्स ने इस लक्ष्य को 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

मैच के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार जीतने वाले सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के गेंदबाज आकाश दीप ने कहा कि, हमने 25 रन कम बनाए जो हार का कारण बना। एक समय सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स का स्कोर 55/8 हो गया था लेकिन आकाश दीप की 20 गेंदों में 30 रनों की खेली गई पारी की बदौलत टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाई। हार के बाद मैच के बारे में बोलते हुए आकाश दीप ने कहा, विकेट अच्छा था लेकिन शुरुआती झटकों से टीम बैकफुट पर आ गई। मुझे लगता है कि हम अगर कुछ साझेदारियां बना पाते तो टीम कुछ और रन बना सकती थी। 130 का टोटल इस विकेट पर काफी बेहतर होता। आकाश दीप ने इस मैच में 30 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट भी चटकाए। आकाश दीप ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा, तो मेरा लक्ष्य अंत तक खेलना था लेकिन आखिरी दो ओवरों में कुछ शॉट लगाने की कोशिश की और आउट हो गया।

अब सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स का सारा फोकस अपने अगले मैच पर है जो शनिवार को राची रार टाइगर्स के खिलाफ खेला जाएगा। आकाश दीप ने आगे कहा, हम एक समय में एक ही मैच के बारे सोच रहे हैं, अब हमारा ध्यान अपने अगले मैच पर है और निश्चित रूप से हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी, कहा–कोपा अमेरिका के बाद लगातार दूसरा टूर्नामेंट खेलना मुश्किल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पुष्टि की कि वह पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के बाद शुरू होगी, जो 20 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच जेवियर माशेरानो ने दिग्गज फुटबॉलर को ओलंपिक में शामिल करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब मेसी ने इससे इनकार कर दिया है ।ओलंपिक में भाग लेने का मतलब अपने क्लब इंटर मियामी से दूर रहना भी होगा और यह मेसी द्वारा लिए गए निर्णय के कारकों में से एक था।मेसी ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा, मैंने मास्चेरानो से बात की और



सच्चाई यह है कि हम दोनों ही स्थिति को समझते हैं। मुझे सावधानी से चुनना होगा, और लगातार दो टूर्नामेंट खेलना बहुत ज़्यादा होगा। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

यह जोड़ी अर्जेंटीना की उस टीम का हिस्सा थी जिसने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में नाइजीरिया को फाइनल में 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। इस बात से निराश होने के बावजूद कि उन्हें ओलंपिक में खेलने और अपने पदकों में इज़ाफा करने का एक और मौका नहीं मिलेगा, मेसी को उम्मीद है कि अन्य खिलाड़ी पेरिस में अपने अनुभव का आनंद लेंगे।

उन्होंने कहा, इतनी किस्मत होना शानदार है कि मुझे यह सब करने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि जो लोग वहाँ जाएँगे, वे भी उसी तरह इसका आनंद लेंगे जैसे मैंने लिया क्योंकि यह विशेष था। ओलंपिक किसी भी अन्य टूर्नामेंट की अपेक्षा विशेष होता है। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के अपने पूर्व साथी किलियन एमबाप्पे की इस राय पर कि यूरो जीतना फीफा विश्व कप से कहीं ज़्यादा मुश्किल है, मेस्सी ने कहा कि यूरो महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें अर्जेंटीना, ब्राज़ील और उरुग्वे जैसी कई विश्व चैंपियन टीमें नहीं हैं।

मेसी ने कहा, यूरो बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें तीन बार की विश्व चैंपियन अर्जेंटीना, पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील और दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे शामिल नहीं हैं।

कई विश्व चैंपियन हैं जो यह कहने से चूक गए हैं कि यूरो सबसे कठिन है, है न? विश्व कप में, सर्वश्रेष्ठ टीमें होती हैं, सभी विश्व चैंपियन आम तौर पर वहाँ होते हैं। यही कारण है कि हर कोई विश्व चैंपियन बनना चाहता है।

## मंगोलिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय पुरुष टीम

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियन में शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मंगोलिया को 3-0 के हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

पूर्व चैंपियन भारत शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ेगा। जापान पहले ही पूल डी से अंतिम आठ चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है।भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया, लेकिन मलेशिया से समान अंतर से हार गई। टीम को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच में दक्षिण कोरिया को हराना होगा।

# टी20 विश्व कप : पीएनजी को हराकर अफगानिस्तान सुपर 8 में, न्यूजीलैंड बाहर

**एजेंसी**
**तरौबा।** तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के शानदार तीन विकेट और गुलबदीन नायब की बेहतरीन पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और वेस्टइंडीज के साथ सुपर 8 चरण में पहुंच गया। साथ ही न्यूजीलैंड, जो अब तक अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार चुका है, टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और 2.5 ओवर में केवल 22 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (सात गेंदों में 11 रन) और इब्राहिम जादरान (0) पवेलियन लौट गए।



इसके बाद ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजई ने 7.3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 33 रन की साझेदारी उमरजई के 18 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट होने के साथ समाप्त हुई। 8.4 ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर 55 रन पर 3 विकेट था। इसके बाद गुलबदीन ने मोहम्मद नबी के साथ मिलकर अफगानिस्तान को लक्ष्य तक पहुँचाया। अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 101 रन बनाकर जीत हासिल की। गुलबदीन 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की बदौलत 49 और नबी 23 गेंदों में एक चौके की बदौलत 16 रन बनाकर नाबाद रहे। पीएनजी के लिए एली नाओ, सेमो कामेआ और नॉर्मन वनुआ ने एक-एक विकेट लिया।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया

इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीएनजी की शुरुआत बेहद खराब रही और उन्होंने अपने कप्तान असद वाला को पहले ही ओवर में केवल 3 रन पर खो दिया। अगले आउट होने वाले खिलाड़ी लेगा सियाका और सेसे बाऊ थे, जिन्हें फजलहक फारूकी ने गोल्डन डक पर आउट किया। हिरी हिरी को नवीन उल हक ने सिर्फ एक रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पीएनजी 3.1 ओवर में केवल 17 रन पर 4 विकेट खो दिया।

## टी–20 विश्व कप : मियामी मैच के बाद स्वदेश लौट सकते हैं गिल, आवेश

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** शुभमन गिल, जो इस समय भारतीय टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर हैं, मौजूदा ट्वेंटी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के मैचों के अमेरिकी चरण के समापन के बाद स्वदेश लौट आएंगे। रिजर्व पेसरों में से एक, संभवतः आवेश खान, भी 15 जून को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा के खिलाफ मैच के बाद स्वदेश लौट सकते हैं। दोनों खिलाड़ी फ्लोरिडा में हैं, बुधवार को चार्टर्ड फ्लाइट से टीम के साथ न्यूयॉर्क से फोर्ट लॉडरडेल पहुंचे। बुधवार दोपहर को लॉन्ग आइलैंड के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मैच के बाद भारत और यूएसए दोनों टीमों के लिए चार्टर फ्लाइट का बंदोबस्त किया गया था।

क्रिकबज के अनुसार, गिल और आवेश दोनों की यात्रा केवल अमेरिका दौरे तक ही थी, जब तक कि खिलाड़ियों को अप्रत्याशित चोट न लग जाए। वे टीम के साथ रिजर्व के तौर पर गए थे, क्योंकि किसी खिलाड़ी को अप्रत्याशित चोट लगने की स्थिति में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए भारत से अमेरिका या कैरेबियाई देशों में अतिरिक्त खिलाड़ी भेजना तुरंत संभव नहीं होगा।

14 जून को निर्धारित अभ्यास के दौरान या अगले दिन खेल के दौरान किसी नियमित खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में दोनों खिलाड़ियों को मैदान पर ही रहने के लिए कहा जा सकता है। लेकिन इसकी संभावना बहुत कम है क्योंकि फ्लोरिडा में मौजूदा खराब मौसम विश्व कप के कार्यक्रम को बाधित कर सकता है। टीम में तीसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी हैं और अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जरूरत नहीं पड़ सकती है क्योंकि टीम के कैरेबियाई चरण में स्पिनरों पर अधिक निर्भर रहने की उम्मीद है। गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश मूल रूप से रिजर्व खिलाड़ी थे, जिन्हें चयन समिति ने 30 अप्रैल को विश्व कप के लिए टीम की घोषणा के समय नामित किया था।

# यूईएफए यूरो 2024 : चोट के कारण क्रोएशिया के खिलाफ मैच से बाहर हुए लापोर्ट

**एजेंसी**
**बर्लिन।** स्पेन के सेंट्रल डिफेंडर एमेरिक लापोर्ट मांसपेशियों की समस्या के कारण शनिवार को क्रोएशिया के खिलाफ 2024 यूईएफए यूरो के उद्घाटन मैच से बाहर हो गए हैं। फ्रांस में जन्मे लापोर्ट ने प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लिया, हालांकि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ) ने सूचित किया है कि वह खेल से पहले शुक्रवार को बाकी टीम के साथ बर्लिन की यात्रा करेंगे। हालांकि वह टीम के साथ




होंगे, लेकिन उनका क्रोएशिया के खिलाफ मैच से चूकना तय है, क्योंकि स्पेन की रक्षा पंक्ति में रॉबिन ले नॉर्मंड के साथ नाचो फर्नांडीज या डेनी विवियन के शामिल होने की संभावना है। लापोर्ट सऊदी अरब में सीज़न खत्म होने के बाद स्पेन की टीम में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। पिछले शनिवार को उत्तरी आयरलैंड पर स्पेन की 5-1 की जीत में उन्होंने सिर्फ़ 40 मिनट मैदान पर बिताया, जो 23 मई के बाद से उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था, जब उन्हें अल-नासर के लिए खेलते हुए रेड कार्ड दिखाया गया था।

# विश्व रग्बी सेवंस 2024 रेपेचेज के लिए युगांडा ने टीम घोषित की

**एजेंसी**
**कंपाला।** युगांडा के कोच टॉल्बर्ट ओन्यांगो ने 21 से 23 जून तक फ्रांस के मोनाको में होने वाले विश्व रग्बी सेवेंस 2024 रेपेचेज के लिए पुरुष टीम की घोषणा कर दी है विश्व रग्बी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व रग्बी सेवेंस रेपेचेज में 12 पुरुष और 12 महिला टीमें पेरिस ओलंपिक में एक-एक अंतिम स्थान के लिए मुकाबला करेंगी।

ओन्यांगो ने सिन्हुआ से कहा, हमने अच्छी तैयारी की है और टीम पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम स्थान सुरक्षित करने के लिए जी-जान से खेलने के लिए तैयार है।

केन्या के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ओन्यांगो ने स्पष्ट किया कि ओलंपिक के लिए यह अंतिम




क्वालीफायर बहुत कठिन होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें क्या उम्मीद करनी है और हमारे लिए हर मैच फाइनल जैसा होगा।

युगांडा की पुरुष टीम को ब्रिटेन, कनाडा और चीन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। युगांडा की टीम की कप्तानी करने वाले इयान मुन्यानी ने सिन्हुआ से कहा कि उन्हें ग्रुप मैचों से ही बहुत कठिन मुकाबलों की उम्मीद है। मुन्यानी ने कहा, चीन सहित हमारे प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के पास अलग-अलग दृष्टिकोण हैं और हम उन्हें उसी तरह से संभालेंगे जैसे वे आएंगे। ओन्यांगो की टीम पिछले महीने म्यूनिख में वर्ल्ड रग्बी एचएसबीसी 7ह्य चैलेंजर सीरीज़ में एक निराशाजनक प्रदर्शन से वापसी की उम्मीद कर रही है, जहाँ वे छठे स्थान पर रहे थे ग्रुप बी की टीमों के अलावा, अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका, चिली, टोंगा, मैक्सिको, स्पेन, चीन का हांगकांग, पापुआ न्यू गिनी और ब्राज़ील हैं। महिला वर्ग में, हाल ही में एचएसबीसी सेवंस सीरीज में पदोन्नत हुई चीन को पसंदीदा माना जा रहा है, लेकिन चीन के हांगकांग, अर्जेंटीना, केन्या और युगांडा भी इस स्थान के लिए दावेदार हैं।

विश्व रग्बी सेवंस 2024 रेपेचेज के लिए युगांडा की पुरुष टीम इस प्रकार है-

इयान मुन्यानी (कप्तान), एलेक्स अटरिंडा, फिलिप वोकोरच, प्यूस ओजेना, टीमोथी मुगिशा, एलेन ओलंगा, करीम अरिनेट्यू, विलियम कोरे, रॉय किजिटो, एड्रियन कासिटो, टीमोथी किसिगा, नॉरबर्ट ओकेनी।

# चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन ने मुख्य कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ खत्म किया करार

**एजेंसी**
**बीजिंग।** चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) ने कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। सीबीए ने जोर्डजेविक की जगह गुओ शिकियांग को चीन की पुरुष बास्केटबॉल टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। जोर्डजेविक ने नवंबर 2022 में डु फेंग की जगह ली और हांगकांग, चीन में 2023 फीबा बास्केटबॉल विश्व कप एशियाई क्वालीफायर की छठी विंडो के दौरान चीन के मुख्य कोच के रूप में अपनी शुरुआत की।

सर्बिया के मूल निवासी जोर्डजेविक ने चीन को फीबा विश्व कप में पहुँचाया, लेकिन टीम मनीला में निराशाजनक 29वें स्थान पर रही और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। जोर्डजेविक की टीम को हांग्जो में एक और झटका लगा जब



एशियाई खेलों की चैंपियनशिप का बचाव करने की उनकी योजना विफल रही और टीम को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। प्रमुख प्रतियोगिताओं में चीन की लगातार विफलताओं के कारण जोर्डजेविक को आलोचना का सामना करना पड़ा है। सीबीए ने एक बयान में कहा, भविष्य के पुनर्निर्माण कार्य और चीनी पुरुष बास्केटबॉल टीम की वास्तविक प्रतियोगिता आवश्यकताओं के आधार पर, सीबीए ने जोर्डजेविक और उनके दल के साथ अपने मौजूदा सहयोग को समाप्त कर दिया है। जोर्डजेविक ने सोशल मीडिया पर चीनी बास्केटबॉल को अलविदा कहते हुए कहा, चीनी महासंघ और उन खूबसूरत लोगों के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता, जिनसे मैं मिला और जिनके साथ काम किया। मैं कोचों, याओ मिंग और उनकी टीम और निश्चित रूप से टीम और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। टीम चीन आगे बढ़ो - तुम्हारा सर्बियाई भाई तुम्हारा समर्थन करेगा! चीन इस ग्रीष्मकाल में 10 से अधिक मैत्रीपूर्ण मैच खेलेगा, जिसमें 5 से 10 जुलाई तक सैक्रामेंटो में होने वाली एनबीए समर लीग भी शामिल है।

## बीबीएल : मेलबर्न रेनेगेड्स के नए मुख्य कोच बने कैमरून व्हाइट

**एजेंसी**
**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान कैमरन व्हाइट को बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंजाइजी मेलबर्न रेनेगेड्स को मुख्य कोच नियुक्त किया गया गया है। व्हाइट ने डेविड सेकर की जगह ली है। उन्होंने क्लब के साथ तीन साल का करार किया है। 40 वर्षीय व्हाइट पहली बार मुख्य कोच के रूप में कार्य करेंगे, लेकिन पिछले दो सालों से वे सिडनी सिक्सर्स के बॉस ग्रेग शिपर्ड के अधीन काम कर रहे हैं और इससे पहले एडिलेड स्ट्राइकर्स में सहायक कोच थे।उन्हें रेनेगेड्स की टीम विरासत में मिली है, जिसमें सफेद गेंद की रन मशीन जेक फ्रेजर-मैकगर्क, सुपरस्टार स्पिनर एडम जाम्पा और नाथन लियोन तथा बहुमूल्य खिलाड़ी जोश ब्राउन शामिल हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में व्हाइट ने कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर और सफलता प्राप्त करने के मामले में यहां मेरी बहुत सारी शानदार यादें हैं, इसलिए कई सालों बाद रेनेगेड्स के साथ फिर से जुड़ना रोमांचकारी है। इस खेल समूह के साथ काम करने का विचार - जिसमें कुछ बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी हैं, वास्तव में रोमांचक है। मैं वास्तव में कोच के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। एक खिलाड़ी के रूप में, व्हाइट ने तीनों प्रारूपों में 142 बार ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें व्हाइट-बॉल टीमों में मध्य-क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनके योगदान के लिए जाना जाता था। उनका टेस्ट करियर 2008 के भारत दौरे पर चार प्रदर्शनों तक सीमित था, व्हाइट ने छह बार टी-20आई टीम की कप्तानी की और 2011 में एक बार एकदिवसीय टीम की कप्तानी की।वह 2009 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया टीम के सदस्य भी थे। घरेलू स्तर पर, व्हाइट ने 2019 में रेनेगेड्स की एकमात्र बीबीएल चैंपियनशिप के दौरान खेला।

विक्टोरिया के सबसे लंबे समय तक शेफ़ील्ड शील्ड कप्तान रहे, व्हाइट ने 2000-2001 की गर्मियों में एक किशोर के रूप में अपने पदार्पण और 2019 में अपने अंतिम मैच के बीच 7000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## लापरवाह अधिकारियों पर गिरने लगी गाज

### सीएम योगी के जीरो टॉलरेंस नीति के आधार पर विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः भ्रष्टा**चार और कार्य में लापरवाही के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में चकबंदी विभाग ने दो जिलों के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। शासन द्वारा मीरजापुर और बांदा के चकबंदी अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। वहीं मैनपुरी में भी चकबंदी से जुड़े आधा दर्जन अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। प्रदेश के चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बांदा और मीरजापुर के दोनों चंकबंदी अधिकारियों निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। बताया गया कि बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूर्ण न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने तथा ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने आदि अनियमितताओं के लिये चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। इसी प्रकार मीरजापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत मनमाने तौर पर बिना जांच चार बार पृथक-पृथक आदेश पारित कर पद का दुरुप्रयोग किये जाने एवं बाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज का सम्यक परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश दिनांक पारित करने के लिये चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मोहम्मद साजिद, चकबंदी कर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई है।



### फेशियल बायोमीट्रिक्स से लगेगी लाइव अटेंडेंस

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में कार्यरत योगी सरकार प्रदेश में एजुकेशनल फ्रेमवर्क के उच्चीकरण और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी युक्त बनाने की दिशा में दो रहे प्रयासों में तेजी लाई है। इसी का परिणाम है कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बड़े टेक्नोलॉजिकल अपडेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस टेक्नोलॉजिकल अपडेशन के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की लाइव अटेंडेंस उनके फेशियल बायोमीट्रिक्स से लगेगी। साथ ही, रेगुलर सेमेस्टर परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता व शुचिता के साथ पूर्ण कराने के लिए लाइव सीसीटीवी कवरेज को लेकर कार्य प्रारंभ हो गया है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना के जरिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बड़े टेक्नोलॉजिकल अपडेशन के फ्रेमवर्क को तय किया गया था, जिसको क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को यह कार्यभार सौंपा गया है।

**यूपीडेस्को को सौंपी गई है जिम्मेदारी:** यूपीडेस्को में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को मिलेगा सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर बनने का मौका मिलेगा जिसे कार्यावंटन के बाद 60 दिन के भीतर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना तथा स्टूडेंट्स-स्टाफ के बायोमीट्रिक्स का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक्सेस योग्य बनाने जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा।

## उप्र की योगी सरकार ने छोटी गंडक नदी को किया पुनर्जीवित

**पुनर्जीवन**

▸▸ मृतप्राय हो चुकी नदियों को पुनर्जीवन देने में जोरशोर से जुटी है योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रही नदियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पुनर्जीवित करने में जुटी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का प्रयास छोटी गंडक नदी को लेकर फलीभूत होता दिख रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा गोर्रा नदी के ढाल को कम करके ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी में निरंतर प्रवाह बनाकर गोरखपुर जिले के 27 और देवरिया जिले के 6 गावों सहित कुल 33 गांव की लगभग 60 हजार की आबादी तथा पशु, पक्षियों को लाभान्वित किया गया है। योगी सरकार प्रदेश में मृतप्राय हो चुकी नदियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेज गति से कदम बढ़ा रही है। इस क्रम में गाजियाबाद की हिंडन, मुरादाबाद की रामगंगा और वाराणसी की असि नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। लखनऊ में कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने हाल ही में कड़ा कदम उठाते हुए अवैध निमार्णों को ध्वस्त कराने का कार्य किया है। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सिंचाई विभाग ने छोटी गंडक नदी को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास किए, जिसके क्रम में नदी के सेक्शन की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया गया है। नदी को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया के दौरान ही भूजल स्तर नदी में आने लगा और सिंचाई विभाग द्वारा की गई पहल कारगर एवं सफल साबित हुई है। मंत्री सिंह के मुताबिक छोटी गंडक एक घुमावदार भूजल आधारित नदी है।

## फास्ट न्यूज

### उपचुनाव के लिए तृणमूल ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल ने रायगंज सीट से कृष्णा कल्याणी और रानाघाट-दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से मुकुट मणि अधिकारी को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के पूर्व विधायक (दिवंगत) साधन पांडे की पत्नी सुप्ति पांडे को कोलकाता की मानिकतला सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मधुपर्णा ठाकुर को मतुआ बहुल बागदा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। रायगंज और रानाघाट विधानसभा सीट भाजपा विधायकों कल्याणी और अधिकारी के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से रिक्त हुई थी। दोनों ही लोकसभा चुनाव में तृणमूल के उम्मीदवार थे लेकिन चुनाव हार गए। मानिकतला सीट 2022 में साधन पांडे के निधन से खाली हुई थी। बागदा से भाजपा विधायक रहे विश्वजीत दास तृणमूल में शामिल हो गए थे इसलिए वहां भी चुनाव हो रहा है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने उपचुनाव के लिए 55 कंपनी केंद्रीय बलों की तैनाती की है।

### दो विदेशी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली। दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों अफ्रीकी मूल के नागरिक हैं, जिनकी पहचान मैरिएन कोन (29) और ओनेकाची ऊर्फ किंग (37) रूप में की गई है। इनके पास से 5 .951 किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। दक्षिणी रेंज एवं नारको टेरर के डीसीपी (स्पेशल सेल) अमित कौशिक के मुताबिक, दिल्ली/एनसीआर से देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अफ्रीकी मूल के कई लोगों के दिल्ली में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी वेद प्रकाश की निगरानी में कार्टेल का पदार्फाश करने की योजना बनाई गई और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिपाल पुर में पेट्रोल पंप के पास ट्रैप लगाया गया।

## बारिश में जयपुर की सड़कें दरिया बनना तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर:** प्रदेश में मानसून की एंट्री होने वाली है। ऐसे में जयपुर शहर की सड़कें दरिया बनना तय है। इसकी वजह भी साफ है कि अभी तक नगर निगम नालों की सफाई नहीं कर पाया है। मौसम विभाग ने इस बार प्रदेश में सामान्य से अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है। मानसून से पहले हेरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर ने शुक्रवार को शहर में चल रही नालों की सफाई का औचक निरीक्षण किया। नालों को पूरी तरह से साफ न देखकर मेयर नाराज हुई और अधिकारियों को फटकार लगाई। शुक्रवार को महापौर ने अलसुबह सात बजे से अपना दौरा शुरू किया। महापौर के साथ में हेरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित चारों जोन के एक्सईएन, जेईएन और निगम मुख्यालय के अधिकारी भी साथ रहे। महापौर ने चांदी की टकसाल, सुभाष चोक, ब्रह्मपुरी, कागदीवाडा, रामगढ़ मोड, काले हनुमान जी, तमिल कॉलोनी, गुर्जर घाटी, जलमहल, नागतलाई, आरएसी कॉलोनी, पहाडगंज इलाके में नालों की सफाई का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर नालों में सफाई को लेकर मुनेश गुर्जर संतुष्ट हुई तो कुछ जगहों पर नाले पूरी तरह से साफ नहीं होने पर नाराजगी भी जताई। अधिकारियों से नाले पूरे साफ नहीं होने पर उन्होंने लगातार सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर मुनेश गुर्जर ने सबसे पहले आमेर रोड पर रेनबो रेस्टोरेंट के पास नाले का निरीक्षण किया।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बीएसएफ के 154वें सम्मलेन का प्रतिनिधित्व करते हुए।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय अब देगा रोजगारोन्मुखी शिक्षा



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्किल इंडिया विजन के तहत इलाहाबाद विश्वविद्यालय अब विद्यार्थियों के साथ आम लोगों को भी रोजगार आधारित शिक्षा प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की प्रेरणा से पंद्रह सप्ताह के कुल 18 कौशल आधारित सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें सुसंस्कारित कर एक बेहतरीन इंसान बनाना भी लक्ष्य है। खास बात यह है कि इन कोर्सां में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही कोई भी व्यक्ति दाखिला ले सकता है। प्रवेश के लिए न उम्र की सीमा है और न ही प्रतिदिन विश्वविद्यालय आने की बाध्यता। विद्यार्थी ऑनलाइन ही पाठ्यक्रम पूरा कर सकेगा। सभी पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के आधार पर विकसित किया गया है। इविवि की जनसम्पर्क अधिकारी प्रो जया कपूर के मुताबिक सर्टिफिकेट प्रोग्राम में भारतीय संस्कृति और विरासत (इंडियन कल्चर एंड हैरिटेज), कम्प्यूटर अनुप्रयोग (कंप्यूटर अप्लीकेशन), बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स (बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस), विज्ञान और प्रौद्योगिकी में खोजें (डिस्कवरीज इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी), विदेशी भाषाएं : फ्रेंच, जर्मन, मंदारिन, रूसी (फॉरेंन लैंग्वेज : फ्रेंच, जर्मन, मंदारिन एंड रसियन), भारतीय संविधान के मूल सिद्धांत (बेसिक प्रिंसिपल्स ऑफ इंडियन कांस्टीट्यूशन), भारतीय इतिहास का परिचय (इंट्रोडक्शन टू इंडियन हिस्ट्री), वित्तीय निवेश रणनीतियां (फिनेंशियल इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजीज), संगीत (सितार), संगीत (तबला), औषधीय पौधे (मेडिसिनल प्लांट), स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और योग (हेल्थ, हाइजीन, न्यूट्रीशन एंड योगा) आदि होगा।

**रोजगार**

▸▸ आम लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें सुसंस्कारित कर एक बेहतरीन इंसान बनाना भी लक्ष्य है।

## चारधाम यात्रा : आस्था और उत्साह चरम पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: उत्तराखंड** में दस मई से शुरू हुई विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। चारों धामों में रोजाना तीर्थयात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 22 लाख के करीब पहुंच गया है। इन दिनों करीब 35 हजार श्रद्धालु रोजाना दर्शन कर रहे हैं।

बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई को शुरू हुई थी। धाम में अब तक 559573 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री धाम में अब तक 388475, गंगोत्री धाम में 390690 तो केदारनाथ में सबसे अधिक 839486 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने चारधाम यात्रियों को सलाह दी है कि अगर बुजुर्ग अथवा बीमार श्रद्धालु तीर्थयात्रा पर आ रहे हैं तो वे अपना खास ख्याल रखें। बुजुर्ग यात्री यात्रा पड़ावों पर रुक-रुककर धाम तक पहुंचे। दरअसल, मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा धाम में ठंड ज्यादा है और ऑक्सीजन की कमी है। अधिकांश श्रद्धालु इस वातावरण को झेल नहीं पाते हैं। तीर्थयात्रियों को पड़ावों पर रुक-रुककर धाम तक पहुंचना चाहिए। यदि किसी तीर्थ यात्री को सांस लेने में तकलीफ होती हो तो यात्रा के पड़ाव पर जगह-जगह स्क्रीनिंग की व्यवस्था है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ पर्याप्त मात्रा में औषधि व जीवनरक्षक दवाएं भी उपलब्ध हैं।




**यात्रा चरम पर**

▸▸ दर्शन करने वाले का आंकड़ा 22 लाख के करीब पहुंच गया है। करीब 35 हजार श्रद्धालु रोजाना दर्शन कर रहे

### ट्रेलर में लगी आग, चालक जिंदा जला

**जोधपुर:** जिले के बिलाड़ा- भावी बाइपास रोड पर शुक्रवार की सुबह सडक किनारे खड़े पानी के टैंकर में पीछे से एक ट्रेलर चालक गाड़ी लेकर घुस गया। हादसे के बाद ट्रेलर में आग लग गई और उसका चालक जिंदा जल गया। हादसे की सूचना पर बिलाड़ा पुलिस वहां पहुंची। आग से ट्रेलर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। वहीं पानी टैंकर चालक भी चोटिल हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रैफर कर दिया गया। बिलाड़ा थाने के सबइंस्पेक्टर भंवरलाल ने बताया कि भावी बिलाड़ा बाइपास रोड पर लगे पेड़ पौधों का आज सुबह एक टैंकर पानी चालक द्वारा पानी पिलाया जा रहा था।

## बर्ड फ्लू का साक्ष्य नहीं, आराम से खाएं पोल्ट्री प्रोडक्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता: पश्चिम** बंगाल के विभिन्न हिस्सों से पोल्ट्री पक्षियों के किसी भी नमूने में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम ने कहा कि राज्य सरकार पोल्ट्री उत्पादों के उपयोग पर फिलहाल किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाने नहीं जा रही है। पश्चिम बंगाल में स्थिति सामान्य है और चिंता की कोई बात नहीं है। सक्रिय इन्फ्लूएंजा की जांच-पड़ताल में एक भी व्यक्ति वायरस प्रभावित नहीं पाया गया। बीमारी का मानव-से-मानव संक्रमण नहीं हुआ है। स्वास्थ्य विभाग चिकन, अंडे जैसे पोल्ट्री उत्पादों के उपभोग पर प्रतिबंध लगाने के बारे में कोई सलाह जारी नहीं कर रहा है। निगम ने बताया कि राज्य द्वारा संचालित बेलगछिया पशु स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा जैविक संस्थान में पश्चिम बंगाल के विभिन्न भागों से वर्षभर में एकत्र किए गए कुल 30 हजार नमूनों का परीक्षण किया जाता है। तीस प्रतिशत नमूनों को भोपाल स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में पुनः परीक्षण के लिए भेजा जाता है।

### सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश

**उज्जैन:** उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही । इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं। उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं।

## उफ! ये गर्मी... पहाड़ से मैदान तक गर्मी की मार

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः** राजधानी देहरादून समेत राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में इन दिनों लू की स्थिति बनी हुई है। 18 जून तक राज्य में ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों की घाटियों में लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की है। राज्य के शेष जिले भी लू की चपेट में रहेंगे। इससे जनजीवन प्रभावित रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह का यह भी पूर्वानुमान है कि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली,



बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश, आंधी-तूफान आने की संभावना है। राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राज्य के मैदानी इलाकों में सतही हवाएं और तेज (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है। कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना है।

**मैदानी क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप:** उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान फिर 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। साथ ही गर्म हवाओं के थपेड़े बेहाल कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा राहत दे रही है। हालांकि, प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क है और चटख धूप खिल रही है।

**येलो अलर्ट**

▸▸ लू के थपेड़ों ने किया बेहाल, अगले कुछ दिन राहत के आसार नहीं, मौसम विभाग का येलो अलर्ट

**टैरिफ**

### घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत देने 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी

## बिजली कंपनियों को 24 हजार की सब्सिडी देने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपालः प्रदेश के** घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रुपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी। राज्य शासन के निर्णयानुसार फ्लैट दर पर 10 हार्सपावर तक की क्षमता वाले स्थायी कृषि उपभोक्ताओं से मात्र 750 रुपए प्रति हार्सपावर प्रति वर्ष लिये जाने के एवज में 11 हजार 943 करोड़ 98 लाख रुपये की सब्सिडी दी जायेगी। इसी तरह प्लेट दर पर 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता से स्थाई कृषि उपभोक्ताओं से 1500 रुपये प्रति हार्सपावर प्रति वर्ष लिये जाने की एवज में 969 करोड़ 31 लाख रुपये, 10 हार्सपावर तक की क्षमता वाले मीटर युक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिये 50 करोड़ 63 लाख, 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता वाले मीटर युक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिये 3 करोड़ 22 लाख, अस्थाई कृषि पंप संयोजन के लिये 371 करोड़ 49 लाख रुपये, एक हेक्टेयर तक की भूमि वाले 5 हार्सपावर तक के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं को निःशुल्क विद्युत प्रदाय के लिये 5009 करोड़ 73 लाख रुपये, अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 150 यूनिट तक की मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं

को प्रथम 100 यूनिट की मासिक खपत पर अधिकतम 100 रुपये के बिल अनुसार बिजली देने के एवज में 5866 करोड़ 26 लाख रुपये, अटल गृह ज्योति योजना में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के घरेलू उपभोक्ताओं को केवल 25 रुपये प्रति माह की दर से 30 यूनिट 190 पैसे प्रति यूनिट की छूट देने के लिये 205 करोड़ 10 लाख रुपये की सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है।



## दिल्ली एम्स शिफ्ट किये जाएंगे झुलसे चार वनकर्मी: सीएम धामी

**टीम एक्शन इंडिया**
देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष निर्देश पर बिन्सर वन्यजीव विहार में वनाग्नि की चपेट में आकर झुलसे चार वन कर्मियों को एयर एंबुलेंस से दिल्ली शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह सीएम आवास में बैठक में इसके निर्देश दिए। गंभीर झुलसे वन कर्मी हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी बेस अस्पताल में भर्ती हैं। अब उन्हें दो एयर एम्बुलेंस से दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया जा रहा है। विगत दिवस बिन्सर वन्यजीव विहार में वन कर्मियों की बोलेरो गाड़ी वनाग्नि की चपेट में आ गई थी। इस हादसे में चार वनकर्मियों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि चार वनकर्मी झुलस गए थे जिन्हें एयर लिफ्ट कर हल्द्वानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन चारों वन कर्मियों को दो एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स में भर्ती कराने के निर्देश दिए हैं।



**निर्देश**

▸▸ मुख्यमंत्री गंभीर झुलसे वन कर्मी हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी बेस अस्पताल में भर्ती हैं